केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

14 वर्षो से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

जुबान और घोड़ा दोनों भागते बहुत है अगर दोनों को कंट्रोल ना किया जाए तो.. घोड़ा घुड़सवार को और जुबान बोलने वाले को गिरा देती है..।

वर्ष 14 अंक 55 | उज्जैन शुक्रवार 4 अगस्त 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

## न्यूज ब्रीफ

### लोकसभा चुनाव लड़ेगी सीमा हैदर, एनडीए के सहयोगी दल और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले की पार्टी ने दिया ऑफर

**नई दिल्ली/जीएनएस।** पाकिस्तान से अपने पबजी प्रेमी के लिए चार बच्चों को लेकर भारत पहुंची सीमा हैदर का नाम बच्चे-बच्चे के जुबान पर है। सीमा पर पाकिस्तानी जासूस तक के आरोप लगे, किसी ने प्यार की दीवानी कहा तो किसी ने कुछ्ज अब खबर आ रही है कि सीमा हैदर 2024 के लोकसभा चुनाव में सांसदी का चुनाव लड़ सकती है। रिपोर्ट है कि सीमा को एनडीए के सहयोगी दल और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले की पार्टी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया से ऑफर मिला है। यह जानकारी भी सामने आई है कि सीमा हैदर ने यह प्रपोजल स्वीकार कर लिया है। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मासूम किशोर ने जानकारी दी कि सीमा हैदर को पार्टी को तरफ से न्योता मिला है। सीमा हैदर को महिला संगठन का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। उनमें बोलने की अच्छी पकड़ है। इसलिए उन्हें पार्टी प्रवक्ता का पद भी दिया जा सकता है।

### अब अवैध खनन के आरोपों से घिरे बृजभूषण, जांच के लिए बनाया पैनल, दो महीने में देनी होगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली/जीएनएस।** महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों से घिरे भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह एक और मुसीबत में फंसते दिख रहे हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश के गोंडा जिला के कुछ गांवों में बृजभूषण सिंह द्वारा अवैध खनन का दावा करने वाली याचिका पर तथ्यात्मक स्थिति को सत्यापित करने और उचित उपचारात्मक कार्रवाई करने के लिए एक पैनल का गठन किया है। याचिका में आरोप लगाया गया कि कैसरगंज से सांसद बृजभूषण सिंह द्वारा जिला के तरबगंज तहसील के माझारथ, जैतपुर और नवाबगंज गांवों में अवैध खनन किया जा रहा था।एनजीटी ने उनके खिलाफ एक संयुक्त समिति का गठन किया है, जिसमें पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला मजिस्ट्रेट, गोंडा शामिल हैं। पैनल को दो महीने में रिपोर्ट देनी होगी।

### चीन में बच्चे सिर्फ दो घंटे चला सकेंगे मोबाइल, फोन इस्तेमाल करने की तय हो लिमिट

**बीजिंग/जीएनएस।** अब मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना आम बात है। ऐसे में बच्चों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक लगा पाना भी किसी चुनौती से कम नहीं है, लेकिन चीन अब बच्चों के मोबाइल इस्तेमाल को सीमित करने जा रहा है। दरअसल, चीन की साइबर रेग्युलेटर संस्था ने सिफारिश की है कि 18 साल से कम आयु के बच्चों के लिए फोन इस्तेमाल करने की लिमिट तय की जानी चाहिए। रेग्युलेटर ने दो घंटे की लिमिट तय करने का सुझाव दिया है। साइबरस्पेस एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ चाइना का कहना है कि दिन भर में बच्चों को दो घंटे ही फोन इस्तेमाल करने की परमिशन मिले। इससे वे स्वस्थ रहेंगे और वक्त की बर्बादी को भी रोका जा सकेगा। माना जा रहा है कि इसके बाद सरकार कोई नियम बना सकती है। स्वास्थ्य और शिक्षा के लिहाज से भले ही यह फैसला बच्चों के हित में हो, लेकिन इंटरनेट और टेक कंपनियों के लिए यह घाटे का सौदा है। एजेंसी की सिफारिश है कि बच्चों और किशोरों के पास रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक फोन नहीं रहना चाहिए। इसके अलावा उनके लिए इस्तेमाल की लिमिट भी दो घंटे की तय होनी चाहिए। इस लिमिट में भी कैटेगराइजेशन का सुझाव दिया गया है। इसके तहत 16 से 18 साल के युवाओं को दो घंटे की परमिशन दी जाए। 8 से 16 साल के बच्चों को एक घंटे की परमिशन मिले और उससे भी छोटे बच्चों को महज आठ मिनट के लिए ही फोन इस्तेमाल करने दिया जाए।

# भारत को समग्र विकास के उत्कर्ष तक ले जाएँ - राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

## राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने रवीन्द्र भवन में उत्कर्ष और उन्मेष उत्सव का शुभारंभ किया

**»»»मध्यप्रदेश में समृद्ध जनजातीय विरासत»»»मध्यप्रदेश में हुई मेरी सर्वाधिक यात्राएँ»»»राष्ट्रप्रेम और विश्व बंधुत्व हमारे देश की चिंतन धारा»»»साहित्य का सत्य हमेशा इतिहास के सत्य से ऊपर»»»संस्कृतियों के समन्वय और आपसी समझ में साहित्य और कला का महत्वपूर्ण योगदान»»»जनजातीय समाज की उन्नति भारत को विकसित राष्ट्र बनाएगी»»»उन्मेष और उत्कर्ष भारत की विभिन्न परंपराओं को जोड़ने का प्रयास - राज्यपाल श्री पटेल»»» साहित्य, संगीत और कला ही, मन, बुद्धि और आत्मा का सुख प्रदान करते हैं - मुख्यमंत्री श्री चौहान**



**भोपाल /दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि मध्यप्रदेश की जनजातीय विरासत अत्यंत समृद्ध है। यहां सर्वाधिक जनजातियाँ निवास करती है। हमारे सामूहिक प्रयास होने चाहिए कि हम अपनी संस्कृति, लोकाचार, रीति-रिवाज और प्राकृतिक परिवेश को सुरक्षित रखते हुए जनजातीय समुदाय के आधुनिक विकास में भागीदार बनें। नव उन्मेष से संयुक्त प्रतिभाएँ भारत को समग्र विकास के उत्कर्ष तक ले जायें। उन्मेष और उत्कर्ष जैसे आयोजन इस दिशा में तर्क संगत भी हैं और भाव संगत भी। ऐसा आयोजन एक सशक्त कल्चरल ईको सिस्टम का निर्माण करेगा। इसमें मध्यप्रदेश शासन का सक्रिय सहयोग सराहनीय है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद मेरी सर्वाधिक यात्राएँ मध्यप्रदेश में हुई हैं। मैं आज पाँचवीं बार मध्यप्रदेश की यात्रा पर आई हूँ। मैं मध्यप्रदेश के 8 करोड़ निवासियों को यहाँ मेरे आत्मीय स्वागत के लिए धन्यवाद देती हूँ।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु रवीन्द्र भवन में उत्कर्ष और उन्मेष उत्सव के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रही थीं। केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय अंतर्गत संगीत नाटक अकादमी और साहित्य अकादमी द्वारा संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से भोपाल में पहली बार 3 से 5 अगस्त तक भारत की लोक एवं जनजाति अभिव्यक्तियों के राष्ट्रीय उत्सव उत्कर्ष एवं उन्मेष का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने दीप प्रज्वलन कर उत्सव का विधिवत शुभारंभ किया।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि राष्ट्रप्रेम और विश्व बंधुत्व हमारे देश की चिंतन धारा में सदैव रहे हैं। प्राचीन काल से हमारी परंपरा कहती है यत्र विश्व भवति एकनीडम। पूरा विश्व एक परिवार है। इस बार भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है और उसका आदर्श वाक्य वन अर्थ, वन फेमिली एवं वन फ्यूचर इसी भावना की अभिव्यक्ति है। यही भावना महाकवि जयशंकर प्रसाद की कविता में प्रतिबिंबित होती है- अरूण यह मधुमय देश हमारा, जहाँ पहुँच अंजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।

राष्ट्रपति ने कहा कि साहित्य का सत्य हमेशा इतिहास के सत्य से ऊपर होता है। कवि वर रविन्द्रनाथ टैगोर और महर्षि नारद की रचनाओं में यह स्पष्ट है। साहित्य मानवता का आइना है, इसे बचाता है और आगे भी बढ़ाता है। साहित्य और कला संवेदनशीलता, करूणा और मनुष्यता को बचाती है। साहित्य और कला को समर्पित यह आयोजन सार्थक और सराहनीय है।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि विश्व आज गंभीर चुनौतियों से गुजर रहा है। विभिन्न संस्कृतियों में समन्वय और आपसी समझ विकसित करने में साहित्य और कला का महत्वपूर्ण योगदान है। साहित्य वैश्विक समुदाय को शक्ति प्रदान करता है। साहित्य की कालातीत श्रेष्ठता से हर व्यक्ति परिचित है। विलियम शेक्सपियर की अमर कृतियाँ आज भी इसका प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य आपस में जुड़ता भी और जोड़ता भी है। मैं और मेरा से ऊपर उठकर रचा गया साहित्य और कला सार्थक होते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की भाषाएँ और बोलियाँ मेरी है। विभिन्न भाषाओं में रचनाओं का अनुवाद भारतीय साहित्य को और समृद्ध करेगा। पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल विहारी वाजपेयी का संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने का प्रयास अत्यंत सराहनीय था।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि उन्मेष का अर्थ आँखों का खुलना और फूल का खिलना है। यह प्रज्ञा का प्रकाश और जागरण है। 19वीं शताब्दी में नव-जागरण की धाराएँ 20वीं सदीं के पूर्वार्द्ध तक प्रवहमान रहीं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वधीनता और पुनर्जागरण के आदर्शों को साहित्यकारों ने बखूबी अभिव्यक्त किया। उस समय का साहित्य देशभक्ति की भावना की अमर अभिव्यक्ति है। उस समय के साहित्य ने मातृभूमि को देवत्व प्रदान किया। भारत का हर पत्थर शालिग्राम बना। बंकिमचन्द्र चटर्जी, सुब्रमण्यम् जैसे महान साहित्यकारों की रचनाओं का जन-मानस पर गहरा प्रभाव रहा।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि ÷उत्कर्ष÷ जनजातीय समाज की उन्नति का उत्सव है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि जिस दिन भारत का जनजातीय समाज उन्नत हो जाएगा, उस दिन भारत विश्व में विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित हो जाएगा। भारत में 700 से अधिक जनजातीय समुदाय हैं और इससे लगभग दो गुना उनकी भाषाएँ हैं। आज जब भारत का अमृत काल चल रहा है, तो हमारा यह दायित्व है कि जनजातीय भाषा और संस्कृति जीवित और विकसित होकर रहे।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के भोपाल आगमन पर उनका स्वागत और अभिनंदन किया और कहा कि भारत की हृदय स्थली मध्यप्रदेश में विभिन्न संस्कृतियाँ, 21 प्रतिशत जनजातीय आबादी के साथ अनेकता में एकता के सूत्र से बनी माला के मनकों के समान एक साथ, एकजुट होकर रह रही हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के आगमन से उन्मेष और उत्कर्ष के आयोजन की गरिमा बढ़ी है, समस्त प्रदेशवासी गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध भोपाल में दोनों कार्यक्रम का आयोजन, साहित्य एवं कला-प्रेमियों के लिए निश्चित रूप से परम आनंद का विषय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि 15 देशों के 550 से अधिक विभिन्न भाषाओं के रचनाकारों की 75 से अधिक कार्यक्रमों में सहभागिता का यह उत्सव, कला और संस्कृति की सभी परंपराओं के सामंजस्य का उत्सव बनेगा।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि उन्मेष के दौरान जनजातीय कवि-लेखक सम्मेलन, भारत एट सेवन्टी पर कविता पाठ और मध्यप्रदेश के गीत के सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। उन्मेष और उत्कर्ष भारत की विभिन्न परंपराओं को जोड़ने का प्रयास है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ÷एक भारत-श्रेष्ठ भारत÷ के विचार को सफल बनाने की सार्थक और सराहनीय पहल है। भारत दुनिया का ऐसा अद्भुत देश है, जहाँ से विश्व के समस्त ज्ञान-विज्ञान और दर्शन की विभिन्न धाराएँ विश्व में प्रवाहमान हुई हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनि और संत-परंपरा ने अपने अनुभव-अनुभूति साधना के ज्ञान को मानवता के कल्याण पथ के आलोकन में समर्पित किया है। इसीलिए उनकी रचनाएँ देश-काल की सीमाओं से परे आज भी प्रासंगिक है। कलात्मकता की शक्ति अद्भुत होती है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विचार-भावना और आत्म-शक्ति के समन्वय से ही रचना का सृजन होता है। इसके लिए किसी साधन-संसाधन की आवश्यकता नहीं होती। इसका जीवंत प्रतिरूप जनजातीय समुदाय की कलात्मकता है, जिसकी कला, रचना-कौशल, संगीत और नृत्य, काल की सीमाओं से परे अमिट मूल्यों, मौलिक सादगी और गहन अनुभूति का अद्भुत आभास कराते हैं। भारत की भाषाई, भौगोलिक विविधताओं के उदार मिश्रण ने श्रेष्ठतम साहित्य का निर्माण किया, जिसकी बानगी, अनूठी और अप्रतिम विविधता है। डिजिटल क्रांति के दौर में उत्कर्ष का आयोजन संस्कृति, कला, साहित्य और भाषा के सृजनकारों के बीच वैश्विक विमर्श और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में सहयोगी होगा। भारत की प्राचीन सूक्ति ÷वसुधैव कुटुंबकम÷ की प्रामाणिकता के साथ भारत की एकता और श्रेष्ठता को विश्व में स्था?पि?त करने में यह आयोजन सफल होगा। राज्यपाल श्री पटेल ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय साहित्य, लोक एवं जनजातीय अभिव्यक्तियों के सफल अनूठे आयोजन के लिए संस्कृति मंत्रालय, साहित्य अकादमी तथा संगीत नाटक अकादमी को बधाई दी।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश का सौभाग्य है कि हमें अंतर्राष्ट्रीय साहित्य उत्सव %उन्मेष% और लोक एवं जनजातीय अभिव्यक्तियों के उत्सव %उत्कर्ष% जैसे भव्य और गरिमामय आयोजन की मेजबानी का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भारत अत्यंत प्राचीन और महान राष्ट्र है। भारत वह भूमि है, जिसने वसुधैव कुटुम्बकम, सर्वे भवन्तु सुखिन¬, सर्वे भवन्तु निरामय¬ अर्थात सभी सुखी हों और सबके निरोग रहने का संदेश दिया। रोटी, कपड़ा और मकान के साथ-साथ व्यक्ति के सुख के लिए मन, बुद्धि और आत्मा का सुख भी आवश्यक है। मनुष्य को यह सुख अगर कोई देता है, तो वह साहित्य, संगीत और कला ही है। आज बड़ी संख्या में गणमान्य साहित्यकार, कलाकार और संगीतकारों ने यहाँ अपनी उपस्थिति से शोभा बढ़ाई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एक तरफ वैभवशाली, गौरवशाली, सम्पन्न और शक्तिशाली भारत का निर्माण कर रहे हैं और दूसरी तरफ हमारी कला, संस्कृति, परम्पराओं, साहित्य, जीवन मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी निरंतर प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुझे विश्वास है कि साहित्य, कला और संगीत में दुनिया को एक बनाए रखने का सामर्थ्य है। भौतिकता की अग्नि में दग्ध मानवता को शाश्वत शांति का दिग्दर्शन कला, संगीत और साहित्य ही कराएंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु की स्वच्छता के लिए प्रतिबद्धता से देश उत्साह के साथ प्रेरणा प्राप्त करता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परम्पराओं में आस्था से उनके प्रति आदर और सम्मान का भाव उत्पन्न होता है और देश अपने मूल्यों को याद करता है। श्री मोदी की पहल से ही %उन्मेष% और %उत्कृष% जैसे नवाचार सामने आते हैं। हमारे यहाँ बहुत सी भाषाएँ और बोलियों के होते हुए भी देश में मूलभूत एकता है। हमारे साहित्यकार, कलाकार, संगीतज्ञों को ऐसे आयोजनों से अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। ऐसे आयोजन विश्व को एकसूत्र में बांधने में समर्थ और सक्षम हैं।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश प्राचीनकाल से कला और संस्कृति की संगम-स्थली रहा है। यहाँ कला, संस्कृति और वैभवपूर्ण अतीत तथा समृद्धशाली वर्तमान है। यह साहित्यकारों की कर्मभूमि और कलाकारों की तीर्थ भूमि रही है। भीमबैठका, बाघ, नचनाकुठार, खजुराहो इसके सजीव और साक्षात प्रमाण हैं। प्रदेश में कला और संस्कृति के राजाश्रय की प्राचीन परम्परा रही है। राजा भोज हों या माता देवी अहिल्याबाई हों, उन्होंने साहित्य और संगीत के संरक्षण में अपना जीवन समर्पित किया।

## सांसदों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजय मंत्र, कहा विपक्ष उकसाए तो संयम रखना



**नई दिल्ली/जीएनएस।** भाजपा ने अगले साल जीत की हैट्रिक लगाने के उद्देश्य से तैयारियों को तेज कर दिया है। 2024 के चुनावों से पहले खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ताधारी सांसदों से एक-एक कर मुलाकात कर रहे हैं। पीएम मोदी ने सांसदों को जीत के मंत्रों की एक लिस्ट दी है। इसमें से एक मंत्र यह है कि सत्ता पक्ष के सांसदों को विपक्ष के उकसावे की स्थिति में भी अपने भाषण पर संयम रखना है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सांसदों के छोटे समूहों के साथ अपनी बैठकें जारी रखते हुए प्रधानमंत्री ने विभिन्न राज्यों के 45 से अधिक संसद सदस्यों के एक समूह को संबोधित किया। उन्होंने सांसदों से गरीबों के लिए काम करने का आग्रह किया और मुफ्त की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विपक्ष पर भी हमला बोला। रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव में गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए सांसद क्या कर सकते हैं, इस पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने उनसे अपने भाषण में संयम बरतने का आह्वान किया। बीजेपी के एक सूत्र ने पीएम के हवाले से कहा कि विपक्ष भडक़ाएगा, लेकिन अपने भाषण पर नियंत्रण रखें, ताकि विवाद की कोई संभावना न हो। उन्होंने सांसदों से तथ्यों के आधार पर नवगठित विपक्षी गठबंधन, भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) का सामना करने और दक्षिण भारत के राज्यों पर अपना ध्यान बढ़ाने के लिए कहा, जहां अतीत में एनडीए ने उतनी सीटें नहीं जीती हैं जितनी उसे उम्मीद थी। प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा किए गए कार्यों को बढ़ावा देने और प्रचार करने की आवश्यकता पर जोर दिया।उन्होंने सांसदों से अपने-अपने लोकसभा क्षेत्रों में लोगों से संपर्क बढ़ाते हुए गरीबों और समाज के सभी वर्गों के लिए काम करने को कहा। पीएम मोदी ने पहले उत्तर प्रदेश के मध्य और पूर्वी क्षेत्रों के 45 से अधिक सांसदों की एक बैठक को संबोधित किया और फिर दक्षिणी राज्यों के सांसदों के एक अन्य समूह से बात की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजग सांसदों को अलग-अलग क्षेत्रों के 11 समूहों में बांटा है और उम्मीद है कि प्रधानमंत्री उन सभी को संबोधित करेंगे। उन्होंने सोमवार को दो समूहों के सांसदों से बात की थी।

## संसद में दिल्ली सेवा बिल पर तीखी बहस, महाभारत का जिक्र, भाजपा सांसद ने केजरीवाल की तुलना दुर्योधन से की

**नई दिल्ली/जीएनएस।** दिल्ली सेवा विधेयक पर गुरुवार को लोकसभा में चर्चा के दौरान पक्ष और विपक्ष की ओर से गरमा-गरम बहस हुई। गृहमंत्री अमित शाह ने देश के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू की बातों की याद दिलाते हुए कांग्रेस को घेरा, तो दिल्ली के मुख्यमंत्री के बंगले का जिक्र करते हुए अरविंद केजरीवाल पर तंज कसा। वहीं कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देकर बिल का विरोध किया। इसके बाद चर्चा में हिस्सा लेते हुए भाजपा के दिल्ली से सांसद रमेश बिधूड़ी ने बेहद तीखे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए 'आप' सरकार पर निशाना साधा। महाभारत के श्लोक और किरदारों का जिक्र करते हुए बिधूड़ी ने केजरीवाल को दुर्योधन तक कह डाला। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली भारत का दर्पण है, जहां सभी देशों के दूतावास हैं, दुनियाभर से लोग आते हैं और इसे देखकर मानते हैं कि पूरा भारत ऐसा ही होगा। बिधूड़ी ने कहा कि इसलिए इस बिल को लाना आवश्यक था। बिधूड़ी ने महाभारत के श्लोक सुनाते हुए दिल्ली के सीएम को दुर्योधन बताया और दोनों में तुलना की। उन्होंने कहा कि महाभारत में



कहा गया है कि जब भी धरती पर अधर्म होगा मैं आगे आता हूं, सज्जन की रक्षा के लिए मैं आता हूं, दुष्टों के नाश के लिए आता हूं। दिल्ली में पिछले आठ साल से अधर्मी सरकार के अधर्म को समाप्त करने के लिए यह बिल लाया गया है।

### ओवैसी ने किया विरोध, सीएम केजरीवाल पर तंज

दिल्ली के अधिकारियों की ट्रांसफर और पोस्टिंग से जुड़े अध्यादेश की जगह लेने वाले विधेयक पर लोकसभा में चर्चा के दौरान एआईएमआईएम के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने इसका विरोध किया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी तंज कसा। सांसद ओवैसी ने कहा कि आप (अमित शाह) इस आदमी (अरविंद केजरीवाल) का विरोध क्यों कर रहे हैं। ये आपके जेनेटिक ही मॉडिफाइड प्रोडक्ट हैं। आपके थिंकटैंक से ही ये (केजरीवाल) निकले हैं। क्या गलत हो गया। मुझे हैरानी हो रही है। मुझे पता है कि वह आपका आदमी पहले भी रहे हैं और अभी भी है। विचारधारा की भी बात करें तो वह (केजरीवाल) भी आपके सबसे निकट है।

### मैं 45 वर्षों से विवाहित हूं; गुस्सा नहीं करता जगदीप धनखड़ की बात पर ठहाकों से गूंजा सदन

संसद के मानसून सत्र के 11वें दिन भी सदन की कार्यवाही हंगामेदार रही। मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की मांग पर अड़े विपक्षी सदस्यों के कारण राज्यसभा में जारी गतिरोध के बीच गुरुवार को सदन में उस समय हंसी की लहर दौड़ गई, जब सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वह 45 वर्ष से अधिक समय से विवाहित हैं और वह कभी गुस्सा नहीं होते। दरअसल, उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने आसन की अनुमति से अपनी बात रखते हुए कहा कि बुधवार को सभापति के साथ मुलाकात में उन्होंने मणिपुर संबंधी कार्यस्थगन नोटिस पर चर्चा कराने की विनती की थी, किंतु आप (धनखड़) जरा गुस्से में थे।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा की अध्यक्षता में जिला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र झाबुआ, भारत सरकार के सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों के लिए स्थापित सर्वसुविधाओं से युक्त एक सम्पूर्ण केन्द्र है, जिसमें उनके लिए पर्याप्त फिटमेन्ट, थैरेपी, शिक्षण प्रशिक्षण एवं सहायक व कृत्रिम अंग उपकरण वितरित करने की सम्पूर्ण सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जा रही है। शासन की मंशानुसार केन्द्र में एकल खिड़की के माध्यम से दिव्यांगों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।

बैठक में केन्द्र में विभिन्न रिक्त पदों पर नियुक्ति किये जाने, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र झाबुआ को Self Sustain बनाने, केन्द्र द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए शुल्क में आंशिक वृद्धी करने, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में बिजली की समुचित व्यवस्था हेतु जनरेटर की व्यवस्था, केन्द्र परिसर में सहायक उपकरण सुरक्षित रखने एवं दिव्यांगजनों को बैठने हेतु शेड निर्माण, निःशक्त बालक-बालिकाओं के लिए विभिन्न रोजगारोन्मुखी व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रारम्भ किए जाने एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण की व्यवस्था, केन्द्र के डे-केयर बालक-बालिकाओं के लिए संचालित वाहन को



पुनः प्रारम्भ किये जाने, राष्ट्रीय न्यास (National Trust) की योजनाओं का संचालन दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के माध्यम से संचालित करने हेतु प्रस्ताव, केन्द्र में पेयजल हेतु नलकूप की व्यवस्था, खेलकूद व्यायाम के संसाधन स्थापित करने के सम्बन्ध में सुझाव प्रस्तुत किये गए। कलेक्टर सुश्री हुड्डा द्वारा गैल द्वारा बिजली के लिए जनरेटर के स्थान पर सोलर पैनल स्थापित करने के स्वीकृति दी गई। सभी बिन्दुओ पर जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर एस.एस. मुजाल्दा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पी.एल. कुर्वे, अतिरिक्त सीईओ दिनेश वर्मा, सामाजिक न्याय एवं दिव्याग सशक्तिकरण विभाग सहायक संचालक पंकज सावले, महिला एवं बाल विकास अधिकारी राधू सिंह बघेल, दिव्याग पुनर्वास केन्द्र संचालक, सामाजिक कार्यकर्ता यशवंत भंडारी एवं गैल अधिकारी उपस्थित रहे।

## नारायण और कन्या मिडिल स्कूल का संयुक्त साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न

**बच्चो के उज्जवल भविष्य में साइकिल वितरण योजना शासन की महत्वपूर्ण धुरी - उपाध्यक्ष सोलंकी**



**आलोट/ राकेश चोहान/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासन की महत्वपूर्ण योजना निशुल्क साइकिल वितरण अंतर्गत विकासखंड आलोट के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय नारायण मिडिल स्कूल और शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय आलोट का संयुक्त साइकिल वितरण कार्यक्रम नारायण मिडिल स्कूल परिसर में संपन्न हुआ

इस कार्यक्रम में अध्यक्षता के रूप में महेंद्र सिंह सोलंकी विक्रमगढ़ उपाध्यक्ष और शिक्षा समिति अध्यक्ष नगर परिषद आलोट मुख्य अतिथि श्रीमती नीलम जितेंद्र सिंह सोलंकी एडवोकेट और और पूर्व जनपद प्रतिनिधि द्वारा की गई और विशेष आतिथ्य के रूप में श्री प्रमोद मेहता पार्षद संजय माली और अजातशत्रु परिहार उपस्थित रहे। नगर परिषद उपाध्यक्ष और शिक्षा समिति अध्यक्ष महेंद्र सिंह सोलंकी ने शासन की बच्चों के प्रति निशुल्क साइकिल वितरण योजना से होने वाले लाभ और शासन की अन्य योजनाओं का महत्व प्रतिपादित करते हुए बच्चो के उज्जवल भविष्य में साइकिल वितरण योजना शासन की महत्वपूर्ण धुरी होना बताया मुख्य अतिथि श्रीमती नीलम सोलंकी ने निशुल्क साइकिल और बच्चों के मध्य शिक्षा के महत्व का तादम्य स्थापित किया जाकर साइकिल और शिक्षा विकास की एक सीढ़ी होना बताया। कार्यक्रम का संचालन खंड एकेडमिक समन्वयक जितेंद्र सिंह सोलंकी ने प्रधानाध्यापक श्रीमती मीरा डामोर ने और शिक्षक घनश्याम भैसोंटा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। वरिष्ठ शिक्षक गणपत लाल सेठिया ने कार्यक्रम की थीम को बखूबी निभाया। आभार आभार शिक्षक अनूप राठोर ने माना। इस अवसर पर पात्र विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके पालक और शिक्षकगण प्रचेता उपाध्याय जगदीश मालवीया सुनीता शर्मा प्रदीप दवे जन शिक्षक प्रदीप गुप्ता प्रधान अध्यापिका नुसरत खान आरती जादौन सुनीता सेठिया और संगीता जैन आदि उपस्थित रहे।

## कविता लेखन में नागदा ने फहराया जिले में परचम प्रथम द्वितीय तथा तृतीय तीनों पुरुस्कारों पर जमाया अपना कब्ज़ा

**कार्यक्रम के मुख्य आयोजक जिला युवा अधिकारी अभिलाष म्हस्के रहे**



**खाचरौद/दैनिक मालवा हैराल्ड /मुरलीदास बैरागी।** उज्जैन के नागदा में खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित नेहरू युवा केंद्र के बैनर तले विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें से एक जिला स्तरीय कविता प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय सभी पुरस्कारों पर नागदा ने अपना कब्जा जमाया तथा शहर का नाम गौरवान्वित करते हुए नागदा से कवि देवसिंह गुर्जर ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया वही कन्हैया ने द्वितीय एव आर्ची अग्रवाल ने तृतीय पुरस्कार अपने नाम किया कार्यक्रम के मुख्य आयोजक जिला युवा अधिकारी अभिलाष म्हस्के रहे तथा संचालन लोकेंद्रसिंह तंवर ने किया।

## सिंगोली पटवारी श्री चौबे निलंबित

**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एसडीएम जावद द्वारा पटवारी संतोष चौबे को तहसील कार्यालय सिंगोली में संलग्नव किया गया था। पटवारी चौबे द्वारा शासकीय कार्यालयीन कार्यो में कोई रूचि नही लेने, बिना किसी पूर्व सूचना के कार्यालय में अनुपस्थित होने एवं वरिष्ठक अधिकारियों के आदेशों का पालन नही करने पर पटवारी चौबे को म.प्र.सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत तत्कापल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## नवकर कपल ग्रुप स्थापना के 13 वर्ष के अंतराल में ग्रुप की सबसे बड़ी धार्मिक यात्रा का लाभ लिया कांठेड परिवार ने

**200 समाजजन बसो के द्वारा होगे रवाना**



**नागदा(निप्र)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नवकार कपल ग्रुप के स्थापना के 13 वर्ष के अंतराल में ग्रुप की सबसे बड़ी एक दिवसीय धार्मिक यात्रा जैन श्रीसंघ की करवाने के लाभार्थी बने समाजसेवी मनोहरलाल रविकुमार कांठेड़ परिवार जिनके द्वारा श्री मणिभद्र वीर दादा, शिवपुर मातमोर एकदिवसीय यात्रा करवाने का अनुपम लाभ लिया।

ज्ञातव्य हो तो ग्रुप का गठन जीवदया मानव सेवा एवं धार्मिक आयोजनो को सुचारू रूप से चलाने हेतु वर्ष 2010 में समाजसेवी राजेश सकलेचा भाईजी द्वारा किया गया था। इसी कड़ी में ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष सकलेचा द्वारा लाभार्थी परिवार के सौजन्य से ग्रुप के बेनरतले निकलने वाली एकदिवसीय धार्मिक यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न हो इस हेतु नाहटा के निवास स्थान पर मीटिग आयोजिन करके उपस्थित सदस्यो को जवाबदारी सोपी जिसमें कार्यक्रम संयोजक सुरेश नाहटा, अमित बम, राकेश ओरा, दीपक गांग को नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम संयोजक ने संयुक्त रूप से बताया कि धार्मिक यात्रा 6 अगस्त 23 रविवार को सुबह 5.30 बजे लाभार्थी परिवार मनोहरलाल कांठेड के निवास से 200 समाजजन बसो के द्वारा रवाना होंगे। इसके पूर्व ग्रुप द्वारा लाभार्थी परिवार बने श्री कांठेड का अभिनंदन भी किया जायेगा।

नाहटा, बम, ओरा एवं गांग ने बताया कि यात्रा भैरूगढ उज्जैन में श्री मणिभद्रवीर के दर्शन लाभ एवं नवकारसी करके शिवपुर मातमोर के लिये रवाना होगी। वहां पहुंचने के पश्चात् दोपहर 1 बजे भव्यतीभव्य भक्ति का आयोजन होगा। जिसमें भव्य भक्ति होगी। 4 बजे ग्रुप द्वारा भव्य लाभार्थी परिवार श्री कांठेड का बहुमान किया जायेगा। तत्पश्चात् ढोल ढमाके के साथ श्री मणिभद्र वीर के मंदिर में चांदी का छत्र श्री कांठेड परिवार द्वारा चढ़ाया जायेगा।

**यह रहै उपस्थित**

गुप अध्यक्ष प्रथम काठेड,सचिव शुभम सकलेचा,शरद जैन,मनीष भंडारी, मनोज गागं,रवि संधवी, कमलनयन चपलोत, सन्तोष नाहटा एव कार्यक्रम सयोजक उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत गुरला में सचिव एवं पंचायत के अन्य जिम्मेदारों ने कर दिखाया कारनामा बिना निर्माण कार्य के ही निकाल लिए लाखों रुपए

**लापरवाही अंधेरी कोठरी चौपट राजा कहावत को अंजाम दे रही ग्राम पंचायत गुरला**

**उन्हैल/मुरलीदास बैरागी/दैनिक मालवा हैराल्ड।** उज्जैन जिले के उन्हैल क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुरला में सचिव एवं पंचायत के अन्य जिम्मेदारों ने कर दिखाया कारनामा बिना निर्माण कार्य के ही निकाल लिए लाखों रुपए ग्रामीण हैरान व परेशान उन्हेल खाचरोद जिले की जनपद पंचायत उन्हेल के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गुरला इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई है वह इसलिए क्योंकि पंचायत के जिम्मेदार सचिव सहित अन्य लोगों ने बड़ा कारनामा कर दिखाया और बिना निर्माण कार्य किए ही पंचायत के खाते से लाखों रुपए की हेरा फेरी कर दी जब इस विषय में ग्रामीणों को अवगत हुवा तो ग्रामीण भी काफी हैरान हो गए जिसको लेकर पंचायत के उपसरपंच सहीत ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार की पोल मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की वैसे तो किसी न किसी कारण से गुरला पंचायत लगातार सुखि?यों मैं बनी रहती हैं लेकिन इन दिनों कुछ ज्यादा ही लोगों की जुबान पर छाई है और वह इसलिए कि वहां के सचिव सहित अन्य जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ने ऐसे विकास की पटकथा लिखी कि ग्रामीणों से लेकर अधिकारी कर्मचारी तक अपना मुंह बंद नहीं रख पा रहे आइए जानते हैं निम्न बिंदु के आधार पर कि किस तरह से बिना निर्माण कार्य किए ही निकल गई राशि 1.नवनिर्वाचित सरपंच मोहब्बतसिंह के घर से टीकमसिंह घर तक वेस्टिज पानी के लिए पाइप निर्माण कार्य किया जो? 42 हजार 9 सों रु आहरित की गई जब मीडिया के प्रतिनिधि द्वारा जाकर देखा तो अपने निजी घर के बाहर पाइप डाला गया 2. घनश्याम के घर से भारत के घर तक नाली निर्माण कार्य के लिए राशि 2लाख 50? हजार निकाले लेकिन धरातल पर निर्माण कार्य नहीं हुआ

3. गांव को रोशन करने के लिए 75. एलईडी फ्लैश लाइट लगाई गई जिसकी राशि निकाली गई 80 हजार चार रु जो धरातल पर आज तक बंद है 4. कमला बाई के घर से तेजू घर तक 1लाख 40हजार निकाली जो धरातल पर निर्माण कार्य नहीं हुआ जब ग्राम पंचायत सचिव धर्मेंद्र पाटीदार से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा राशि विकास कार्य को लेकर आहरित की गई है जल्द



ही कार्य विकास करेंगे एवं जब मीडिया के प्रतिनिधि सचिव से चर्चा की गई कि गांव को रोशन करने के लिए कितनी लाइट लगाई गई है और कहां कहां लगाई गई इसकी जानकारी बताइए सचिव ने कहा कि हमारे द्वारा गांव में लाइट लगाई लेकिन ग्रामीणों ने निकाली गई है जब इस संबंध में ग्राम पंचायत उपसरपंच जानकारी चाहे गई तो उनके द्वारा बताया गया कि हमारे पास कोई भी रिकॉर्ड नहीं है और ना ही उक्त निर्माण कार्य हुए हैं वही की वास्तव में राशि आहरित हैऔर निर्माण कार्य कुछ भी नहीं हुआ है इसकी निरपेक्षता पूर्वक जांच होना चाहिए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार की पोल सीएम हेल्पलाइन पर खुली ग्रामीण कहते हैं कि हमारे द्वारा गांव में हो रहे विकास कार्य को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर भी कर दी है लेकिन सचिव द्वारा शिकायत वापस लेने को लेकर ग्रामीणों पर दबाव बनाते हैं एवं जनपद सीईओ तक अवगत करा दिया है लेकिन अभी तक हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई गुरला ग्राम पंचायत मैं देखने को मिला इससे साफ तौर पर समझा जा सकता है कि अधिकारी के द्वारा मिलीभगत कर किस प्रकार राशि का बंदरबांट किया जाता है हालांकि हम इस बात की पुष्टि नहीं करते हैं कि अधिकारी की मिलीभगत थी कि नहीं जिस प्रकार से गुरला पंचायत का राशि का बंदरबाट देखने को मिल रहा है अगर इस मामले को वरिष्ठ अधिकारी के द्वारा संज्ञान में लिया जाए और जांच की जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा पूरी जानकारी प्राप्त होने के बाद यह तो स्पष्ट हो रहा है कि दाल में कुछ काला नहीं पूरी दाल ही काली है तो क्या ऐसे कर्मचारियों पर विकास खंड अधिकारी या जिला प्रशासन कार्रवाई कर भ्रष्टाचार हुए राशि को वापस लेगी या जनता के खून पसीने की कमाई भ्रष्टाचारियों की भेंट चढ़ती रहेगी बड़ा और अहम सवाल है देखना दिलचस्प होगा कि खबर प्रकाशन के बाद जिले के वरिष्ठ अधिकारी या जनपद के अधिकारी संज्ञान लेते हैं या ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है वहीं सूत्रों की माने तो संबंधित भ्रष्टाचार करने वाले राजनीतिक पकड़ में इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक रामलाल मालवीय से गांव में विकास कार्य भ्रष्टाचार को लेकर चर्चा की तो उनका कहना है कि आपके द्वारा यह मामला संज्ञान में आया अगर विधायक निधि से गांव में विकास के लिए राशि दी गई है और अगर गांव में विकास नहीं हुआ तो इसकी जांच मैं करूंगा क्षेत्रीय विधायक रामलाल मालवीय आपके द्वारा जानकारी मिली थी गांव में भ्रष्टाचार हुआ है जिसके लिए हमारे द्वारा दो-तीन दिनों में जांच गठित कर निरीक्षण किया जाएगा ग्राम पंचायत पीसीओ महेंद्र सोलंकी।

## सुंदराबाद में विधायक निधि से निर्मित ग्राम चौपाल लोकार्पण एवं अभिनंदन समारोह

**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम पंचायत सुंदराबाद द्वारा विधायक निधि से निर्मित ग्राम चौपाल निर्माण के लोकार्पण एवं ग्राम पंचायत सचिव दीपक दुबे व लाइनमैन चंदरसिंह देवड़ा की सेवानिवृत्ति पर अभिनंदन समारोह का आयोजन विधायक मुरली मोरवाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती ज्योति पंड्या ने की। प्रारंभ में विधायक श्री मोरवाल ने फीता काटकर ग्राम चौपाल परिसर का शुभारंभ किया, तत्पश्चात अतिथियों ने युवाओं के प्रणेता युग पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया। स्वागत भाषण सरपंच प्रतिनिधि अजय पंड्या सजग ने देते हुए ग्राम विकास के संकल्प को दोहराया। आपने कहा कि जन जन के सहयोग से हम ग्राम पंचायत के माध्यम से विकास कार्यों के साथ ही हितग्राही मूलक योजनाओं से ग्रामीण जनों को लाभान्वित कर रहे हैं। अतिथियों का स्वागत सरपंच श्रीमती ज्योति पंड्या, उपसरपंच यदुराज यादव, मनोहर सिंह राठौर, घनश्याम शिकारी, कपिल यादव, गजेंद्र यादव, पप्पू लाल मालवीय, राकेश कटारिया, कमल सिंह सोलंकी, बाबूलाल चौधरी, सहायक सचिव धर्मेंद्र बैरागी,




सोहन सिंह पवार, पंकज पंड्या, श्रवण पवार आदि ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मुरली मोरवाल ने कहा कि मैंने विधानसभा क्षेत्र में बिना भेदभाव के विकास के कार्य किए हैं जो सतत जारी है। आपने ग्राम चौपाल के सुव्यवस्थित व उपयोगी निर्माण के लिए ग्राम पंचायत सुंदराबाद को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम को विशेष अतिथि ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, पूर्व जनपद सदस्यद्वय डीपी भाई जी, अर्जुन सिंह राठौर ने भी संबोधित किया। समारोह में जनपद सदस्य प्रतिनिधि राधेश्याम खरसोद खुर्द, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि अमरलाल यादव, पूर्व सरपंच गोपाल सिंह राठौर, मदन सिंह राठौर, राजू बना, ललित सोनी, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्र अध्यक्ष हीरालाल चौधरी, दुलेसिंह पवार मंचासिन रहे। सेवानिवृत्ति पर विदाई ले रहे पंचायत सचिव दीपक दुबे का उद्बोधन में गला भर आया। सेवानिवृत्ति पर सम्मानित हुए दुबे एवं चंदरसिंह देवड़ा को शाल श्रीफल, बाबा महाकाल का प्रतीक चिन्ह भेंट कर मोतियों की माला एवम केसरिया दुपट्टा पहना कर अभिनंदन किया गया। पटवारी विजय पाटीदार, एएनएम चंद्रप्रभा विश्वकर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा भट्ट, संध्या राठौर, अनीता बैरागी, माया परमार, सोनू सेन, रानू परमार ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर दुबे जी का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जनपद सदस्य पत्रकार श्याम पुरोहित ने किया आभार ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिंह पंड्या ने माना।

## 50 वर्ष पूर्ण होने पर कृषि उपज मंडी में मनाया स्वर्ण जयंती महोत्सव

**सोयत कला/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरुवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण में दोपहर 3 बजे विपणन बोर्ड के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विधायक राणाविक्रम सिंह, अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर व विशेष अतिथि नप अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्कराजसिंह जादौन ,विधायक प्रतिनिधि सुभाष दागी , नायब तहसीलदार रामेश्वर दांगी, गोविंदसिंह झाला, सिद्धू कटारिया, गंगाराम वर्मा, अर्जुन सिंह थे । कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित अतिथियों ने भगवान परशुराम की मूर्ति का पूजन अर्चन कर कि। इस अवसर पर विधायक राणा विक्रम सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किसान, व्यापारी , तुलावटी एवं हम्मालो को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर मंडी सचिव केसरसिंह भिलाला ,जगदीश गुप्ता ,रमेश मालवीय , बाबू कुशवाह, महेश दांगी, श्याम गुप्ता ,राकेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक मंडी सचिव लक्ष्मीकांत त्रिवेदी व आभार राजेश भावसार ने माना।

## हिन्दी मालवी कवि स्व .श्री चन्दरलाल चांगेसिया की रचनाओं में मानवीय मूल्य समाज जागृति की अभिव्यक्ति - श्री टोंग्या

**बड़नगर /दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश लेखक संघ इकाई बडनगर द्वारा हिन्दी मालवी के जनकवि ,राष्ट्रीय -गीतकार ,शिक्षाविद स्वर्गीय श्री चन्दरलाल चांगेसिया 'सत्यराही' के जन्मदिवस प्रसंग 2अगस्त को स्थानीय खोबदरवा स्कूल सभागृह में काव्य सम्मेलन एवम सम्मान समारोह का आयोजन नगरपालिका अध्यक्ष माननीय श्री अभय टोंग्या के मुख्य आतिथ्य साहित्यकार श्री प्रेमचंद माहेश्वरी की अध्यक्षता में तथा श्री उदय अग्निहोत्री कृषि अधिकारी श्री गणपतलाल डाबी जिला महामंत्री भाजपा के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ ।प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती व स्व कवि श्री सत्यराही के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर काव्य सम्मेलन का उदघाटन किया । अतिथियों का स्वागत लेखक संघ के सचिव श्री नन्दकिशोर अग्निहोत्री एवम श्री हरीश चांगेसिया विनायक डाबी प्रदीप चांगेसिया ने पुष्पहारों से किया। सरस्वती वन्दना श्रीमती राधा



परमार ने प्रस्तुत की । स्वर्गीय कवि श्री सत्यराही के व्यक्तित्व एवम उनके साहित्यिक अवदान पर सुकवि श्री रमेश चांगेसिया प्रभात श्री मनीष पांचाल ने विचार रखे । इस अवसर पर कवि श्री चन्दरलाल चांगेसिया स्मृति सम्मान से जनवादी कवि श्री विजय यादव गीतांश ÷को शाल श्रीफल साहित्य भेट कर सम्मानित किए गए वही नगर पालिका अध्यक्ष श्री अभय टोंग्या जी का ÷सारस्वत अभिनन्दन शाल ,श्रीफल पुष्पहारों से किया गया । श्री टोंग्या ने अपने उदबोधन में कहा कि बड़नगर राष्ट्रीय स्तर पर साहित्य के क्षेत्र में प्रसिद्ध है बडनगर के सुकवि स्व श्री चन्दरलाल चांगेसिया की रचनाएं समाज जागृति एवम मानवीय मूल्यों की रक्षा का सन्देश देती है । श्री टोंग्या ने साहित्यिक आयोजनों के लिए नगर पालिका सभागृह देने की घोषणा की । अध्यक्षीय उदबोधन में वरिष्ठ कवि श्री माहेश्वरी ने कहा कि स्व कवि श्री चन्दरलाल चांगेसिया की गीत रचना सच्चा स्वराज्य ,माताओ मेरे देश की, कौन बनेगा भगतसिंह कौन बने आजाद रे रचना से राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की है। श्रेष्ठ साहित्यकार ओर आदर्श शिक्षक व्के रूप कवि स्व.श्री सत्यराही सदैव प्रासंगिक रहेंगे।

इस अवसर पर हास्य व्यंग्य कवि श्री नन्दकिशोर समीर के संचालन में आयोजित काव्य सम्मेलन में सर्व श्री नितेश जोशी जय श्री गोपाल कावलिया हास्य कवि (बदनावर) श्रीमती सुनीता भाटी गीतकार श्री अजय पण्ड्या ,श्री मनीष पांचाल गीतकार श्री प्रमोद पंचोली श्रीमती राधा परमार श्री प्रदीप चांगेसिया ने देर रात तक चले कार्यक्रम के कविताओं गीतों से स्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिए । इस अवसर पर संस्था प्रधान श्री हेमन्त माथुर शिक्षक श्री भारत बागदरे श्री नीलेश कटारिया श्री प्रवीण जोगचंद श्री दिनेश भाटी , शिक्षक श्री रमेश लेवा श्री विश्राम गुगली बी.एल.ओ पूजा चांगेसिया सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे आभार श्री हरीश चांगेसिया ने माना।

## सार समाचार

### शासकीय अवकाश पर मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का पोर्टल बंद रखा जाएगा

**झाबुआ /माणक लाल जैन/दैनिक मालव हेराल्ड।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 अन्तर्गत 25 जुलाई से 20 अगस्त तक सम्पूर्ण प्रदेश के समस्त जिलों में संभावित पात्र हितग्राहियों के आवेदन की ऑनलाईन प्रविष्टि करायी जा रही है। नियमित दिनों प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक पोर्टल में आवेदनों की प्रविष्टि की जा सकती है। राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि शासकीय अवकाश को दृष्टिगत रखते हुए रविवार अवकाश एवं 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवकाश पर पोर्टल बंद होने से आवेदन की प्रविष्टि नही की जायेगी।

### सीईओ जनपद पंचायत पेटलावद द्वारा सीनियर बालक छात्रावास बरबेट का निरीक्षण किया गया



**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पेटलावाद द्वारा ग्राम बरबेट में सीनियर बालक छात्रावास का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि, इस छात्रावास को वर्ष 2019 में 30 सीटर से 50 सीटर में उन्नयन किया गया था, लेकिन वर्तमान में अभी भी छात्रों के लिए 30 पलंग ही उपलब्ध है, जिससे छात्रों को असुविधा होती है। वाटर प्यूरीफायर की सुविधा उपलब्ध ना होने पर अधीक्षक को व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण में कुल 50 छात्रों में से 12 छात्र अनुपस्थित पाए गए, अधीक्षक द्वारा बताया गया की छात्र आई फ्लू के कारण घर गए है, परंतु पंजी में यह स्थिति दर्ज नहीं की गई। सीईओ द्वारा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमानुसार जिन बच्चों को पालक ले जाते हैं, उनकी जानकारी पंजी में व्यवस्थित रूप से दर्ज की।

### महिदपुर नगर के युवा को मिली प्रदेश मे बड़ी जिम्मेदारी



**महिदपुर/यश असावरा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री कमलनाथ जी के निर्दशन अनुसार मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष एवं सभी विभाग प्रकोष्ठ के प्रभारी आदरणीय श्री जेपी धनोपिया साहब ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री उज्जवल मोटवानी की सहमति से डॉक्टर बटुक शंकर जोशी जी प्रदेश सचिव श्री चेतन यादव जी की अनुशंसा से पूर्व पार्षद मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अल्पसंख्यक विभाग लुकमान हुसैन नागौरी को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी का दिव्यांग प्रकोष्ठ का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया इनकी नियुक्ति पर वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कमल नाथ जी मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष समस्त प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री आदरणीय जेपी धनोपिया साहब प्रदेश अध्यक्ष उज्जवल मोटवानी को धन्यवाद दिया सभी इष्ट मित्रों ने श्री लुकमान हुसेन् नागौरी को बधाई दी बधाई कर्ता वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व नपा अध्यक्ष कय्यूम नागौरी , वरिष्ठ पत्रकार शांतिलाल छ्जलानी,, संजय यादव गांधी ,अकीब कुरेशी ,अरशद खान सिद्दीक नागौरी इफ्तिकार नागौरी ,अफसा ेखान शाहिद पीर जी , हारून छीपा ,फहीम सिंकदर ,अनीस खान, हरिराम आँजना बटी कोच ेमो रफीक नागौरी , आशीष सकलेचा पियूष सकलेचा इमरान अली आदि ने बधाई दी एवं प्रदेश केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया यह जानकारी पूर्व पार्षद सिद्दीक नागौरी ने दी।

खाचरौद की अनदेखी करी जो अब असहनीय होगा

### खाचरौद तहसील की जनता ने नागदा जिला में शामिल नहीं होने का विरोध कर दिया

**खाचरौद /दैनिक मालवा हैराल्ड /मुरलीदास बैरागी।** मप्र सरकार के गजट नोटिफिकेशन जारी करने पर खाचरौद तहसील की जनता ने नागदा जिला में शामिल नहीं होने का विरोध कर दिया जनता की राय सहमति बगैर दोनों विधायको ने खाचरौद के झलावा किया है खाचरौद वासियों ने दोनों ही विधायकों पर गम्भीर आरोप लगाया है दोनों पार्टियों के नेताओं ने खाचरौद की अनदेखी करी जो अब असहनीय होगा जिसे यहां का जनमानस स्वीकार नहीं करेगा खाचरौद ज़िला बने या उज्जैन जिले में ही रहेंगे यहां कू सभी व्यापारी किसान फुटकर सामाजिक संगठनों ने खाचरौद बंद के आव्हान का समर्थन किया है और 3 अगस्त को शहर के साथ विद्यालयों को भी बंद रखें जाएंगे कहीं सारी तहसीलों को शामिल करके नागदा को जिला बनाया जा रहा है जिसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है इसी कड़ी में खाचरोद निवासी इस फैसले से नाखुश वे नागदा में शामिल नहीं होना चाहते इसके लिए आज खाचरोद बंद रखकर विरोध जताया खाचरौद वासियों की एक मांग यह भी है कि खाचरोद को जिला बना दिया जाए या फिर हमें उज्जैन में ही रहने दिया जाए।

# 12 वर्ष पुराने प्रकरण में दोषमुक्त हो चुके किसान के घर रात में पहुंची पुलिस, कांग्रेस नेताओं ने घेरा थाना

## पुलिस पर लगाया अवैध वसूली की नियत से किसानों को परेशान करने का आरोप

**मंदसौर/पिपलियामंडी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 12 वर्ष पुराने एनडीपीएस प्रकरण में दोषमुक्त हो चुके किसान व अन्य दो किसानों के घर पहुंचकर पुलिस द्वारा अनावश्यक रुप से रात्रि में पहुंचकर परेशान करने के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस नेता श्यामलाल जोकचन्द्र सहित बड़ी संख्या में किसान व कांग्रेसजनों ने पिपलियामंडी पुलिस थाने पहुंच घेराव कर दिया व विरोध जताकर टीआई को खरी सुनाई व पुलिस पर वसूली करने की नियत से रात्रि में घर पर पुलिस भेजने का आरोप लगाया। टीआई नरेन्द्र यादव को लिखित ज्ञापन सौंपा व फर्जी कार्रवाई करने पर पुलिस थाने के सामने धरने की चेतावनी थी।

**2011 में बना था फर्जी प्रकरण, इसलिए कोर्ट ने भी बरी कर दिया:-** लिखित में दिए आवेदन में बताया कि 2011 में पुलिस ने नारायणगढ़ निवासी बन्टी पिता राजेन्द्रकुमार पाटीदार का एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण बनाया था। इस कारण कोर्ट ने बन्टी को बरी कर दिया था। इस मामले में 2 अगस्त को रात्रि 11 बजे में पिपलिया पुलिस थाने के जवान नारायणगढ़ घर पर पहुंचे व बोला कि तुम्हें साहब ने पुराने एनडीपीएस एक्ट थाने पर बुलाया है। उस मामले में फरार अजय डागरा ने तुम्हारा नाम लिया है। इसी तरह नारायणगढ़ के दो अन्य किसान सुभाष पिता अशोक पाटीदार व विकास पिता बसन्तीलाल पाटीदार के घर पर भी पुलिस गई व यही बात कही। जबकि तीनों किसानों के अफीम का पट्टा भी नही है। किसानों ने बताया कि वह अजय डागरा को जानते भी नही है और केस काफी पुराना है, जिसमें पुलिस द्वारा फर्जी प्रकरण बनाने के कारण बन्टी बरी भी हो चुका है। पुलिस अवैध वसूली की नियत से हमें परेशान कर फिर थाने बुला रही है।



**मुख्य आरोपी 12 साल बाद गिरफ्तार हुआ तो अन्य किसानों को किसने पर पकड़ा:-**कांग्रेस नेताओं ने बताया कि पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के 12 वर्ष पुराने प्रकरण में अजय डागरा को अब पकडा है, तो इस मामले में बनाए गए अन्य 5 लोगों को किसके कहने पर आरोपी बनाया ? पुलिस जांच का क्या पैमाना है। पुलिस कह रही है कि हम गहन जांच कर रही है, तो पुलिस को इतना भी पता नही कि बरी हो चुके व्यक्ति के घर कैसे पहुंच गई ? पुलिस पूरी तरह से केवल अवैध वसूली करने की नियत से ही एसा कर रही है। टीआई ने कहा कि केवल जांच कर रहे है, सभी के बयान लिए जाएंगे। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आप बयान अभी ही ले लो, हम एक घंटे तक यहीं बैठे रहेंगे। इसके बाद मौके पर ही तीनों किसानों का मौके पर ही बयान लेकर उन्हें छोड़ा।

**लगाया आरोप, पुलिस ने एनडीपीएस प्रकरण को बना लिया कमाई का जरिया:-** थाने पर पहुंचे कांग्रेस नेता जोकचन्द्र ने टीआई नरेन्द्र यादव के समक्ष पुलिस को काफी खरी सुनाई, जोकचन्द्र ने आरोप लगाया कि बरी हो चुके आरोपी के घर पुलिस भेजकर वसूली की नियत से पुलिस परेशान कर रही है, पुलिस को यह भी नही पता कि किसान बरी हो गया है, पुलिस किस बात की जांच कर रही है ? कांग्रेस नेता जोकचन्द्र ने कहा कि जिस किसान विकास पाटीदार को पुलिस परेशान कर रही है वह 1996 में किसान नेता महेन्द्रसिंह टिकैत के कहने पर अपना अफीम का पट्टा ही जमा करा चुका है।

**किसान नेता ने टीआई से किया सवाल, 12 वर्ष पहले आप कहां थे ?**

इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व किसान नेता कमलेश पटेल ने टीआई नरेन्द्र यादव से सवाल किया कि 12 साल पुराना प्रकरण है, आप 12 साल पहले किस थाने पर थे, यह भी आपको पता नही होगा ? आपको यह मामला ही पता नही तो किस बात की जांच कर रहे है। पटेल ने यह भी सवाल किया कि पहले इस प्रकरण में 5 आरोपी पकड़े वह किसके कहने पर पकड़े ? पटेल ने टीआई से यह भी सवाल किया कि आप किस बात की जांच कर रहे है, आपको यह भी पता नही कि किसान बरी हो चुका है, डोडाचूरा में मार्फिन नही है, लेकिन पुलिस डोडाचूरा के नाम पर किसानों के घर तबाह कर चुकी है, रोज फर्जी प्रकरण बना रही है, हम डोडाचूरा को एनडीपीएस एक्ट से बाहर करने के लिए कानूनी लड़ाई लडेंगे। किसानों को फर्जी प्रकरण बनाने के बाद परेशान किया जाएगा तो कतई बर्दाश्त नही करेंगे।

पकड़ाए आरोपी ने लिया है नामः- टीआई नरेन्द्र यादव ने बताया की पुराने प्रकरण में फरार आरोपी ने तीनों का नाम बताया था, इसी मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था, चूंकि किसानों का कहना है कि हम निर्दोष है, तो उनके बयान ले लिए है। अवैध वसूली को लेकर लगाए आरोप निराधार है।

## 20 वर्षीय युवक ने गाय के साथ किया अप्राकृतिक कृत्य

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शामगढ़ थाने के तहत चंदवासा चौकी अंतर्गत हथुनिया गांव में एक युवक ने गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य कर दिया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। गांव के युवक की इस हरकत की सूचना जब गांव वालों को लगी तो ग्रामीणों ने युवक की पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया।




हथुनिया गांव में बाड़े मे बंधी एक गाय के साथ गांव के ही गोविन्द पिता रामलाल (20) नाम के युवक ने अप्राकृतिक कृत्य किया। युवक की यह हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार शामगढ़ के दालमिल कॉलोनी निवासी राजेश शर्मा ने शिकायत दर्ज करवाई थी की हतुनिया गांव में उनकी पैतृक कृषि संपत्ति है। उन्होंने मवेशियों की निगरानी के लिए बाड़े सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं। इसमें गांव के एक युवक उनकी गाय के साथ गलत कृत्य करते हुए नजर आ रहा है।

### सोशल मीडिया पर वीडियो हो रहा वायरल

फरियादी की शिकायत और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफअप्राकृतिक कृत्य करने के आरोप में धारा 377 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। उधर सोशल मीडिया में सीसीटीवी वीडियो वायरल होने के बाद हिन्दू संगठनों ने ज्ञापन सौंप कर आरोपी युवक को कड़ी सजा देने की मांग की है।

## दलौदा में 6 ट्रांसफॉर्मर से 850 लीटर ऑयल और हुई बाइक चोरी

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में पिछ्ले कई दिनों से लगातार हो रही चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जिले में बाइक चोरी की वारदात हो या सूने मकानों में सेंधमारी। बदमाश कहीं नहीं चूक रहे हैं। बुधवार-गुरुवार की दरमियान जिले के दलौदा थाना क्षेत्र में विद्युत ट्रांसफार्मर से आयल चोरी के 6 प्रकरण दर्ज किए गए। इसके साथ ही शहर कोतवाली और भावगढ़ थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की वारदात सामने आई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नगर पालिका के सामने गांधी चौराहा से फरियादी मुकेश भाटी पिता बाबूलाल भाटी निवासी बालाहेड़ा थाना नाहरगढ़ की बाइक क्रमांक डच्14 ड॔ 2116 को बदमाश चुराकर ले गए। इसी तरह भावगढ़ थाना क्षेत्र गुराड़िया लालमुहा गांव से फरियादी विनोद पिता रामनारायण पाटीदार की बाइक क्रमांक एमपी 14 बीसी 7323 को चुराकर ले गए। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। वहीं, दलौदा थाना क्षेत्र में वाहन क्रमांक एमपी 37 जीए 2832 से आए बदमाश धुंधड़का, लखमाखेड़ी और दलोदा रेल गांव में लगे 6 विद्युत ट्रांसफार्मर से करीब 850 लीटर ऑयल चुराकर ले गए। मामले में विद्युत कर्मचारी दिनेश पिता देवीलाल धनोतिया की शिकायत पर पुलिस ने अलग-अलग प्रकरणों में चोरी का मामला दर्ज किया है।

## विधायक मारू एवं कलेक्टर श्री जैन ने मनासा में

**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू एवं कलेक्ट र श्री दिनेश जैन ने गुरूवार को मनासा में आगामी 7 अगस्ता 2023 को प्रदेश के मुख्येमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के कार्यक्रम की तैयारियों का मौके पर जायजा लिया। उन्होने कार्यक्रम स्थ2ल दशहरा मैदान व कॉलेज के पीछे प्रस्तांवित हेलीपेड स्थयल का निरीक्षण कर, संबंधित अधिकारियों को आवश्येक निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम सुश्री नेहा मीना,एसडीएम श्री पवन बारिया व लोक निर्माण, नगरपालिका, जल संसाधन सहित अन्यह विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## अफीम नीति बनाते समय अफीम उत्पादक जिले के किसानों को भी करें सम्मलित - परशुराम सिसोदिया



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अफीम की खेती करने वाले किसानो की समस्याओ को लेकर गुरूवार को कांग्रेस नेता परशुराम सिसौदिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिला अफीम अधिकारी अनिल कुमार से मिला। अफीम अधिकारी को बताया कि जबसे सीपीएम पध्दति लागू की गई है तब से किसान काफी परेशान है। नारकोटिक्स विभाग के अधिकारी जब तक खेत पर आकर निरीक्षण कर डोडे तोड़ने का आदेश नही देता है तब तक एक तो खेतो में डोडो की निगरानी में रतजगा करना पड़ता है। कांग्रेस नेता सिसौदिया ने कहा कि अफीम नीति का निर्धारण अधिकारी करते है। उन्हें अफीम की फसल की भौगोलिक परिस्थितियों का व वातावरण का का पता नही रहता है। ऐसे में अफीम नीति निर्धारण करते समय अफीम उत्पादक जिलों में से किसानों को भी सम्मलित कर उनकी द्वारा दिये गए सुझावों को भी मान्य करना चाहिए। वर्तमान जो हालात अफीम उत्पादक किसानों के है उससे लगता है कि'' सोने से घड़ावन महंगी'' है। किसानों के साथ ही कांग्रेस भी समय समय पर अफीम उत्पादक किसानों की समस्याओं को उठाती आई है लेकिन केंद्र की सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी।

## नश्वर पद प्राप्ति के लिए व्यक्ति अपने सगे भाई को भी नही छोड़ता मुनिश्री सुप्रभ सागर

**सिंगोली। (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।**जिस प्रकार सूर्य संसार के अंधकार को नष्टकर प्रकाश देता है, उसी प्रकार भगवान भी पापों के अंधकार को दूरकर धर्म का प्रकाश करते हैं। भगवान ने स्वयं स्थिर पद प्राप्त कर लिया और भव्य जीवों को भी स्थिर पद प्राप्त करने का मार्ग बता दिया। संसारी प्राणी सांसारिक नश्वर पदों की प्राप्ति का निरन्तर प्रयत्न करता है। उन नश्वर पदों को प्राप्ति के लिए दर-दर भटकता है, दर-दर की ठोकरे खाता है। यह बात नगर में चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से शिक्षीत व वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज से दिक्षीत मुनिश्री सुप्रभ सागर जी महाराज ने 3 अगस्त को प्रातः काल धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्य ने कहा हैं कि सांसारिक नश्वर पद दूसरों को पददलित करके प्राप्त किया जाता है। नश्वर पद प्राप्ति के लिए व्यक्ति अपने सगे भाई को भी नहीं छोड़ता है। सांसारिक पद व्यवस्था के लिए होते हैं, जो उन पदों पर बैठता है, वे मालिक नहीं, सेवक के रूप में कार्य करे तो उन्नति का मार्ग खुल सकता है। वर्तमान के जनप्रतिनिधि यदि सेवक के रूप में पूरी निष्ठा के साथ काम करें, तो भारत को पुनः सोने की चिडिया बनने में देर नहीं लगेगी। परन्तु आज जनसेवक मालिक बन कर कार्य कर रहा है, इस कारण भारत आपेक्षित प्रगति नहीं कर पा रहा है। यदि पद पर बैठे व्यक्ति पद को अपना कर्तव्य मान कर कार्य करे, तो वे पुन– उस पदको प्राप्त कर सकते है। वर्तमान में राजनेता और सामाजिक नेता पद पर बैठकर स्वयं को मालिक मानते है, इस कारण कलह - भ्रष्टाचार अपराध जन्म लेते हैं।भगवान ने स्थिर अनश्वर पद प्राप्त करने के लिए पथ बतलाया है, पर सब उस पथ को छोड नश्वर सांसारिक पद की ओर दौड लगा रहे हैं।वही मुनिश्री दर्शित सागर जी महाराज ने कहा कि संसार में प्राणियों का हित करना ही सत्य है। परोपकार समस्त प्राणियों के हित को साधने वाला है। प्राणियों का अस्तित्व ही सत् है और सत् ही सत्य कहलाता है। आचार्यो ने कहा है कि यदि एक के अहित के कारण हजारों का हित होता है, तो पहले परहित करना ही श्रेष्ठ है। ऋषियों ने पुराण ग्रंथों में कहा है कि परहित में हमारा हित भी निहित है। स्वहित के लिए अधिक पुरुषार्थ करने की आवश्यकता ही नहीं है, क्योंकि परात्मा का हित ही सत्य है।



## मुख्यमंत्री के रोड शो में नपध्यक्ष पति ने युवक को जड़ा थप्पड़, वीडिया वायरल

**मंदसौर/पिपलियामंडी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री के रोड़ शो के दौरान पिपलिया गांधी चौराहे पर नगर परिषद् अध्यक्ष सुनील देवरिया का एक युवक को थप्पड मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें अध्यक्ष पति द्वारा भाजपा कार्यकर्ता का थप्पड़ मारना बताया जा रहा है, जबकि अध्यक्ष पति ने चेन खिंचने की कौशिश करने पर थप्पड़ मारना बताया। जानकारी के अनुसार 2 अगस्त को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चोहान का पिपलिया गांधी चोराहे पर नगर परिषद् की ओर से स्वागत् आयोजित किया था। इसी दौरान नप अध्यक्ष इंदिरा देवरिया के पति सुनील देवरिया ने एक युवक को थप्पड़ जड़ा। घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। युवक कौन था यह पता नही चला पाया। सोशल मीडिया पर लोग इसे भाजपा कार्यकर्ता बता रहे है। इधर अध्यक्ष पति सुनील देवरिया का कहना है कि युवक भीड़ में अध्यक्ष इंदिरा देवरिया के गले से सोने की चेन खिंचने की कौशिश कर रहा था, इस कारण उसे थप्पड़ मारा था, जो मौके से भाग गया। इस संबंध में पुलिस थाने पर में भी शिकायत दर्ज कराई है।

## नगर पालिका नालियों में पानी जमा न होने दें-कलेक्टर यादव




**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मलेरिया, डेंगू एवं टीकाकरण के संबंध में एक विशेष बैठक गुरूवार को सुशासन भवन सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि नगर पालिका साफ-सफाई का विशेष तौर पर ध्यान रखें। नालियों की पर्याप्त सफाई हो। जिससे नालियों में पानी जमा ना हो। अगर नालियों में पानी जमा होता है तो उससे मच्छर पैदा होंगे। इसके साथ ही दवाई छिड़काव का कार्य भी लगातार चलने दे। नगरपालिका स्कूलों एवं छात्रावासों में भी एक विशेष टीम लगाएं। जो कि दवाई छिड़काव एवं साफ सफाई का काम देखें। स्कूलों के माध्यम से भी डेंगू, मलेरिया के प्रति जागरूकता फैलाई जाए। स्वास्थ्य विभाग जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करें।

## विकास की नई उड़ान भर रहा है, नित आगे बढ़ रहा है नीमच -श्री परिहार

### पायलट ट्रेनिंग सेंटर से अब नीमच के युवाओं का हवा में उड़ने का सपना हुआ साकार,»»» नीमच की हवाई पट्टी पर युवा सीख रहे हैं हवाई जहाज उड़ाना

**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच बढ़ता हुआ शहर है, यहां विकास की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। जिसे नीमच क्षेत्र के विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार अपने प्रयासों से नित नवीन आयाम स्थापित करने में लगे हुए हैं। नीमच का नाम सीआरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर के रूप में पूरे देश भर में जाना जाता है उसी प्रकार अब नीमच का नाम देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी जाना पहचाना जाएगा। संभावनाओं की नवीन कड़ी के रूप में विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार के प्रयासो से हिंगोरिया स्थित नवीन हवाई पट्टी के विस्तार के साथ ही यहां चाइम्स एवियशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नए पायलटों की ट्रेनिंग का सेंटर स्थापित किया गया है। नीमच में नए पायलेटो की ट्रेनिंग की शुरूआत हो चुकी है।

नीमच सहित प्रदेश एवं देश से आए युवा जो पायलट बनने का ख्वाब संजोए थे उनका सपना नीमच की लाल माटी पर साकार हो सकेगा। बहुप्रतीक्षित पायलट ट्रेनिंग सेंटर का अनौपचारिक रूप से शुभारंभ विगत दिनों हो चुका है। जिसमें चाइम्स एवियशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा नीमच के ग्राम हिंगोरिया स्थित हवाई पट्टी पर कमर्शियल पायलट लाइसेंस और प्राइवेट पायलट लाइसेंस ट्रेनिंग कोर्स शुरू कर चुकी है। इसके शुरू होने से प्राइवेट और कमर्शियल पायलट नीमच की लाल धरा पर तैयार हो सकेंगे। इस ट्रेनिंग सेंटर में नीमच सहित प्रदेश और देश विदेश के युवा हवाई जहाज उड़ाना सीख सकेंगे उनका हवा में उड़ने का सपना पूरा होगा, जो नीमच के लिए एक बहुत बड़ा उपहार साबित होगा। प्रदेश एवं जिले के ऐसे युवा जो हवाई जहाज उड़ाने का सपना देखते थे, लेकिन आर्थिक तंगी और अन्य हालातों की वजह से उनका सपना अधूरा रह जाता था। ऐसे युवाओं को अपने सपने साकार करने को बल मिलेगा। इसके तहत यहां 10 से अधिक हवाई जहाज सतत उड़ान भर रहे हैं। जिनकी संख्या आगामी समय में बढ़ाई जाएगी। इस कड़ी में अभी 100 से अधिक युवक युवतियां यहां स्थित हॉस्टल में रह अपनी पायलट ट्रेनिंग शुरू कर चुके हैं। विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार द्वारा इसे नीमच जिले की एक बहुत बड़ी सौगात बताते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भारत सरकार के विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने मेरे आग्रह को स्वीकार कर नीमच को यह महत्वपूर्ण एवं महती सौगात दी है। यहां पायलट ट्रेनिंग सेंटर नीमच एवं क्षेत्र के युवाओं के लिए आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## वृद्धज़न के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला चिकित्सालय नीमच द्वारा रेडक्रॉस सभागार में आज शुक्रवार 4 अगस्त 2023 को वृद्धज़न के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रातः10 से 2 बजे तक किया गया है। शिविर में जिला चिकित्सालय के चिकित्सक एवं मेडिकल टीम द्वारा वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारियों का निःशुल्क परामर्श, जांच एवं उपचार कर, दवा वितरित की जाएगी। एन.सी.डी.नोडल अधिकारी डॉ.मनीष यादव ने वृद्धजनों से अधिकाधिक शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

## 5 हजारी इनामी बदमाश गिरफ्तारः सीतामऊ पुलिस और उज्जैन एसटीएफकी संयुक्त कार्रवाई, बैंगलोर में काट रहा था फरारी

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीतामऊ थाना निरीक्षक दिनेश प्रजापति व उनकी टीम तथा उज्जैन एसटीएफ डीएसपी दीपिका शिन्दे व उनकी टीम ने संयुक्त करवाई करते हुए पांच हजार के इनामी टॉप लिस्टेड बदमाश को गिरफ्तार किया है। सीतामऊ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वरिष्ठ अधिकारियों ने जिले के सभी थानों को टॉप लिस्टेड बदमाशों को धरपकड़ के लिए निर्देशित किया था। सीतामऊ थाना क्षेत्र के साताखेड़ी चौकी प्रभारी शुभम व्यास की टीम और उज्जैन एसटीएफ टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी मानसिंह पिता लालसिंह सौधिया राजपुत उम्र 25 साल निवासी बोरखेड़ी जागीर थाना सीतामऊ जिला मन्दसौर को आलोट से गिरफ्तार किया है।

आरोपी मानसिंह शातिर बदमाश है और पिछले 6 माह सीतामऊ थाने से अपहरण और दुष्कर्म के मामले में फरार था। फरारी के दौरान आरोपी बैंगलोर मे फरारी काट रहा था दो दिन पहले पुलिस को सुचना मिली थी की आरोपी मध्यप्रदेश में आया हुआ है। इसके बाद सीतामऊ पुलिस और उज्जैन एसटीएफ के संयुक्त करवाई करते हुए। रतलाम जिले के आलोट से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर मंदसौर पुलिस ने पांच हजार का इनाम घोषित किया था। कार्रवाई में उपनिरीक्षक एसटीएफ देवेन्द्र कुशवाह, प्रआर रामाख्त्यार, प्रआ राजपालसिंह राठौड़, प्रआ योगेश यादव, शंभुलाल, रईस हुसैन, आरक्षक महेन्द्र,सैनिक नरेन्द्रसिंह जादौन व गोपालसिंह की भी सराहनीय भूमिका रही।

## मंडी बोर्ड के 50 साल पूरेः कृषि उपज मंडी में मनाया गया स्वर्ण जयंती वर्ष, हम्माल और किसानों को किया गया सम्मानित

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कृषि उपज मंडी परिसर में मंडी बोर्ड के 50 साल पूरे हो गए है। इस मौके पर गुरुवार को मंदसौर कृषि उपज मंडी में स्वर्ण जयंती वर्ष कार्यक्रम का आयोजन करते हुए किसान संगोष्ठी आयोजित की गई। इस आयोजन में मंडी हम्माल और किसानों को सम्मानित भी किया गया। उल्लेखनीय है कि मंडी बोर्ड के 50 साल पूरे होने पर प्रदेशभर की कृषि उपज मंडियों स्वर्ण स्वर्ण जयंती उत्सव मनाया जा रहा है। मंदसौर कृषि उपज मंडी में आयोजित स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मंडी कर्मचारी, हम्माल और किसान शामिल हुए। कार्यक्रम में मंडी को ऊंचाइयों पर पहुंचाने वाले हम्माल, कर्मचारियों और किसानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हुड़कों के डायरेक्टर किसान नेता बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा और मंदसौर नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर मौजूद रहे।

## कलेक्टर जैन ने मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नीमच (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर दिनेश जैन ने कलेक टोरेट परिसर नीमच से गुरूवार को मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करने एवं मतदान से संबंधित प्रक्रिया को सुलभ रूप से समझाने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक मतदाता जागरूकता वाहन रवाना किया गया। कलेक टर जैन ने बताया कि जागरूकता वाहन जिलें के प्रत्येक मतदान केंद्रों के साथ भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, हाट-बाज़ार, स्कूल एवं कॉलेज आदि में जाकर मतदाताओं को जागरूक करेंगे। सभी जागरूकता वाहनों पर एलईडी वॉल लगाई गई है, जिस पर मतदाता जागरूकता संबंधी अनेक फिल्मों का प्रदर्शन मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक कर, अपने मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित किया जायेगा। इसी के साथ जागरूकता वाहनों पर ईवीएम एवं वीवीपेट का भी प्रदर्शन कर मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया सुलभ रूप से दी जायेगी।




मतदाता जागरूकता के साथ इन वाहनों का उद्देश्य 2 से 31 अगस्त तक चलने वाले द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण -2023 अंतर्गत मतदाताओं से अपील की जायेगी कि जिन मतदाताओं ने 18 वर्ष की उम्र पूरी कर ली है साथ ही जो मतदाता एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, वे अपने मतदान केन्द्र पर बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से भी नाम जोड़ने आवेदन ऑनलाइन किया जा सकता है। एक माह तक चलने वाले अभियान अंतर्गत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने या मतदाता परिचय पत्र में सुधार हेतु आवेदन प्राप्त करेंगे। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ एवं स्‍ वीप नोडल अधिकारी गुरूप्रसाद, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव साहू, मास्‍टर ट्रेनर डॉ.राजेश पाटीदार, अतिरिक्‍ त सीईओ अरविंद डामोर व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एडीएम सुश्री नेहा मीना ने जनसेवा मित्रों को किया रवाना

**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमन्त्री युवा इंटर्नशिप योजना के अन्तर्गत चयनित युवा नीमच से भोपाल के लालपरेड ग्राउंड में 4 अगस्त 2023 को आयोजित मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशिप बूटकैम्प 2 कार्यक्रम के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशिप योजना के तहत बैच 2 में प्रत्येक विकासखंड से चयनित 15 युवा इंटर्न मुख्यमन्त्री के करकमलों से नियुक्ति पत्र प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान युवा इंटर्न से संवाद करेगे। नीमच जिले से चयनित जनसेवा मित्र, सीएम फैलो श्री नीलेश मिश्रा के नेतृत्व में भोपाल में आयोजित होने वाले 4 अगस्त 2023 के कार्यक्रम के लिए रवाना हुए।

# सम्पादकीय

## मणिपुर पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

मणिपुर में तीन महीने से ज्यादा समय से हिंसा हो रही है, लेकिन अभी तक हालात काबू में नहीं आ रहे। मणिपुर में वीडियो वायरल होने से पहले ज्यादातर लोगों को जातीय और साम्प्रदायिक हिंसा की गम्भीरता का जायजा ही नहीं था, लेकिन स्त्रीदेह पर ?हिंसा से पूरा देश उबल पड़ा है। सैकड़ों लोगों के हजूम के बीच बिना कपड़ों के दो महिलाओं को पकड़ कर और उनके जिस्म से छेड़छाड़ बर्बरता ही है। मणिपुर के संघर्ष का सबसे बड़ा निशाना लड़कियां और महिलाएं ही होती हैं। लड़कियों का शरीर ही जंग का मैदान बनता है। अब दोनों महिलाएं अपने समुदाय का प्रतिनिधि बन चुकी हैं। भीड़ में अनेक लोग तमाशबीन भी होंगे। आज भले ही समाज यौन हिंसा के विरोध में खड़ा दिखाई देता है, लेकिन पुलिस प्रशासन और कानून पालक एजेंसियां यौन हिंसा करने वालों के साथ दिखाई देती हैं। अगर ऐसा न होता तो मणिपुर में दो महीने पहले हुई घटना के आरोपियों को पकड़?लिया जाता। सारी कार्रवाई वीडियो वायरल होने के बाद ही की गई। देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने यहां तक कह दिया है कि दो महीने में मणिपुर में सब कुछ ध्वस्त हो चुका है। संवैधानिक मशीनरी तबाह हो चुकी है। कोर्ट इस कद्र नाराज थी कि उसने अगली सुनवाई के दौरान मणिपुर के डीजीपी को मौजूद रहने का निर्देश भी दे डाला। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर से कुछ तीखे सवाल पूछे। मणिपुर की तरफ से पेश हुए महाअधिवक्ता ने बताया कि अब तक 6523 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 252 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिए हाईकोर्ट के पूर्व जजों की कमेटी बनाने की बात कही जो नुक्सान मुआवजे, पीड़ितों के बयान दर्ज करने की तारीखों आदि का ब्यौरा लेगी। कोर्ट ने अब तक की गई कार्रवाई का पूरा ब्यौरा मांगा। मणिपुर में जातीय संघर्ष में महिलाओं के साथ यौन हिंसा की यह अकेली घटना नहीं है। ऐसी अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं। नफरत की राजनीति की ऐसी मानसिकता देश के लिए घातक हो सकती है। मुजफ्फरनगर हो या गुजरात या फिर कठुआ, जब भी दंगे हुए हमलावर समूह दूसरे समूह की महिलाओं के साथ यौन हिंसा करता नजर आया। ऐसी हिंसा को केवल यौन हिंसा समझना भूल है। ऐसी यौन हिंसा समुदाय के खिलाफ है। समाज और संविधान के मूलभूत ढांचे के खिलाफ है। इस यौन हिंसा को कानूनी तौर पर अलग दृष्टि से देखना जरूरी है। राज्य और पुलिस प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। इसके लिए तय वक्त में केस का निपटारा बहुत जरूरी है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देना जरूरी है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो भविष्य में जातीय वर्चस्व स्थापित करने के? लिए हर कोई दूसरे समुदाय की महिलाओं के सम्मान से खेलने लगेंगे और महिलाओं का जीवन बदतर होता जाएगा। अगर वीडियो वायरल न हुआ होता तो लोग यौन हिंसा के आरोपों को मानते ही नहीं। मणिपुर में तीन महीने से किसी का कोई न कोई अपना मारा जा रहा है। बच्चे अनाथ हो रहे हैं। बूढ़े मां-बाप से उनके बुढ़ापे का सहारा छीना जा रहा है। गांव जलाए जा रहे हैं। एक गांव में मैतेई रहते हैं तो सामने वाले गांव में कुकी और नगा। बीच में खाइयां खोद दी गई हैं और लोग बंदूकें लेकर खड़े हैं। कुकी और मैतेई दोनों के बीच का द्वेष रोज गहराता नजर आ रहा है। यह लड़ाई आरक्षण?की है, जमीन की है या संसाधनों की लड़ाई है। हर कोई अपने नजरिये से देख रहा है। यह द्वेष बहुत पुराना है और अब यह समय के साथ नासूर बन चुका है, जिसका दर्द पूरे मणिपुर को झेलना पड़ रहा है। इंसान और इंसानियत रोज मर रही है। हर कोई यही चाहता है कि ?हिंसा करने वालों को जल्द दंडित किया जाए।कुछ वर्ष पहले की बात है 2007 में असम में भी इस तरह की घटना हुई?थी जिसमें महिला के कपड़े फाड़कर उसे सड़क पर दौड़ने को कहा गया और उसकी तस्वीरें भी खींची गई। उस महिला के कई इंटरव्यू लिए गए और उसकी तस्वीरें भी वायरल हुई। मणिपुर में दो महिलाओं का वीडियो वायरल कर उनकी पहचान सबको बता देना और भी बुरा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर कड़ा ऐतराज जताया है। मणिपुर खेलों में बड़े-बड़े राज्यों से आगे है। मणिपुर ने देश को मैरीकॉम तथा ?डंको सिंह जैसे महान मुक्केबाज दिए हैं। चानू मीराबाई जैसी शानदार वेट लिफ्टर भी मणिपुर से है। मणिपुर ने देश को गौरव और आनंद के अनेक अवसर दिए। राज्य में लोगों को वो जख्म मिले हैं जिसके निशान मणिपुर के इतिहास को हमेशा कलंकित करेंगे। आम जनमानस का सवाल यही है कि राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन तमाशबीन क्यों बना रहा?

## सहजयोग में नाभि चक्र के संतुलन से अष्टलक्ष्मी की कृपा का संचार होता है

जैसे - जैसे मानव सभ्यता का विकास हुआ, मानव बुद्धि का विकास हुआ, बुद्धि के विकास से मनुष्य ने अनेक संसाधनों का निर्माण किया जो प्रारंभ में कार्य की सुगमता के लिए थे परंतु कालांतर में प्रतिष्ठा का पर्याय बन गए। साधनों व वस्तुओं की बहुतायत ने मनुष्य में उन्हें पाने की लालसा को जन्म दिया और यही लालसा वर्तमान में व्याप्त असंतुष्टि का कारण है। शास्त्रों में इस संसार को भवसागर कहा गया है इसको पार करने का अर्थ होता है परमात्मा से एकाकार होना। वास्तव में यह भवसागर बाहर नहीं बल्कि हमारे भीतर ही स्थित होता है। सूक्ष्म शरीर में नाभि चक्र के चहुं ओर भवसागर विद्यमान होता है। नाभि चक्र श्री लक्ष्मी नारायण का स्थान है। इस चक्र से श्री अष्टलक्ष्मी अपने प्रभाव का प्रसारण करती हैं अष्टलक्ष्मी अर्थात् समृद्धि, प्रतिष्ठा, सफलता, कल्याण, धन, पारिवारिक प्रसन्नता, सामूहिकता, आध्यात्मिक उन्नति व शुद्ध विद्या आदि के आशीर्वाद का प्राप्त होना। परंतु इन आशीर्वादों की प्राप्ति के लिए हमें नाभि चक्र के संतुलन की आवश्यकता होती है। इसके लिए सर्वप्रथम हमारे भीतर संतुष्टि, धैर्य, शांति, देने का भाव विकसित होना आवश्यक है क्योंकि यही श्री लक्ष्मी जी के मूलभूत गुण हैं। धन भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आवश्यक है परन्तु धन की लिप्सा व कृपणता हमारे नाभि चक्र को, जो कि यकृत (लिवर) व पेट के अन्य हिस्सों से संबंधित है असंतुलित कर देती है। यह असंतुलन अनेक रोगों को जन्म देता है साथ ही साथ धन प्राप्त होने के पश्चात भी सौभाग्य की प्राप्ति नहीं हो पाती। स्थूल रूप में भी पेट का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इसका सीधा संबंध भोजन से होता है जो हमें ऊर्जा प्रदान करने का कार्य करता है। भोजन सादा, पौष्टिक ऋतुचर्या के अनुसार होना चाहिए। भोजन के विषय में इच्छा या अनिच्छा से अधिक प्रेम की अनुभूति होनी चाहिए। बहुत अधिक चिंतित अवस्था में, जल्दबाजी में भोजन नहीं किया जाना चाहिए इससे पाचन क्रिया पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। शांतिपूर्ण व आनंदपूर्वक तरीके से भोजन ग्रहण करना एक कला है जो अनेक समस्यायों का स्वयं ही निराकरण होती है। इसके अतिरिक्त भोजन के स्त्रोत अर्थात् भोजन को तैयार करने वाला व्यक्ति व उसके भाव भी महत्वपूर्ण होते हैं। हमारे यहां तो कहावत भी है कि,जैसा खाए अन्न वैसा बने मन। स्वस्थ व संतुलित नाभि चक्र ही हमें भवसागर के पार पहुंचा सकता है। सहजयोग में कुंडलिनी जागरण के पश्चात् सूक्ष्म शरीर के संतुलन व आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है जो हमें जीवन के प्रत्येक आयाम, सामाजिक, शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक का आनंद प्रदान करता है। सहजयोग की विस्तृत जानकारी निम्न साधनों से पा सकते हैं।

टोल फ्री नं -1800 2700 800

बेवसाइट? - sahajayoga.org.in

# क्या आप जानते हैं इन शुभ परंपराओं का राज?

### शास्त्रों की बात, जानें धर्म के साथ

हिन्दू धर्म में पूजा के समय कुछ बातें अनिवार्य मानी गई है। जैसे प्रसाद, मंत्र, स्वास्तिक, कलश, आचमन, तुलसी, मांग में सिंदूर, संकल्प, शंखनाद और चरण स्पर्श। आइए जानते हैं इनका क्या पौराणिक महत्व है-

### प्रसाद क्यों चढ़ाया जाता है?

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा- हे मनुष्य! तू जो भी खाता है अथवा जो भी दान करता है, होम-यज्ञ करता है या तप करता है, वह सर्वप्रथम मुझे अर्पित कर। प्रसाद के जरिए हम ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं। इसके अलावा यह उसके प्रति आस्थावान होने का भी भाव है।

### मंत्रों का महत्व

देवता मंत्रों के अधीन होते हैं। मंत्रों के उच्चारण से उत्पन्न शब्द- शक्ति संकल्प और श्रद्धा बल से द्विगुणित होकर अंतरि?क्ष में व्याप्त ईश्वरीय चेतना से संपर्क करती है और तब अंतरंग पिंड एवं बहिरंग ब्रह्मांड एक अद्भुत शक्ति प्रवाह उत्पन्न करते हैं, जो सिद्धियां प्रदान करती हैं।

### पूजन में स्वस्तिक का महत्व-

गणेश पुराण में कहा गया है कि स्वस्तिक चिह्न भगवान गणेश का स्वरूप है, जिसमें सभी विघ्न-बाधाएं और अमंगल दूर करने की शक्ति है। आचार्य यास्क के अनुसार स्वस्तिक को अविनाशी ब्रह्म की संज्ञा दी गई है। इसे धन की देवी लक्ष्मी यानी श्री का प्रतीक भी माना गया है।

ऋग्वेद की एक ऋचा में स्वस्तिक को सूर्य का प्रतीक भी माना गया है, जबकि अमरकोश में इसे आशीर्वाद, पुण्य, क्षेम और मंगल का प्रतीक माना गया है। इसकी मुख्यत- चारों भुजाएं चार दिशाओं, चार युगों, चार वेदों, चार वर्णों, चार आश्रमों, चार पुरुषार्थों, ब्रह्माजी के चार मुखों और हाथों समेत चार नक्षत्रों आदि की प्रतीक मानी जाती है। भारतीय संस्कृति में स्वस्तिक को कल्याणकारी माना गया है। सर्वत्र यानी चतुर्दिक शुभता प्रदान करने वाले स्वस्तिक में गणेशजी का निवास माना जाता है। यह मांगलिक कार्य होने का परिचय देता है।

### मांगलिक कार्यों का कलश

धर्मशास्त्रों के अनुसार कलश को सुख-समृद्धि, वैभव और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। देवी पुराण के अनुसार मां भगवती की पूजा-अर्चना करते समय सर्वप्रथम कलश की स्थापना की जाती है। नवरा?त्र पर मंदिरों तथा घरों में कलश स्थापित किए जाते हैं तथा मां दुर्गा की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की जाती है। मानव शरीर की कल्पना भी मिट्टी के कलश से की जाती है। इस शरीररूपी कलश में प्राणिरूपी जल विद्यमान है। जिस प्रकार प्राणविहीन शरीर अशुभ माना जाता है, ठीक उसी प्रकार रिक्त कलश भी अशुभ माना जाता है। इसी कारण कलश में दूध, पानी, अनाज आदि भरकर पूजा के लिए रखा जाता है। धार्मिक कार्यों में कलश का बड़ा महत्व है।

### आचमन तीन बार ही क्यों?

वेदों के मुताबिक धार्मिक कार्यों में तीन बार आचमन करने को प्रधानता दी गई है। कहते हैं कि तीन बार आचमन करने से शारीरिक, मानसिक और वाचिक तीनों प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है और अनुपम अदृश्य फल की प्राप्ति होती है। इसी कारण प्रत्येक धार्मिक कार्य में तीन बार आचमन करना चाहिए।

### तुलसी जगाए सौभाग्य

जो व्यक्ति प्रतिदिन तुलसी का सेवन करता है, उसका शरीर अनेक चंद्रायण व्रतों को फल के समान पवित्रता प्राप्त कर लेता है। जल में तुलसीदल (पत्ते) डालकर स्नान करना तीर्थों में स्नान कर पवित्र होने जैसा है और जो व्यक्ति ऐसा करता है वह सभी यज्ञों में बैठने का अधिकारी होता है।

**मांग में सिंदूर क्यों सजाती हैं विवाहिता?**

### मांग में सिंदूर सजाना-

सुहागिन स्त्रियों का प्रतीक माना जाता है। यह जहां मंगलदाय माना जाता है, वहीं इससे इनके रूप-सौंदर्य में भी निखार आ जाता है। मांग में सिंदूर सजाना एक वैवाहिक संस्कार भी है।

शरीर-रचना विज्ञान के अनुसार सौभाग्यवती स्त्रियां मांग में जिस स्थान पर सिंदूर सजाती हैं, वह स्थान ब्रह्मरंध्र और अहिम नामक मर्मस्थल के ठीक ऊपर है। स्त्रियों का यह मर्मस्थल अत्यंत कोमल होता है।

इसकी सुरक्षा के निमित्त स्त्रियां यहां पर सिंदूर लगाती हैं। सिंदूर में कुछ धातु अधिक मात्रा में होता है। इस कारण चेहरे पर जल्दी झुर्रियां नहीं पड़तीं और स्त्री के शरीर में विद्युतीय उत्तेजना नियंत्रित होती है।

### संकल्प की जरूरत-

धार्मिक कार्यों को श्रद्धा-भक्ति, विश्वास और तन्मयता के साथ पूर्ण करने वाली धारण शक्ति का नाम ही संकल्प है। दान एवं यज्ञ आदि सद्कर्मों का पुण्य फल तभी प्राप्त होता है, जबकि उन्हें संकल्प के साथ पूरा किया गया हो। कामना का मूल ही संकल्प है और यज्ञ संकल्प से ही पूर्ण होते हैं।

### धार्मिक कार्यों में शंखनाद

अथर्ववेद के मुताबिक शंख अंतरिक्ष, वायु, ज्योतिर्मंडल और सुवर्ण से संयुक्त होता है। शंखनाद से शत्रुओं का मनोबल निर्बल होता है। पूजा-अर्चना के समय जो शंखनाद करता है, उसके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और वह भगवान श्रीहरि के साथ आनंदपूर्वक रहता है। इसी कारण सभी धार्मिक कार्यों में शंखनाद जरूरी है।

### क्यों है चरण स्पर्श की परंपरा?

चरण स्पर्श की क्रिया में अंग संचालन की शारीरिक क्रियाएं व्यक्ति के मन में उत्साह, उमंग, चैतन्यता का संचार करती हैं। यह अपने आप में एक लघु व्यायाम और यौगिक क्रिया भी है, जिससे मन का तनाव, आलस्य और मनो-मालिन्यता से मुक्ति भी मिलती है।

हवन कुण्ड में 'स्वाहा' क्यों बोलते हैं?

### जानिए रहस्य

वास्तव में अग्नि देव की पत्नी हैं स्वाहा। इसलिए हवन में हर मंत्र के बाद होता है इनका उच्?चारण। जानिए विस्तार से..........

**स्वाहा का अर्थ** - सही रीति से पहुंचाना। दूसरे शब्दों में कहें तो जरूरी पदार्थ को उसके प्रिय तक सुरक्षित पहुंचाना। श्रीमद्भागवत तथा शिव पुराण में स्वाहा से संबंधित वर्णन आए हैं.....!

**मंत्र पाठ करते हुए स्वाहा कहकर ही हवन सामग्री भगवान को अर्पित करते हैं......!**

हवन या किसी भी धार्मिक अनुष्ठान में मंत्र पाठ करते हुए स्वाहा कहकर ही हवन सामग्री, अर्घ्य या भोग भगवान को अर्पित करते हैं। लेकिन, कभी आपने सोचा है कि हर मंत्र के अंत में बोले जाने वाले शब्द स्वाहा का अर्थ क्या है..!

दरअसल कोई भी यज्ञ तब तक सफल नहीं माना जा सकता है जब तक कि हवन का ग्रहण देवता न कर लें। लेकिन, देवता ऐसा ग्रहण तभी कर सकते हैं जबकि अग्नि के द्वारा स्वाहा के माध्यम से अर्पण किया जाए। श्रीमद्भागवत तथा शिव पुराण में स्वाहा से संबंधित वर्णन आए हैं। इसके अलावा ऋग्वेद, यजुर्वेद आदि वैदिक ग्रंथों में अग्नि की महत्ता पर अनेक सूक्तों की रचनाएं हुई हैं..!

**पौराणिक-कथा**

पौराणिक कथाओं के अनुसार, स्वाहा दक्ष प्रजापति की पुत्री थीं। इनका विवाह अग्निदेव के साथ किया गया था। अग्निदेव अपनी पत्नी स्वाहा के माध्यम से ही हविष्य ग्रहण करते हैं तथा उनके माध्यम से यही हविष्य आह्वान किए गए देवता को प्राप्त होता है....!

**धर्म**



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

वहीं, दूसरी पौराणिक कथा के मुताबिक अग्निदेव की पत्नी स्वाहा के पावक, पवमान और शुचि नामक तीन पुत्र हुए....!

स्वाहा की उत्पत्ति से एक अन्य रोचक कहानी भी जुड़ी हुई है। इसके अनुसार, स्वाहा प्रकृति की ही एक कला थी, जिसका विवाह अग्नि के साथ देवताओं के आग्रह पर संपन्न हुआ था। भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं स्वाहा को ये वरदान दिया था कि केवल उसी के माध्यम से देवता हविष्य को ग्रहण कर पाएंगे। यज्ञीय प्रयोजन तभी पूरा होता है जबकि आह्वान किए गए देवता को उनका पसंदीदा भोग पहुंचा दिया जाए.....!

**4 अगस्त 2023-आज कैसा बीतेगा 12 राशियों का दिन, जानें अपना राशिफल**

**मेष राशि**

**आज का राशिफल**-बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। यात्रा होगी। व्यावसायिक अथवा निजी काम से सुखद यात्रा हो सकती है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। दूसरों से न उलझें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**उपाय-आज जातक घर में गौतम बुद्धा रखेंगे तो आपका बिगड़ा काम बन जाएगा।**

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-लाल**

**वृषभ राशि**

**आज का राशिफल**-अप्रत्याशित खर्च होंगे। तनाव रहेगा। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम न लें। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। भूल करने से विरोधी बढ़ेंगे। कार्यक्षेत्र का विकास एवं विस्तार होगा। उपहार मिल सकता है। संतान की चिंता दूर होगी।

**उपाय-आज बच्चों की सैतानियों को नजरअंदाज कर दें, तो आपका काम बनेगा।**

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-सफेद**

**मिथुन राशि**

**आज का राशिफल-** रुका हुआ धन मिल सकता है। निवेश शुभ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोमांस में सफलता मिलेगी, प्रसन्नता रहेगी। स्वयं के ही प्रयासों से जनप्रियता एवं मान-सम्मान मिलेगा। रुका काम समय पर पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा, नई योजनाएं बनेंगी।

**उपाय-घर में कोई भी जानवर चाहे कुत्ता या बिल्ली पाल लें, लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-1**
**शुभ रंग-हल्का हरा**

**कर्क राशि**

**आज का राशिफल-** वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रोजगार बढ़ेगा। सतर्कता से कार्य करें। संतान के व्यवहार से सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। व्यापार में नए अनुबंध आज नहीं करें। आर्थिक तंगी रहेगी।

**उपाय-आज घर में स्वास्तिक बनायें और मोर पंख लाये**

**शुभ अंक-9**
**शुभ रंग-गुलाबी**

**सिंह राशि**

**आज का राशिफल-** तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। बाहरी सहायता से काम होंगे। ईश्वर में रुचि बढ़ेगी। कामकाज की अनुकूलता रहेगी। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। रोमांस में सफलता मिलेगी, आपसी संबंधों को महत्व दें। पूंजी संचय की बात बनेगी।

**उपाय-आज जातक घर से निकलते वक्त दाया पैर को पहले निकालें, काम बनेगा।**

**शुभ अंक-3**
**शुभ रंग-बैंगनी**

**कन्या राशि**

**आज का राशिफल-** चोट व रोग से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। दूसरों पर विश्वास हानि देगा। कार्य में बाधा होगी। पत्नी से आश्वासन मिलेगा। स्वयं के निर्णय लाभप्रद रहेंगे। मानसिक संतोष, प्रसन्नता रहेगी। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। दूसरों की नकल न करें।

**उपाय-आज सोते वक्त सिरहाने पानी रखें और सुबह उसे 7 बार उबार कर पेड़ में डाल दें,फिर देखें लाभ।**

**शुभ अंक-7**
**शुभ रंग-पीच**

**तुला राशि**

**आज का राशिफल-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्यों में विलंब से चिंता होगी। मानसिक उद्विग्नता रहेगी। पारिवारिक जीवन संतोषप्रद रहेगा।

**उपाय-गाय को रोटी देंगे तो धन की समस्या दूर होगी।**

**शुभ अंक-3**
**शुभ रंग-नीला**

**वृश्चिक राशि**

**आज का राशिफल-** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। व्यापार में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्य के विस्तार की योजनाएं बनेंगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी।

**उपाय-आज नारंगी रंग का कपड़ा पहनकर ही किसी खास काम को करें लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-8**
**शुभ रंग-सफेद**

**धनु राशि**

**आज का राशिफल-** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। लाभदायक समाचार मिलेंगे। प्रेम-संबंधों में सफलता मिलेगी। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। व्यापार अच्छा चलेगा।

**उपाय-आज किसी भी अधेड़ उम्र की महिला को लाल रंग की साड़ी देंगे तो नौकरी में लाभ होगा।**

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-पीला**

**मकर राशि**

**आज का राशिफल-** शोक समाचार मिल सकता है। काम में मन नहीं लगेगा। विवाद से बचें। मेहनत अधिक होगी। आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। सोचे काम समय पर नहीं हो पाएंगे। व्यावसायिक चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा।

**उपाय-अच्छी सेहत और शादी के लिए सूर्य को तांबे के लोटे से जल चढ़ाएं।**

**शुभ अंक-9**
**शुभ रंग-गुलाबी**

**कुंभ राशि**

**आज का राशिफल-** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। कार्य पूर्ण होंगे। आय बढ़ेगी। मनोरंजक यात्रा होगी। प्रसन्नता रहेगी। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

**उपाय-आज जातक घर में राधा-कृष्ण की फोटो ना हो तो लगाएं, परिवार के साथ संबंध मधुर रहेंगे।**

**शुभ अंक-8**
**शुभ रंग-काला**

**मीन राशि**

**आज का राशिफल-** पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम न लें। लाभ होगा। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएं रखें। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं। नई योजनाओं की शुरुआत होगी।

**उपाय-आज जातक का प्यार बना रहें इसके लिए मन्दिर में हरे मूंग का दान करें, आपका उत्साह बना रहेगा।**

**शुभ अंक-2**
**शुभ रंग-हरा**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

# (सार्थक, भावपूर्ण साक्षात्कार)शिक्षा क्षेत्र को समर्पित एक सरल सौम्य, विलक्षण व्यक्तित्व डॉ. अंजनी कुमार शुक्ल

### (पूर्व अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा एवं निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष)

अत्यंत सरल, सौम्य तथा नियमित तथा अनुशासित दिनचर्या के धनी डॉक्टर अंजनी कुमार शुक्ल ने बताया कि वे बाल्यकाल से ही शिक्षा के लिए समर्पित रहे हैं और उनका शिक्षा जगत में आने का उद्देश्य मानव को मानवीय संवेदनाओं तथा मानवता से साक्षात्कार कराने का रहा है इसके अलावा छात्रों में मानवीय मूल्यों को उभार कर उनका सर्वांगीण विकास कराना था। वह हमेशा से चाहते रहे हैं देश के ग्रामीण क्षेत्र खासकर अनुसूचित जाति जनजाति में शिक्षा का शत प्रतिशत प्रचार-प्रसार हो जिससे आडंबर ,अंधविश्वास तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों से बचाया जा सके एवं उन्हें उच्च शिक्षा देकर समाज के उच्च स्थानों में स्थापित किया जा सके। उनका उद्देश्य यह भी रहा है कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त अंधविश्वास एवं गलत व्यसन आदि से छात्रों को बचाकर उनका सर्वांगीण विकास कर समाज में उचित स्थान में स्थापित करें। चूंकि शुक्ला जी ग्रामीण पृष्ठभूमि से रहे हैं अतः उनकी सदैव इच्छा रही है कि ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार हो और इसी संदर्भ और दिशा में उच्च शिक्षा विभाग में अपनी सेवा काल में सार्थक तथा अनथक प्रयास भी किए हैं। जिसके लिए वे छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में लगातार अपनी सेवाएं देकर प्रयासरत रहे हैं। वे खुद भी व्यक्तिगत तौर पर कई छात्रों को आर्थिक सहयोग देकर आगे पढ़ने ,बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते रहे हैं। इस दिशा में इनके परिवार के सदस्यों ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है उनके एक भाई आध्यात्मिक दिशा में एक स्थापित नाम हैं एवं इसके अलावा ऑर्थोपेडिक सर्जन के रूप मे, आईएएस अधिकारी के रूप में, बैंक में महाप्रबंधक तथा महाविद्यालय शिक्षा में प्राध्यापक रूप में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।शिक्षा की लगाई गई यह बेल अब पूरे परिवार में लहलहा रही है उनके पुत्र, पुत्र वधू, पुत्री, दामाद तथा भाइयों के पुत्र पुत्रियां उच्च पदस्थ डॉक्टर, इंजीनियर और प्रशासनिक सेवा में अपनी सेवाएं समाज में दे रहे हैं। वे लगातार शिक्षा के क्षेत्र में लोगों को विशेषज्ञ सलाह देते रहते हैं और स्त्री शिक्षा के बड़े हिमायती भी हैं।

ग्रामीण परिवेश में किसान परिवार में जन्म लेकर डॉक्टर अंजनी कुमार शुक्ल ने प्राथमिक तथा हायर सेकेंडरी राहोद ग्राम जिला जांजगीरसे प्राप्त की। 1971 में स्नातक परीक्षा ग्राम खरौद के महाविद्यालय से उत्तीर्ण कर स्नातकोत्तर राजनीति शास्त्र में की इसके पश्चात सीएमडी कॉलेज बिलासपुर से पॉलिटिकल साइंस में स्नातकोत्तर उपाधि में प्रावीण्य सूची में तृतीय स्थान प्राप्त किया था। उसके पश्चात विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन से राजनीति शास्त्र में एम,फिल कर प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉ अंजनी कुमार शुक्ला ने 1990 में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर से राजनीति शास्त्र में ही पीएचडी कर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की ,उल्लेखनीय है कि ग्रामीण परिवेश से निकले एक कृषक पुत्र द्वारा शिक्षा के उच्चतम प्रतिमान स्थापित कर छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश के कई कॉलेज में व्याख्याता, प्राध्यापक ,परियोजना अधिकारी, कुलसचिव एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य का दायित्व ईमानदारी ,लगन एवं सत्य निष्ठा से सुशोभित किया,उन्हें उनकी विशिष्ट योग्यता, लगन तथा लगातार इमानदारी पूर्वक सराहनीय कार्य करने के फल स्वरुप अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा के रूप में पदस्थ किया गया । उसके पश्चात उन्हें उनकी उच्च गुणवत्ता की सेवा का ध्यान रखते हुए विश्वविद्यालय ने महाविद्यालय विकास परिषद रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के संचालक का पद सौंपा, उन्हें 2017 अप्रैल में महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग रायपुर का अध्यक्ष यानी चेयर पर्सन नियुक्त किया गया। यह किसी ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थी के लिए जिसने अपनी शिक्षा दीक्षा ग्राम के स्कूलों में प्राप्त कर शिक्षा के प्रति अपनी लगन को दर्शाते हुए एक नया कीर्तिमान बनाया। वे सर्वप्रथम तत्कालीन मध्यप्रदेश के अधीन रायपुर जिले की भगवान राजीव लोचन की पवित्र नगरी राजिम के एक निजी महाविद्यालय से अपनी सेवाएं प्रारंभ कर अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा तक की यात्रा में दो बार लोक सेवा आयोग की परीक्षा जिसमें प्रथम बार व्याख्याता एवं द्वितीय परीक्षा में प्रोफेसर पद के लिए चयनित हुए और फिर उसके बाद इनकी पदोन्नति लगातार होती रही। वे कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर के कुलसचिव भी रहे। सीधे ,सरल,सौम्य एवं नियमित दिनचर्या के धनी डॉ,अंजनी शुक्ला जी संस्कृत तथा गीता के एक अच्छे ज्ञाता भी हैं उन्हें गीता के श्लोकों का कंठस्थ ज्ञान है।इसके अलावा डॉक्टर शुक्ला लोक सेवा आयोग छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के विशेषज्ञ चयनकर्ता एवं परीक्षक भी हैं उन्हें समय-समय पर साक्षात्कार के लिए एवं लोक सेवा आयोग के पदों के परीक्षार्थियों के चयन के लिए आमंत्रित किया जाता है। इसके अतिरिक्त वे आमंत्रण पर कई महाविद्यालय में व्याख्यान देने के लिए अपनी सेवाएं प्रदान करते रहते हैं। डॉक्टर अंजनी कुमार शुक्ला का स्कूली शिक्षा से लेकर अब तक का जीवन शिक्षा मानवता एवं मानवीय संवेदनाओं को समर्पित रहा है आज भी लगातार लोगों को शिक्षा के प्रति एवं मानवीय संवेदना के प्रति प्रोत्साहित करते रहते हैं वह युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत और ऊर्जा स्त्रोत भी हैं। उनके शतायु होने की शुभकामनाओं के साथ मंगलकामनाएं।



-संजीव ठाकुर

*संजीव-नी।*

### *प्रभु साथ दो मेरा*

*प्रभु साथ दो मेरा*
*जहां भी हो अंधेरा*
*राह में सत्य की*
*सदैव साथ हो तेरा।*
*जहां लोभ का डेरा*
*पथ में न्याय के*
*चलूं मैं अकेला*
*प्रभु साथ दो मेरा।*
*वासना के प्रबल*
*आंधी तूफान मचल-मचल*
*सदैव करते मुझे निर्बल*
*प्रभु साथ दो मेरा।*
*रोता है मन मेरा*
*शिशु सा भोला, निर्मल*
*पानें को बार-बार*
*मां की ममता अपार।*
*प्रभु लगा दो पार*
*नाव पड़ी मझधार*
*हर सांस के संग मेरी*
*प्रभु कृपा हो तेरी।*
*प्रभु साथ दो मेरा*
*जहां से चलूं अकेला*
*आशाओं से भरा सवेरा*
*समर्पित दिन सारा मेरा।*
*समर्पित तुम्हें दिन मेरा*
*बीत जाता प्रभु कोरा*
*सुबह शाम उड़ते पंछी सा*
*प्रभु तुम साथ दो मेरा।*
*अब रह गया तेरा ही सहारा,*
*प्रभु साथ दो मेरा।*
*-संजीव ठाकुर*

# संत शिरोमणि रविदास जी की सामाजिक समरसता यात्रा आज जिले के सोनकच्छ में

## यात्रा को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष व विधायक पवार ने ली प्रेस वार्ता

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संत रविदास जी के मंदिर निर्माण हेतु प्रदेश भर में निकाली जा रही सामाजिक समरसता आज 4 अगस्त को जिले के सोनकच्छ विधानसभा में प्रवेश करेगी। यात्रा के लेकर गुरूवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय देवास पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खण्डेलवाल ने बताया कि सोनकच्छ विधानसभा के निपानिया हुरहुर में यात्रा प्रवेश् करेगी जो पीपलरावां होते हुए चौबारा पहुंचेगी, जहां यात्रा का समापन होगा। वहीं रात्रि विश्राम सोनकच्छ में होगा। अगले दिन 5 अगस्त को यात्रा देवास विधानसभा मे रहेगी। वहीं 6 अगस्त को हाटपीपल्या में जन संवाद का कार्यक्रम होगा। यात्रा 12.30 बजे हाटपीपलया से प्रस्थान कर बागली विधानसभा मे प्रवेश करेगी तथा यात्रा चापडा होते हुए बिजवाड़, कांटाफोड़, सतवास से कन्नौद पहुंचेगी, जहां पर यात्रा का रात्रि विश्राम होगा। अगले दिन 7 अगस्त को कन्नौद में प्रातः 11 बजे यात्रा का जन संवाद कार्यक्रम होगा। उसके बाद 12.30 बजे कन्नौद से प्रस्थान कर यात्रा कुसमानिया होते हुए सीहोर जिले में प्रवेश करेगी। समरसता यात्रा जिले के गांवों से एक मुठ्ठी मिट्टी और पवित्र नदियों का जल एकत्र करेगी, जहां 12 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 35 एकड़ में 100 करोड रुपए की लागत से निर्मित होने वाले संत श्री रविदास मंदिर का शिलान्यास करेंगे। यात्रा में प्रमुख रूप से यात्रा प्रभारी पूर्व सांसद चिंतामण मालवीय, सह प्रभारी व भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री भगवान परमार शामिल रहेंगे। प्रेस वार्ता में यात्रा संयोजक मनीष सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष लीलाबाई अटारिया, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सह संयोजक संजू दायमा उपस्थित थे।




### विधायक पवार ने भी दी जानकारी

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए देवास विधायक श्रीमती गायत्री राज पवार ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी की सामाजिक समरसता यात्रा 5 अगस्त को देवास आएगी, जो दोपहर 2 बजे सयाजी द्वार पहुंचेगी। इसके बाद मुख्य यात्रा शहर के तहसील चैराहा, नावेल्टी चौराहा होते हुए नाहर दरवाजा पहुंचेगी। यहां पर जन संवाद का कार्यक्रम होगा, जिसमें शहर के कई गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

## विधानसभा की प्राक्कलन समिति की बैठक आज

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति की बैठक 4 अगस्त को प्रातः 11 बजे महेश्वर में आयोजित की गई है। समिति द्वारा पर्यटन विभाग के जिला स्तर के अधिकारियों एवं जिला कलेक्टर के साथ संयुक्त बैठक आयोजित करेंगे। मध्यप्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति में विधायक श्री रामपाल सिंह सभापति हैं। इस समिति में विधायकगण श्री लक्ष्मण सिंह, कुंवर विक्रम सिंह, श्री तरूण भनोत, श्रीमती नीना विक्रम वर्मा, श्री चेतन्य कुमार काश्यप, श्री वीरेन्द्र रघुवंशी, श्री सुदेश राय, श्री मनोज नारायण सिंह चौधरी, श्री आलोक चतुर्वेदी तथा डॉ. हिरालाल अलावा सदस्य हैं। विशेष आमंत्रित के रूप में लोक लेखा समिति के सभापति श्री पी.सी. शर्मा शामिल होंगे। समिति के सदस्यगण 4 अगस्त को 9 बजे इंदौर से प्रस्थान कर 10:30 बजे महेश्वर आयेंगे। आयेंगे। वे दोपहर 2 बजे महेश्वर से ओंकारेश्वर के लिये रवाना होंगे।

## निगम कार्यालय का आयुक्त ने किया निरीक्षण



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा ने निगम कार्यालय मे सभी विभागो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी पृथक-पृथक विभागों में संचालित हो रहे कार्यों की समीक्षा की। पेंशन, स्टोर,स्वास्थ्य, लोक निर्माण, वाहन, एनयूएलएम, राजस्व, जलप्रदाय, लेखा, सामान्य प्रशासन, जन्म मृत्यु शाखा, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि विभागो मे संचालित विभागीय कार्यो से संबंधित कार्यो की जानकारी ली। राजस्व विभाग के निरीक्षण के दौरान की जा रही राजस्व वसुली की जानकारी राजस्व अधिकारी प्रवीण पाठक ने दी। शासन द्वारा संचालित सभी प्रकार की पेंशन योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों को दी जा रही पेंशन की जानकारी ली जाने के साथ ही समग्र आईडी के संबंध मे विस्तृत जानकारी विभागीय कम्प्युटर आपरेटर से ली। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने उपायुक्त वित्त पुनित शुक्ला को सभी विभागों के नेम प्लेट लगाने के भी निर्देश दिये। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान जो कर्मचारी अपने कार्यालय मे उपस्थित नही मिले उनको कारण बताओ सूचना पत्र दिये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के पश्चात आयुक्त श्री कसेरा ने सभी विभागीय अधिकारियो एवं कर्मचारियो के साथ विभागवार बैठक आहूत कर निगम से संचालित कार्यो की समीक्षा कर किये जा रहे कार्यो को सुचारू रूप से किये जाने के निर्देश दिये।

## विधायक गायत्री राजे पवार के मुख्य आतिथ्य में मंडी बोर्ड स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने स्वर्ण जयंती महोत्सव मनाया



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंडी बोर्ड स्थापना (1973-2023) के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आज कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण क्रमांक-1 में देवास विधायक श्रीमती गायत्रीराजे पवार के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर एसडीएम श्री टी. प्रतीक राव, महापौर प्रतिनिधि श्री दुर्गेश अग्रवाल, उपसंचालक कृषि श्री आरपी कनेरिया, मंडी सचिव आर के साकेत, डॉ महेंद्रसिंह जादौन, श्री मनीष सिंह, श्री भारत सिंह पटलावदा, उपसंचालक आत्मा श्रीमती नीलम सिंह चौहान, श्री मुकेश सिंह, श्री शिवराज सिंह, मुकेश चौधरी, जगदीश नागर, मुकेश पटेल, मुकेश नागर, जनप्रतिनिधिगण, कृषकगण, व्यापारीगण, हम्माल/तुलावटीगण सहित संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती गायत्रीराजे पवार ने कहा कि मंडी बोर्ड स्थापना वर्ष 1973 में हुई। आज हम मंडी बोर्ड के स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती महोत्सव के रूप मना रहे हैं। हम सभी के लिए बड़ी ही खुशी की बात है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किसानों के हित के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं का लाभ पाकर कृषकगणों ने खेती को लाभ का धंधा बनाया है। उन्होंने कहा कि आज किसानों के खेतों में नर्मदा पानी पहुंचाने का कार्य।

## गरीबों को निःशुल्क मिलेगी कानूनी सलाह, पैरालीगल वालेन्टियर की होगी नियुक्ति

### आवेदन की अंतिम तिथि 05 अगस्त

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कार्य किया जाता है जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पैरालीगल वालेन्टियर की नियुक्ति की जाती है।**

पैरालीगल वालेन्टियर जरूरतमंद व्यक्तियों को कानूनी सलाह देने, सहायता करने का कार्य करते हैं। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि पैरालीगल वालेन्टियर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को कानूनी जानकारी उपलब्ध करायेंगे। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर, देवास में 05 अगस्त 2023 तक आवेदन किया जा सकता है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के अंतर्गत संचालित योजनाओं में निःशुल्क कार्य करने के इच्छुक सामाजिक कार्यकर्ता/रिटायर्ड अधिकारी/ कर्मचारी/शिक्षक, एम.एस.डब्ल्यू स्टुडेंट एवं शिक्षक, स्टुडेंट और लॉ स्टूडेन्ट जो अधिवक्ता के रूप में नामांकित न हो) एन.जी.ओ. क्लब के सदस्य, महिला समूह, मैत्रीसंघो, स्व-सहायता के सदस्य एवं 10वी पास व्यक्ति पैरालीगल वालेन्टियर बनने लिए आवेदन कर सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर, देवास में 05 अगस्त 2023 तक आवेदन किया जा सकता है।

आवेदन का प्रारूप कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर देवास एवं तहसील विधिक सेवा समिति, न्यायालय परिसर सोनकच्छ, बागली, कन्नौद, खातेगांव, टोंकखुर्द में संपर्क कर आवेदन जमा कर सकते हैं।

## संत रविदास समरसता यात्रा का ग्राम चौमा में किया भव्य स्वागत





### वृहद पैमाने पर जनसमूह यात्रा में सम्मिलित हुआ

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संत शिरोमणि श्री रविदास समरसता यात्रा का जिले के मो.बड़ोदिया विकासखंड के ग्राम चौमा में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इसी तरह मो.बड़ोदिया में भी यात्रा का भव्य स्वागत, अभिनंदन किया गया।

रविदास समरसता यात्रा का स्वागत जनप्रतिनिधियों तथा विशाल संख्या में उपस्थित नागरिकगणों ने किया। पूरे रास्ते में यात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगणों ने चरण पादुका का पूजन किया, मस्तक पर कलश धारण किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए, जहां से यात्रा पर नागरिकों द्वारा आत्मीयता के साथ पुष्पवर्षा की गई। आगर से श्री चिंतामन राठौर, यात्रा प्रभारी मधु गहलोत एवं जन अभियान परिषद जिला समन्वयक प्रेमसिंह चौहान द्वारा समरसता यात्रा को सौंपा गया। जिसमें मो. बड़ोदिया के जगदीश पाल, बड़ागांव के जयप्रकाश जामलिया, जन अभियान परिषद जिला समन्वयक विष्णु नागर, बसंत रावत, रामकिशन राजपूत, दिनेश मटेवा, बड़ागांव के ओमप्रकाश, चंद्रवंशी, संतोष राजपूत, विक्रम तवर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## रिमझीम बारिश से मौसम में घुली ठंडक, लोगों को मिली राहत

### दिनभर छाए रहे बादल, अब 15 तक नहीं बारिश की संभावना

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में भले ही पर्याप्त बारिश न हुई हो, लेकिन रह-रहकर हो रही रिमझीम बारिश ने शहरवासियों को राहत जरूर दी है, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। गुरूवार को भी दिनभर आसमान पर बादल छाए रहे और ठंडी हवाओं के साथ रिमझीम फुहारों ने शहर में डेरा डाले रखा। यह सिलसिला आगामी 15 अगस्त तक चलेगा। इसके बाद ही बारिश का कोई नया सिस्टम बनने के आसार हैं।

पिछले एक सप्ताह से शहर में बारिश न के बराबर हुई है। इससे लग रहा था कि उमस और तीखी धूप से लोगों को परेशानी होगी, लेकिन बारिश के एवज में बरसी फुहारों ने मौसम में ठंडक घोल दी, जिससे लोगों को राहत मिली हुई है। गुरूवार को भी दिनभर रिमझीम फुहारों का दौर चलता रहा। वीं बीच-बीच में चली ठंडी हवाओं से भी मौसम सुहावना हो गया। जबकि बारिश न होने के चलते शहर का तापमान जुलाई में भी 35 डिग्री पहुंच गया था जो गुरूवार को 26.9 और 23.9 तक पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि आगामी 15 अगस्त तक मौसम के यही हाल रहेंगे और बारिश की ज्यादा संभावना नहीं है। हालांकि मौसम में ठंडक बनी रहेगी।

**15 तक नहीं है बारिश की संभावना**-श्री धनोतिया के मुताबिक आगामी 10 से 12 दिनों तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। केवल आसमान पर बादल छाएंगे और इसी तरह की हल्की बारिश होती रहेगी। उन्होंने बताया कि इसके बाद 15 अगस्त तक ही कोई नया सिस्टम बन सकता है जिसमें तेज बारिश हो सकती है। इसके पूर्व बारिश की कोई संभावना नहीं है।

## मेरे बहू और बेटा करते हैं मारपीट, जमीन नाम कराने का बना रहे दबाव

### 70 वर्षीय बुजुर्ग ने सुनेरा थाने में की शिकयत



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम पचोला बनहल निवासी एक 70 वर्षीय बुजुर्ग ने सुनेरा थाने पहुंचकर अपनी बहू, बेटे और पोते के खिलाफ शिकायत की है। जिसमें उसने बताया कि वे उससे जमीन अपने नाम करवाना चाहते हैं। जिसके चलते वे मेरी पत्नी ओर मेरे साथ मारपीट करते हैं।बुजुर्ग रामप्रताप पिता उम्मीद निवासी पचोला बनहल ने बताया कि हमारे घर की लड़ाई में बुजुर्ग की बहू और बेटा द्वारा मारपीट की जाती है। बुजुर्ग खेती का काम करता है। बुजुर्ग के 4 बेटे है। सबसे बड़ा बेटा कन्हैया जिसकी पत्नी लक्ष्मी बाई और उसका लड़का आए दिन मुझसे और मेरी पत्नी शांताबाई से जमीन नाम से करने की बात को लेकर मारपीट करते हैं। मेरी पत्नी पैर से विकलांग है। मेरी बहू और पोता उससे भी मारपीट करते हैं। उन्होंने थाने पर शिकायत कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## तीन छात्रों का सुपर-100 योजना में हुआ चयन

### 201 विद्यार्थी हुए थे शामिल, 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी हुए चयनित

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश शासन की मेधावी छात्रों के लिए सुपर 100 योजना अंतर्गत शाजापुर जिले से उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर में अध्ययनरत तीन छात्र युवराज-मनोज मेहता, सुजल-देवनारायण सौराष्ट्रीय तथा पवन-जगदीश विश्वकर्मा का चयन हुआ है। सुपर 100 के लिए आयोजित परीक्षा में शाजापुर केंद्र पर 201 विद्यार्थी इस चयन परीक्षा में सम्मिलित हुवे थे। सुपर 100 योजना में शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा दसवीं में जो 70 प्रतिशत से अधिक अंको से पास होते हैं उन बच्चों के लिए शासन द्वारा सुपर 100 परीक्षा दिनांक 2 जुलाई एवं 3 जुलाई को आयोजित की गई थी।

इस परीक्षा के माध्यम से चयनित होने वाले विद्यार्थियों का पढ़ाई लिखाई और भोजन का खर्च शासन वहन करती हैं। इस योजना के दो स्कूल सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर भोपाल और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार आश्रम इंदौर मे संचालित हैं, जिसमें 11वी 12वी की पढ़ाई के साथ जेईई, एनईईटी, सीएलएटी की 2 वर्षो की कोचिंग पढ़ाई एवं भोजन नाश्ता आदि का खर्च शासन उठाती हैं। छात्र युवराज के चयन पर प्राचार्य प्रवीण कुमार मंडलोई सहित स्टाफ के सदस्यों ने छात्र को शुभकामनाएं प्रदान कर स्वागत किया।

### सुपर 100 योजना क्या है?

म.प्र. सुपर-100 योजना में प्रदेश के शासकीय स्कूलों के म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित 10वी बोर्ड परीक्षा में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में से सुपर 100 योजना की चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। चयनित विद्यार्थियों को योजनान्तर्गत कक्षा 11वी एवं 12वी में शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल/शासकीय मल्हाराश्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इन्दौर में प्रवेश दिया जाता है और इन स्कूलों में अध्ययन के साथ-साथ देश के प्रख्यात व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे इंजीनियरिंग/मेडिकल/सी.ए.फाउंडेशन आदि में प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से प्रवेश हेतु आवश्यक कोचिंग प्रदान की जाने की योजना है।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में दिनांक 03.08.2023 (गुरूवार) को उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन भोपाल के निर्देशानुसार इंडक्शन (दीक्षारंभ) कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. शेरू बेग ने नई शिक्षा नीति एवं महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के संबंध में छात्राओं को जानकारी प्रदान की। श्रीमती दीपिका गुप्ता ने अजा, अजजा वर्ग की पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति और आवास सहायता से संबंधित जानकारी दी। डॉ. ऋचा सक्सेना ने स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन, इको क्लब और युवा उत्सव के बारे में बताया। श्रीमती शबाना कुरैशी ने मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना, मुख्यमंत्री मेधावी योजना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित जानकारी दी। श्री नीतेश गुप्ता ने पिछड़ा वर्ग पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति एवं खेल विधा से संबंधित जानकरी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप कुमार सिंह ने किया। डॉ. सिंह ने प्रवेश संबंधी जानकारी के साथ ही गांव की बेटी, प्रतिभा किरण और अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नवप्रवेशित छात्राएं मौजूद थी।

## शाजापुर पहुंची समरसता यात्रा, लोगों ने पादुका दर्शन कर की पूजा-अर्चना

### पीएम करेंगे संत रविदास के मंदिर का भूमिपूजन





**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अनुसूचित जाति वर्ग को साधने के उद्देश्य से बीजेपी द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी का 100 करोड़ की लागत से मंदिर निर्माण कराया जा रहा है। इससे पहले बीजेपी प्रदेश मे संत शिरोमणि रविदास समरसता रथ यात्रा निकाल रही है। जिसकी शुरुआत प्रदेश के सिंगरौली से हुई। जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था। जो प्रदेश के कई हिस्सों से होते हुए सागर पहुंचेगी।

इसी क्रम में संत शिरोमणि रविदास समरसता रथ यात्रा 2 तारीख को शाजापुर जिले में प्रवेश किया। जिसमें गुरुवार को शाजापुर जिले के कई क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए शाजापुर पहुंची। जहां भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ साथ सभी लोगों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया ओर एक विशाल कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर किया गया। आपको बता दें कि यह यात्रा 4 तारीख तक शाजापुर जिले के भ्रमण पर रहेगी जिसमें जगह-जगह यात्रा का स्वागत भव्य तरीके से किया जाएगा और जहां-जहां से यात्रा गुजर रही है वहां वहां बड़ी संख्या में लोग पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन भी कर रहे हैं। यात्रा को लेकर जिला पंचायत सीईओ संतोषकुमार टैगोर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह यात्रा की पूरी व्यवस्था करें। रविदास समरसता यात्रा का स्वागत जनप्रतिनिधियों तथा विशाल संख्या में उपस्थित नागरिकगणों ने किया। पूरे रास्ते में यात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगणों ने चरण पादुका का पूजन किया, मस्तक पर कलश धारण किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए, जहां से यात्रा पर नागरिकों द्वारा आत्मीयता के साथ पुष्पवर्षा की गई।

### 12 अगस्त को सागर पहुंचेगी यात्रा

संत श्री रविदास जी चरम शिल्पी थे लेकिन जो भी कमाते थे। वह दीन-दुखियों की मदद के लिए खर्च कर देते थे क्योंकि संत रविदास जी का जन्म ही परोपकार के लिए हुआ था। संत रविदास अद्भुत संत थे। जिन्होंने मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने के साथ भारतीय संस्कृति व मूल्यों को आगे बढ़ाने का कार्य किया। सागर में 102 करोड़ की लागत संत शिरोमणि रविदास जी का भव्य मंदिर बनेगा। मंदिर निर्माण के लिए समरसता यात्रा निकाली जा रही है जो कि 53 हजार गांवों में पहुंचेगी। प्रेम, सद्भाव व एकता का संदेश देने के साथ प्रत्येक गांव की मिट्टी व प्रदेश के 315 नदियों का जल संग्रह कर 12 अगस्त को यात्रा सागर पहुंचेगी। जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर का शिलान्यास करेंगे।

## सन्त शिरोमणि रविदास जी महाराज रथ यात्रा



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।**आज दिनांक 3/8/23 को सन्त शिरोमणि रविदास जी महाराज रथ यात्रा। सन्त रविदास जी महाराज के सन्देश को लेकर 'समरसता यात्रा' का आयोजन मप्र सरकार द्वारा किया जा रहा है जो कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से पूरे प्रदेश में जा रही है। यह समरसता यात्रा शाजापुर में 2 बजे से ग्राम पनवाड़ी से प्रारंभ हुई ।यात्रा में संत रविदास जी के चरण पादुका और कलश रखे हुए है। यात्रा में संत रविदास यात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। गांधी हाल शाजापुर के पास कंचन वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसायटी शाजापुर व वार्ड 26 नगर विकास प्रस्फुटन समिति शाजापुर द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।यात्रा के दौरान संभाग समन्वयक श्री शिव प्रसाद मालवीय,जिला समन्वयक विष्णु नागर ,ब्लॉक समन्वयक बसंत रावत,कंचन सोसायटी से नवीन वर्मा, डॉ जीवन सिंह गुर्जर ,दीप ज्योति संस्था से घनश्याम नागर,स्वामी विवेकानंद से दिलीप चौधरी,वंदे मातरम् से शान्तिलाल,राहुल विश्वकर्मा, एमएसडब्लू छात्रा गायत्री वर्मा,जैन,संजू कारवा,यशस्वी वर्मा,हर्षवर्धन वर्मा।

# सरदारपुर में आम आदमी पार्टी अपनी मुख्य मांगों को लेकर अनशन पर बैठे



**धार /मनीष जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले की सबसे बड़ी तहसील होने के बावजूद भी सदरपुर मूलभूत सुविधा के लिए आज भी वंचित नजर आ रहा है नगर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही है इसका जीता जागता उदाहरण स्वास्थ्य सेवाएं सरदारपुर कितनी बड़ी तहसील होने के बावजूद भी यहां स्वास्थ्य सेवाएं लचर स्थिति है नगर सुधार पुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होने के बाद बावजूद भी यह मूलभूत सुविधा ना होने के कारण मरीज को अन्यत्र निजी अस्पताल में इलाज करवाने मजबूरी हो गई है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरदारपुर में मूलभूत सुविधा ना होने से मरीजों को भटकना पड़ता है ऊंचे दाम पर निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता इस बार से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की लेक्चरर हालात सामने दिखाई दे रही है चुनाव आते ही नेता लोग अपने स्वार्थ के लिए जनता को गुमराह करती है और चुनाव जीतने के बाद जनता की ओर ध्यान नहीं दिया जाता है और इन्हें मूलभूत सुविधा के लिए भटकना पड़ता है धार जिले की सबसे बड़ी तहसील होने के बावजूद भी मूलभूत सुविधा से वंचित सरदारपूर हैं स्वास्थ्य सेवा के प्रति सरकार को सकारात्मक रुख अपनाना होगा तभी स्वास्थ्य सेवाएं सुधर पाएगी

वही सबसे बड़ी समस्या खरमोर अभ्यारण जिससे हजारों किसानों की संचित भूमि खरमोर अभ्यारण की भेंट चल गया यह समस्या विकराल रूप आज तक कोई समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है खरमोर अभ्यारण के तहत हजारों किसान की भूमि इसमें इस अभ्यारण में शामिल हो गई है जिसके कारण वहां पर जिसका कोई उपयोग ही नहीं है और ऐसी ही बंजर अवस्था में पड़ी है जबकि कर्म और अभ्यारण के अंतर्गत यह ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय पक्षी है ऑस्ट्रेलिया के पक्षी सुरक्षित करने के लिए वहां की सरकार ने भारत सरकार को अनुदान दिया जिससे उनकी सुरक्षा उपाय जिसके चलते भी सरदारपुर तहसील की अधिकांश भूमि को खरमोर अभियान से चिन्हित किया गया तब से लेकर आज तक इस भूमि का कोई निराकरण नहीं हो पाया है

वही कोराना काल में सेवा देने कर्म वीर योद्धा को उनकी सेवा का उचित लाभ देखकर उन्हें सरकारी नौकरी के लिए योग्य माने तभी उनकी सेवा का उचित मान मिल पाएगा इन कर्मवीर योद्धा के द्वारा कोराना काल में अपनी सेवा देकर हजारों मरीजों की जान बचाई उन्हें इन का उचित पारितोषिक मिलना चाहिए । इन सभी तीन प्रमुख मांगों को लेकर आम पार्टी के कार्यकर्ता अनशन पर बैठे हैं इसमें धार जिला आम पार्टी जिला उपाध्यक्ष राकेश सोलंकी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कि हमारी तीन प्रमुख मांगें इन मांगों को नहीं माना गया तो यह अनशन चलता रहेगा।

## कलेक्टर द्वारा बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने एवं स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया



**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय सजवानी बड़ी विकासखण्ड रानापुर का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर द्वारा बच्चो को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। सप्ताह, माह, वर्णमाला पढाई गई, बच्चो ने उत्साह पूर्ण सिखा। बच्चो से नाम पुछ्कर उनको नाम लिखना सिखाया गया। विद्यालय में शौचालय की व्यवस्था के सम्बन्ध में बातचीत की गई। बच्चों को स्वच्छता के बारे में समझाया गया कि प्रतिदिन खाने से पहले एवं शौचालय जाने के बाद साबुन से हाथ धोना चाहिए। कलेक्टर द्वारा बच्चो एवं शिक्षको का उपस्थिति रजिस्टर चेक किया गया। यहां पर शिक्षक अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए गए। विद्यालय के बाहर कचरा होने से अप्रसन्नता व्यक्त कर साफ-सफाई के निर्देश दिए गए। इस दौरान तहसीलदार राणापुर सुखदेव डावर एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर जाकर जांचे आवेदन

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवराज सिंह वर्मा ने गुरुवार को शहर व आसपास के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बुधवार से प्रारम्भ हुए मतदाता पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा की। शुरुआत में वे नगर के पशु चिकित्सालय स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 87 और 90 पर पहुँचे। यहां बीएलओ संतोष पटेल से आज दूसरे दिन पुनरीक्षण कार्यों की जानकारी ली। बीएलओ द्वारा अनिल शर्मा, वंदना परसाई, दामोदर महाजन, पद्मा महाजन और श्रेया महाजन के आवेदन प्राप्त किये गए जिनके नाम शिफ्ट किये जाने हैं। इस संबंध में बीएलओ द्वारा की गई कार्यवाही की जांच करने पर पता चला। साथ ही बीएलओ श्री पटेल से एप्प के माध्यम से की गई प्रविष्टि भी देखी। यहां के बाद वे नगर के मतदान केंद्र क्रमांक 177 व जैतापुर के 178, 179 और 189 मतदान केंद्र पर बीएलओ द्वारा एकत्रित किये गए फॉर्म की पूरी जानकारी ली।

**बीएलओ को नए और शिफ्टटेड मतदाता समझना होगा-** जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान केंद्रों का अवलोकन करने के बाद स्थिति सामने आई कि बीएलओ को सम्बन्धित मतदाता या आवेदन के लिए टिप्पणी लिखनी होगी। नए मतदाता जो 1 अक्टूबर को 18 वर्ष के हुए उनके फॉर्म 6 में आवेदन भरे जाएंगे, अन्य स्थानों से शिफ्ट हुए है उनके लिए अलग फॉर्म भरना होगा। साथ ही जिस मतदान केंद्र से शिफ्ट हुआ है उससे जानकारी लेनी होगी। इसके अलावा तस्दीक के लिए कोई पहचान पत्र भी लेना होगा। बुधवार से 1541 मतदान केन्द्रों पर पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ हुआ है।

# खेत में कपड़ो में लिपटी मिली नवजात, रोने की आवाजें सुन किसानों देखा

**धार /मनीष जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के गंधवानी क्षेत्र में मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई हैं। यहां पर एक निर्दयी मां डिलीवरी के बाद अपनी बच्ची को लावारिस अवस्था में छोड़कर चली गई। गुरुवार सुबह खेत पर काम करने के लिए ग्रामीण पहुंचे तो बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी। यहां उन्हें बच्ची एक कपड़े में लिपटी दिखाई दी। जिसके बाद डायल 100 पुलिस टीम सहित 108 एम्बुलेंस मौके पर आई व बच्ची को तत्काल समीप के अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने नवजात का स्वास्थ्य परीक्षण किया।



परीक्षण में बच्ची पूरी तरीके से स्वस्थ पाई गई है। हालांकि बच्ची नवजात होने के कारण उसे अब गंधवानी से रेफर किया जा रहा है। ताकि बच्ची को बेहतर स्वास्थ्य लाभ डॉक्टरों की टीम द्वारा दिया जा सके। इधर, पूरे मामले की जांच में अब गंधवानी पुलिस टीम जुट गई है। पुलिस बच्ची की मां को लेकर तलाश में जुटी है, ताकि इस तरह से बच्ची को जन्म देने के बाद खेत में लावारिस अवस्था में छोड़कर जाने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा सके।

सरपंच ने दी सूचना-गंधवानी विकासंखड के ग्राम मोरीपुरा में स्थित मक्का के खेत में बच्ची को सबसे पहले देखा गया था। बच्ची को लेकर सूचना गांव के सरपंच ने पुलिस को दी थी। सुबह के समय हल्की बारिश में बच्ची खेत में पड़ी हुई थी, ग्रामीणों ने बच्ची को दूसरे कपड़े में लपेट कर खटिया पर रख दिया था। ताकि बारिश से बच्ची को बचाया जा सके। 108 एम्बुलेंस के पायलट सहित डॉक्टर बच्ची को लेकर स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। यहां पर ही बच्ची का चैकअप किया गया।

### एक-दो दिन पहले ही हुई डिलीवरी

डॉक्टर के अनुसार बच्ची की डिलीवरी एक से दो दिन पहले हुई है। जिसके बाद उसे कोई लावारिस अवस्था में छोड़कर चला गया। थाने के उनि अनुप बघेल के अनुसार सरपंच ने गांव से सूचना दी थी, बच्ची को कोई अज्ञात व्यक्ति लावारिस अवस्था में छोड़कर गया है। प्राथमिक उपचार के बाद अब नवजात को शिशु गहन चिकित्सा इकाई के लिए रेफर किया जा रहा हैं, मामले में वैधानिक कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

## जिले में पिछले 24 घण्टे में 0.7 एमएम हुई औषत वर्षा

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घण्टे में जिले की गोगांवां तहसील में 3 एमएम, सेगांव में 2 एमएम तथा भीकनगांव और झिरन्या तहसील में 1-1 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह जिले में पिछले 24 घण्टे में 0.7 एमएम औषत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से आज दिनांक तक कुल 322.28 एमएम औषत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष आज दिनांक तक कुल 424.28 एमएम औषत वर्षा दर्ज की गई थी।

## आज मुख्यमंत्री प्रदेश के 9 हजार जनसेवा मित्रों को देंगे नियुक्त पत्र

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को प्रातः 11:30 बजे मुख्यमंत्री यूथ इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत प्रदेश के जनसेवा मित्रों से संवाद करेंगे। साथ ही प्रदेश के प्रत्येक जिलों के विकासखण्डों में नियुक्त करीब 9 हजार इंटर्न्स मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों को नियुक्ति पत्र वितरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन होगा।

# युवा मतदाताओं को नाम मतदाता सूची में जुड़वाने में राजनैतिक दल सहयोग करें - जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह

### मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक सम्पन्न

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने में सभी राजनैतिक दल सहयोग करें, यह अपील कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक में की। कलेक्टर ने बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की जानकारी देते हुए कुल मतदान केन्द्र, मतदाता एवं अगस्त माह में लगने विशेष शिविरों की जानकारी दी। बैठक में राजनैतिक दल के अशोक प्रजापत, बंशीलाल पाटीदार, बाबूलाल, जोगचंद, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी फोटो निर्वाचन नामावली के द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत 2 अगस्त से 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन और दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के लिए बीएलओ द्वारा सभी मतदान केन्द्रों पर आवेदन लिए जाएंगे। इसके साथ ही जो व्यक्ति 1 अक्टूबर 2023 की तारीख पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन लिए जाएंगे। 31 अगस्त तक प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण 22 सितंबर तक किया जाएगा। 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। कलेक्टर ने जिले के सभी मतदाताओं से आग्रह किया है जो 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं तथा जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा हैं वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं। भारत निर्वाचन आयोग के वर्तमान निर्देशों के पालन में अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 के संदर्भ में दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएगी।



### शनिवार एवं रविवार को लगेंगे विशेष शिविर

द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत शनिवार एवं रविवार को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 12, 13 और 19 एवं 20 अगस्त को लगाएं जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।

## किसानों के लिए मंडी विश्वास का नाम है- कलेक्टर श्री वर्मा

### मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर कृषि मंडी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए मंडी विश्वास का नाम है। यहां किसान, व्यापारी, तुलावटी और हम्माल सब समन्वय स्थापित करें तो किसानों को सहूलत होती है। समन्वय स्थापित होने से मंडिया दूर-दूर तक जानी जाती हैं। बलवाड़ी स्थित मंडी में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किसानों और मंडी के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान मंडी प्रांगण में कलेक्टर श्री वर्मा ने मंडी कर्मचारियों और किसानों के साथ पौधारोपण भी किया। इस दौरान एसडीएम श्री भास्कर गाचले, तहसीलदार श्री मुकेश मचार, कृषि मंडी सचिव श्री लक्ष्मण ठाकुर, कृषि विभाग के श्री प्रकाश ठाकुर, भारतीय किसान संघ अध्यक्ष श्री सदाशिव पाटीदार, मप्र पाठ्य पुस्तक निगम के उपाध्यक्ष श्री भागीरथ कुमरावत, सांसद प्रतिनिधि श्री महिमाराम पाटीदार, कपास व गल्ला व्यापारी संघ के व्यापारी व अन्य उपस्थित रहे।

### शिक्षक विषय को कहानी के रूप में प्रस्तुत करें

## स्कूलों के निरीक्षण के दौरान पायथागोरस नियम से त्रिकोणमिति के जटिल विषय समझाएं

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा अपनी कार्य शैली को फिर बरकरार रखते हुए छात्रों से स्कूलों में रूबरू हुए। इस दौरान वे पढ़ाने में इतने व्यस्त हुए कि आगे के कार्यक्रम में देरी से पहुँचे। कलेक्टर श्री वर्मा जब भी भ्रमण पर निकलते हैं तो स्कूल जाना और विद्यार्थियों को पढ़ाना नहीं भूलते। गुरुवार को भी वे जब भ्रमण पर रहे। इस दौरान प्रेमनगर, बलवाड़ी और गोगांवा की उत्कृष्ठ विद्यालयों में पढ़ाने में अधिकांश समय बिताया। उन्होंने प्रेमनगर में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को 2 के पहाड़े से 20 का पहाड़ा बनाने के लिए प्रेरित किया। तो एक बच्चा अपने मन से पहले 12 और फिर 20 का पहाड़ा बना लिया। उन्होंने रुक-रुक कर जैसे वो 12 में फिर 12 और पुनः 12 जोड़कर सुनाता चला गया। इसी तरह प्रेमनगर में कक्षा 2 के छात्र ने एबीसीडी सुनाई। इस दौरान एसडीएम श्री भास्कर गाचले व तहसीलदार सहित प्राचार्य भी मौजूद रहे।

**रटने की आदत नहीं सोचने की लत लगानी चाहिए-**कलेक्टर श्री वर्मा ने बलवाड़ी हाई स्कूल और गोगांवा के उत्कृष्ठ विद्यालय में पहले विद्यार्थियों को पायथागोरस प्रमेय के सूत्र से त्रिकोणमिति के जटिल सवालों को हल करने की आसान विधि समझाई। साथ ही इसके व्यावहारिक उपयोग के बारे में बताते हुए समझाया कि किसी गांव जाने वाले मार्ग में कोई आपत्ति है तो किसी दूसरे मार्ग से घूमकर जाना पड़ता है।

# कलेक्टर श्री सिंह ने मतदाता जागरूकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

### आगर-मालवा जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्र में एक-एक जागरूकता वाहन भ्रमण कर मतदाताओं को करेगा जागरूक

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने गुरूवार को आगर-मालवा जिले की विधानसभा आगर एवं सुसनेर में भ्रमण हेतु एक-एक मतदाता जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करने एवं मतदान से संबंधित प्रक्रिया को सुलभ रूप से समझाने के लिए भ्रमण करेंगे।




कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि जागरूकता वाहन विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक मतदान केंद्रों के साथ भीड़- भाड़ वाले क्षेत्रों, हाट-बाज़ार, स्कूल एवं कॉलेज आदि में जाकर मतदाताओं को जागरूक करेंगे। सभी जागरूकता वाहनों पर एलईडी वॉल लगाई गई है, जिस पर मतदाता जागरूकता संबंधी अनेक फिल्मों का प्रदर्शन कर मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक कर अपने मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित किया जायेगा। इसी के साथ जागरूकता वाहनों पर ईवीएम एवं वीवीपेट का भी प्रदर्शन कर मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया समझाई जाएगी।

मतदाता जागरूकता के साथ इन वाहनों का उद्देश्य 2 से 31 अगस्त तक चलने वाले द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण -2023 अंतर्गत मतदाताओं से अपील की जायेगी कि जिन मतदाताओं ने 18 वर्ष की उम्र पूरी कर ली है साथ ही जो मतदाता 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, वे अपने मतदान केन्द्र पर बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से भी नाम जोड़ने आवेदन ऑनलाइन किया जा सकता है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मनीषा कौल, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र सिंह सेंगर व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में मृतक और गंभीर घायल को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम कोठा पोस्ट रेयत तहसील खण्डवा के चमारसिंग पिता तेरसिंह की 13 अप्रैल 2022 को अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। मृत्यु पश्चात स्वयं चमारसिंग की पत्नी फुलकीबाई को मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 161 सोलेशियम फण्ड योजनान्तर्गत 25 हजार रूपये की आर्थित क्षतिपूर्ति सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है। यह स्वीकृति भगवापुरा तहसीलदार द्वारा घटना के प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच एवं खरगोन एसडीएम की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त द्वारा स्वीकृत की गई है। वहीं एक अन्य प्रकरण में 20 जून 2021 को ग्राम निमाडखेड़ी (खेड़ी बुजुर्ग) तहसील पुनासा के रविन्द्र पिता नन्दलाल की अज्ञात वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गंभीर गायल स्वं रविन्द्र पंवार को भी सोलेशियम फण्ड योजना के तहत 7 हजार 5 सौ रूपये की स्वीकृति दी गई है। यह स्वीकृति सनावद तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच एवं बड़वाह एसडीएम की अनुशंसा पर स्वीकृत की गई है।

# विकास की नई उड़ान भर रहा है, नित आगे बढ़ रहा है नीमच -परिहार

### पायलट ट्रेनिंग सेंटर से अब नीमच के युवाओं का हवा में उड़ने का सपना हुआ साकार »» नीमच की हवाई पट्टी पर युवा सीख रहे हैं हवाई जहाज उड़ाना

**नीमच। (सतीश सैन)/देनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच बढ़ता हुआ शहर है, यहां विकास की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। जिसे नीमच क्षेत्र के विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार अपने प्रयासों से नित नवीन आयाम स्थापित करने में लगे हुए हैं। नीमच का नाम सीआरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर के रूप में पूरे देश भर में जाना जाता है उसी प्रकार अब नीमच का नाम देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी जाना पहचाना जाएगा। संभावनाओं की नवीन कड़ी के रूप में विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार के प्रयासो से हिंगोरिया स्थित नवीन हवाई पट्टी के विस्तार के साथ ही यहां चाइम्स एवियशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नए पायलटों की ट्रेनिंग का सेंटर स्थापित किया गया है। नीमच में नए पायलेटो की ट्रेनिंग की शुरूआत हो चुकी है। नीमच सहित प्रदेश एवं देश से आए युवा जो पायलट बनने का ख्वाब संजोए थे उनका सपना नीमच की लाल माटी पर साकार हो सकेगा। बहुप्रतीक्षित पायलट ट्रेनिंग सेंटर का अनौपचारिक रूप से शुभारंभ विगत दिनों हो चुका है। जिसमें चाइम्स एवियशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा नीमच के ग्राम हिंगोरिया स्थित हवाई पट्टी पर कमर्शियल पायलट लाइसेंस और प्राइवेट पायलट लाइसेंस ट्रेनिंग कोर्स शुरू कर चुकी है। इसके शुरू होने से प्राइवेट और कमर्शियल पायलट नीमच की लाल धरा पर तैयार हो सकेंगे। इस ट्रेनिंग सेंटर में नीमच सहित प्रदेश और देश विदेश के युवा हवाई जहाज उड़ाना सीख सकेंगे उनका हवा में उड़ने का सपना पूरा होगा, जो नीमच के लिए एक बहुत बड़ा उपहार साबित होगा। प्रदेश एवं जिले के ऐसे युवा जो हवाई जहाज उड़ाने का सपना देखते थे, लेकिन आर्थिक तंगी और अन्य हालातों की वजह से उनका सपना अधूरा रह जाता था। ऐसे युवाओं को अपने सपने साकार करने को बल मिलेगा। इसके तहत यहां 10 से अधिक हवाई जहाज सतत उड़ान भर रहे हैं। जिनकी संख्या आगामी समय में बढ़ाई जाएगी। इस कड़ी में अभी 100 से अधिक युवक युवतियां यहां स्थित हॉस्टल में रह अपनी पायलट ट्रेनिंग शुरू कर चुके हैं।

विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार द्वारा इसे नीमच जिले की एक बहुत बड़ी सौगात बताते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भारत सरकार के विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने मेरे आग्रह को स्वीकार कर नीमच को यह महत्वपूर्ण एवं महती सौगात दी है। यहां पायलट ट्रेनिंग सेंटर नीमच एवं क्षेत्र के युवाओं के लिए आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## जीडीसी में नैक मूल्यांकन टीम ने विभिन्न मापदंडों के तहत सूक्ष्मता से जांची गतिविधियां

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय कन्या महाविद्यालय खरगोन में नैक मूल्यांकन के लिए गुरूवार को नैक पीयर दल की डॉ. वंदना चक्रबर्ती, डॉ. सूगूमार एसएन, डॉ. पदमा पी. का महाविद्यालय आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. एमएस सोलंकी द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। दल ने सुबह 9 बजे से महाविद्यालय में मूल्याकन का कार्य प्रारम्भ किया। सर्वप्रथम संस्था प्राचार्य डॉ. एमके गोखले द्वारा पिछले पांच वर्षों की महाविद्यालय की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं महाविद्यालय के समग्र मूल्यांकन को पीपीटी द्वारा प्रस्तुत किया। नैक मूल्यांकन को प्रभावशाली बनाने के लिए अलग-अलग गतिविधियों के विभिन्न मापदंड तय किये गये थे। इन मापदंडों की सूक्ष्मता से जांच के पश्चात महाविद्यालय के विभागाध्यक्षों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभाग की गतिविधियों एवं उसके संधारण पर चर्चा की गई। तत्पश्चात विभागों का दौरा कर विभागों के कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिसमें समाजशास्त्र विभाग, गृह विज्ञान विभाग, रसायन विभाग, वनस्पति विभाग, प्राणीशास्त्र विभाग, भौतिक शास्त्र विभाग, कम्प्यूटर विभाग सम्मिलित है।

# पोस्ट मेट्रिक बालक छात्रावास में सब?जी से निकले कीड़े:4 महीने में दूसरी ऐसा घटना, जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

**नीमच(सतीश सैन) नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मनासा मार्ग स्थित शासकीय अनुसूचित बालक महाविद्यालय छात्रावास एक बार फिर सुर्खियों में है। यहां छात्रों को दिए जाने वाले खाने में परोसी सब्जी में कीड़े निकले हैं। घटना मंगलवार शाम के भोजन की समय की है। जब छात्रों को आलू टमाटर की सब्जी परोसी गई। जिसमें छात्रों ने कीड़े देखें इस पर छात्र भड़क गए।

गौरतलब है कि इससे पहले अप्रैल माह में भी इसी तरह दाल में कीड़े निकलने का मामला सामने आया था। जिसकी शिकायत छात्रों के द्वारा कलेक्टर जनसुनवाई में भी की गई थी। दोबारा इस तरह की घटना सामने आना हॉस्टल प्रबंधकों और जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। वहीं छात्रावास के छात्रों ने इसकी शिकायत जब आदिम जाति जिला संयोजक राकेश राठौर से की तो उन्होंने वास?तविकता जानने के लिए अधिकारी को जांच के लिए छात्रावास भेजा। जांच अधिकारी ने विस?तृत जांच के बाद पाया कि खाने से कीड़े निकले हैं।

### कुछ बच्चों ने तो कीड़े वाली सब्जी खाई

छात्र निलेश मेघवाल और विक्रम ने बताया कि मंगलवार को खाने के समय सभी छात्रों ने मैस से सब?जी लेकर अपने कमरे में रख ली। कुछ देर बाद छात्र खाना खाने लगे। उन?होंने देखा कि सब्जी में कीड़े पड़े थे। एक-एक कर सभी छात्रों ने सब्जी को ध?यान से देखा तो सभी की सब?जी में कीड़े थे। जबकि कुछ बच?चे कीड़े वाली सब्जी खा चुके थे। शाम करीब 8 बजे छात्रों ने छात्रावास अधीक्षक रमेश पवार को बुलाकर स्थिति से अवगत कराया।

फिर सभी छात्र अधीक्षक के साथ मैस में गए और कूकर में बची सब्जी देखी, तो उसमें भी कीड़े पाए गए। तो अधीक्षक रमेश पवार ने छात्रों से सब्जी फिकवा दी। वहीं बुधवार सुबह आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारी एसएस सोलंकी निरीक्षण करने पहुंचे। तो छात्रों ने एक लिखित आवेदन देकर शाम की घटना से अवगत कराया। इसके बाद जांच अधिकारी सोलंकी ने पंचनामा बनाया। बताया जा रहा है कि अधीक्षक रमेश पवार पिछले कई वर्षों से यहीं पर पदस्थ हैं।

कलेक्टर बोले- अधिकारियों को भेजकर जांच कराएंगे

नीमच कलेक्टर दिनेश जैन ने बताया कि छात्रावासों का संचालन करने की जिम्?मेदारी आदिम जाति कल्याण विभाग की है। डीओ को इस ओर ध?यान देना चाहिए। मेरे द्वारा उन?हें निर्देशित किया जाएगा कि ऐसा क?यों हो रहा है। बच्चों के लिए अच्छी से अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। छात्रावासों में बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विभागीय अधिकारी को निर्देशित करेंगे। राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी छात्रावास भेजकर जांच कराएंगे।

### कीड़े निकलना स्वीकार किया

आदिम जाति कल?याण विभाग के जांच अधिकारी और एओ एसएस सोलंकी ने कहा कि शिकायत मिली थी कि खाने में कीड़े निकले हैं। इस संबंध में डीओ सर ने जांच के लिए भेजा था। बच?चों की उपस्थिति में पंचनामा बनाया। बच?चों तथा दैनिक मजदूरी पर काम करने वाली महिला से पूछताछ की, तो उन?होंने बताया कि कीड़े निकले है। महिलाओं ने कीड़े निकलना स?वीकार किया है।

अधीक्षक का इनकार, नहीं निकले कीड़े

पोस?ट मेट्रिक बालक छात्रावास के छात्रावास अधीक्षक रमेश पवार ने कहा कि सब?जी में कीड़े नहीं निकले। बच?चों ने शिकायत की। आलू टमाटर की सब?जी में धनेरिये (गेहूं में पड़ने वाले कीड़े घुण) निकले हैं। खाना शाम को 6 बजे निकाला, तब तक सब ठीक था। बच्चों को डाइनिंग टेबल पर बैठाकर फोटो भी खिंचवाया। तब तक कीड़े नहीं थी, लेकिन 6 बजे मेस बंद होने के बाद में बच्चे रुम में खाना लेकर गए, तो सब्जी में धनेरिये निकल आए। वैसे भी आलू टमाटर की सब्जी में धनेरिये कहां से आएंगे, क्योंकि धनेरिये तो गेहूं में पड़ते है।

उज्जैन के विकास को लेकर अच्छा काम हुआ

# शहर को यहां आने वाले श्रद्धालुओं के हिसाब से विकसित करना होगा

**श्री रामपाल सिंह, सभापति, वि.स.प्राक्क लन समिति**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सभापति एवं अन्य सदस्य आज उज्जैन प्रवास पर आये। यहां उन्होंने संभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, जल संसाधन एवं नगरीय प्रशासन के निर्माण कार्यों की समीक्षा की एवं दिशा-निर्देश दिये। मध्य प्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सभापति श्री रामपाल सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सदस्य श्री लक्ष्मण सिंह, श्रीमती नीना विक्रम वर्मा, श्री मनोज नारायण सिंह चौधरी एवं डॉ.हीरालाल अलावा एवं समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य एवं लोकलेखा समिति के सभापति श्री पीसी शर्मा बैठक में शामिल हुए। बैठक में उज्जैन से विधायक श्री पारस जैन, श्री रामलाल मालवीय एवं श्री महेश परमार भी शामिल हुए व अपने क्षेत्र की समस्याएं रखी। बैठक के अन्त में सभापति श्री रामपाल सिंह ने कहा कि उज्जैन शहर का बहुत अच्छा विकास किया गया है। उन्होंने कहा कि शहर को यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के हिसाब से विकसित करना होगा।

बैठक में सर्वप्रथम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। अधीक्षण यंत्री द्वारा बताया गया कि उज्जैन संभाग में कुल 5825 ग्राम तथा 8216 बसाहटें हैं। जल जीवन मिशन के तहत उज्जैन संभाग में 738488 घरों में नल कनेक्शन दिये जा चुके हैं। संभाग में 2164 एकल योजनाएं स्वीकृत की गई है। सभी योजनाएं मार्च 2024 में पूरी होना है। बैठक में समिति के सदस्य श्री लक्ष्मण सिंह ने कहा कि नलकूप खनन के चलते भूजल स्तर निरन्तर गिर रहा है तथा अधिक गहरे नलकूपों के कारण फ्लोराइड की समस्या भी आ रही है। भूजल स्तर बढ़ाने के लिये वाटर शेड मैनेजमेंट पर अधिक से अधिक कार्य होना चाहिये। सदस्य श्री मनोज चौधरी ने समूह नल जल योजनाओं के पूर्ण होने का समय निर्धारित करने की बात कही तथा योजनाओं में देरी का कारण जानना चाहा। सदस्य श्रीमती नीना विक्रम वर्मा ने कहा कि आयेदिन गांवों में असफल ट्यूबवेल के गड्ढों में फंसने से बच्चों की मृत्यु की सूचना मिल रही है। इसे रोकने के प्रयास किये जाने चाहिये।



बैठक में इसके बाद लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। अधीक्षण यंत्री ने बताया कि संभाग में कुल 469 निर्माण कार्य प्रचलन में हैं तथा 82 का कार्य पूर्ण हो चुका है। समिति के सदस्य श्री लक्ष्मण सिंह ने सड़क निर्माण में कास्ट कम करने के लिये प्लास्टिक टेक्नालॉजी का उपयोग करने की बात कही। उज्जैन-कोटा मार्ग पर सड़क निर्माण के दौरान खेतों में पानी भरने की शिकायत पर एनएचआई को यह समस्या संज्ञान में लाने के निर्देश दिये गये। जल संसाधन विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधीक्षण यंत्री ने बताया कि संभाग में 46 परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं तथा संभाग में सिंचाई क्षमता को विकसित कर चार लाख 72 हजार हेक्टेयर करने का प्रयास किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग के संयुक्त संचालक द्वारा बैठक में जानकारी दी गई कि संभाग के सभी नगरीय निकायों में कुल 64 निर्माण कार्य प्रारम्भ किये गये हैं, इनमें से 12 पूर्ण हो चुके हैं। बैठक में संभागायुक्त डॉ.संजय गोयल, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, नगर निगम आयुक्त श्री रोशन सिंह एवं सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# 31 अगस्त तक चलेगा दस्तक अभियान

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दीपक पिप्पल ने बताया कि प्रदेश में बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से दस्तक अभियान संचालित किया जाता है। यह अभियान वर्ष में दो बार (अधिकतम 6 माह तथा न्यूनतम 4 माह के अंतराल में) आयोजित किया जाता है। अभियान के प्रथम चरण में 5 वर्ष की चिकित्सकीय जांच कर बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार/प्रबंधन पर बल दिया जाता है। इसी तारतम्य में वर्ष 2023-24 में दस्तक अभियान के प्रथम चरण का आयोजन 18 जुलाई से किया गया है, जो 31 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं के संयुक्त दल द्वारा 5 वर्ष तक के बच्चों के घर-घर जाकर उनकी चिकित्सकीय जांच एवं आवश्यक उपचार/प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु गतिविधियां संचालित की जायेंगी। समुदाय में बीमार नवजातो और बच्चों की पहचान प्रबंधन एवं रेफरल, 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान रेफरल एवं प्रबंधन, 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों के गंभीर एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्तरोग की पहचान एवं नियंत्रण हेतु ओ.आर.एस. एवं जिंक के उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरूकता एवं प्रत्येक घर में गृहभेंट के दौरान ओ.आर.एस. पहुंचाना।

सघन दस्त रोग पखवाड़े में आई.डी.सी.एफ. गतिविधि आयोजन जैसे 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में शैशव एवं बाल्यकालीन निमोनिया की त्वरित पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल, 9 माह से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को विटामिन ए अनुपूरण, बच्चों में दिखाई देने वाली जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलंब की पहचान, 5 वर्ष तक की आयु वाले बच्चों मे श्रवणबाधिता एवं दृष्टिदोष की पहचान/पुष्टि कर आर.बी.एस.के. कार्यक्रम में पंजीयन कर उपचारित कराना, समुचित शिशु एवं बाल आहारपूर्ति संबंधी समझाईश समुदाय को देना, एस.एन.सी.यू. एवं एन.आर.सी. से छुट्टी प्राप्त बच्चों मे बीमारी की स्क्रीनिंग तथा फॉलोअप को प्रोत्साहन, गृह भेंट के दौरान आंशिक रूप से टीकाकृत एवं छूटे हुये बच्चों की टीकाकरण स्थिति की जानकारी लेना।

# विश्व स्तनपान सप्ताह 7 अगस्त तक मनाया जायेगा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जायेगा। अभियान मंगलवार एक अगस्त से प्रारम्भ हो गया है। इस वर्ष के विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम ÷इनेवलिंग ब्रेस्ट-फीडिंग ़ मेकिंग अ डिफरेंस फॉर वर्किंग पेरेंट्स%% है। स्तनपान माँ और बच्चा, दोनों के लिये आवश्यक है। परिवार में एक माता को दोहरे दायित्वों का निर्वहन करना होता है। इसलिये यह आवश्यक है कि एक माँ को उसके परिवार से यथोचित सहयोग प्राप्त हो, ताकि वह अपने बच्चे को समुचित स्तनपान करा सके। स्तनपान के लाभ के संबंध में जागरूता बढ़ाने और स्तनपान को प्रोत्साहन देने की गतिविधियों को विश्व स्तनपान सप्ताह में किया जायेगा। इस संबंध में एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्त्य अधिकारी और सिविल सर्जन को निर्देश दिये हैं।इसमें स्तनपान सप्ताह के आयोजन के संबंध में जागरूकता बढ़ाई जायेगी। कॉउंसिलिंग ऑवर के दौरान सभी अस्पतालों में एएनसी ओपीडी और पीडियाट्रिक ओपीडी में आने वाली गर्भवती एवं धात्री माताओं, पीएनसी वार्ड में भर्ती प्रसूताओं और एसएनसीयू, एनवीएसयू, एनआरसी में भर्ती बच्चों की माताओं को स्तनपान संबंधी समझाइश दी जायेगी। सभी शासकीय प्रसव केन्द्रों में पदस्थ मेडिकल और पैरा-मेडिकल स्टॉफ, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर नवजात शिशु के जन्म के तुरंत बाद माताओं को स्तनपान कराने की समझाइश देंगे। स्वास्् विभाग द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं कि विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान मेटरनिटी एवं शिशु वार्ड के स्टॉफ नर्स और पोषण प्रशिक्षक भर्ती माताओं को सरल और रोचक ढंग से स्तनपान संबंधी परामर्श दें। क्विज के माध्यम से भर्ती माताओं का ज्ञानवर्धन करें। स्तनपान प्रोत्साहन संबंधी ऑडियो-वीडियो का प्रदर्शन करें। शीघ्र स्तनपान एवं 6 माह तक केवल स्तनपान के लिये गर्भवती प्रसूता के परिजन से शपथ ग्रहण करवाना सुनिश्चित करें। लेबर रूम के प्रभारी, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों, महिला चिकित्सकों और स्वास्ब संस्थाओं के प्रभारियों को स्तनपान के संबंध में जानकारी बढ़ाने के लिये समझाइश देने की जिम्मेदारी निर्वहन करने के लिये भी कहा गया है।

# पाप और पारा कभी किसी को नहीं पचता- मुनिश्री

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** व्यक्ति जब भी कोई पाप करता है तो एकांत या अंधेरे की खोज करता है, उसे डर लगता है कि मुझे पाप करते हुए किसी ने देखा तो नहीं, मेरा पाप कहीं प्रकट तो नहीं हो जायेगा लेकिन वह भूल जाता है कि भले ही किसी ने न देखा हो पर स्वयं और स्वयंभू तो प्रतिपल देख ही रहा है। ऐसा कहा भी जाता है कि पाप और पारा कभी भी किसी को नहीं पचता है। यदि पुण्य उदय में आते दिखता है तो पाप भी उदय में आते हुए अवश्य दिखाई देता है। इसलिए पुण्य के उदय में इतराना नहीं चाहिये और पाप के उदय में घबराना भी नहीं चाहिये।

श्री आदिनाथ दि. जैन मंदिर ऋषिनगर में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री सुप्रभसागरजी ने ये उद्गार व्यक्त किये। मीडिया प्रभारी प्रदीप झांझरी ने बताया कि धर्मसभा के पूर्व आचार्यश्री विशुध्दसागरजी महाराज की पूजन संपन्न हुई। धर्मसभा का मंगलाचरण ममता पाटोदी, भीलवाड़ा ने किया। आचार्यश्री के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन भीलवाड़ा राज., वाशिम, अमरावती महा. विदिशा, अशोक नगर, सतना, टीकमगढ़ से आये अतिथियों ने किया।

# अतिरिक्त पेट्रोल पम्प, सीएनजी स्टेशन और सोलर प्लांट प्रस्तावित करें

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** निगम की ओर से संचालित पेट्रोल पम्प की सफलता के पश्चात् एक और पेट्रोल पम्प, सीएनजी स्टेशन तथा सोलर प्लांट स्थापित किये जाने की कार्यवाही की जाए। इस हेतु तत्काल प्रस्ताव दें।

यह निर्देश महापौर श्री मुकेश टटवाल ने दिये हैं। विद्युत एवं यांत्रिकीय विभाग की बैठक में महापौर ने प्रकाश विभाग, वर्कशाप और फायर ब्रिगेड के कार्यों की समीक्षा करते हुए विभागों द्वारा प्रचलित कार्यो की विस्तार से जानकारी प्राप्त की।



महापौर श्री मुकेश टटवाल ने निर्देशित किया कि निगम की ओर से जो पेट्रोल पम्प संचालित किया जा रहा है उसके संचालन, संधारण को क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप और बेहतर किया जाए। इसी के साथ ही किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर एक और पेट्रोल पम्प स्थापित किये जाने की कार्यवाही की जाए।

महापौर ने उज्जैन शहर की आवश्यकता के दृष्टिगत एक सीएनजी स्टेशन स्थापित करने की कार्यवाही हेतु भी निर्देशित किया। इसी के साथ ही निर्देशित किया कि विद्युत व्यय की बचत तथा व्यवसायिक दृष्टिकोण से निगम किसी उपयुक्त स्थल पर सोलर प्लांट स्थापित किए जाने की कार्यवाही करे। यह समस्त प्रस्ताव तत्काल सक्षम स्वीकृति हेतु प्रेषित किये जाएं।

विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान महापौर ने बन्द लाईटों पर चिन्ता व्यक्त की। आपने इसके कारणों पर समीक्षात्मक चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि जो लाईटें सामग्री की अनुपलब्धता के कारण बन्द हैं उनके लिये अपेक्षित सामग्री तत्काल क्रय की जाए और 15 से 30 दिवस की अवधि में समस्त बन्द लाईटों में नवीन सामग्री लगाई जाकर लाईटें चालू कराई जाएं।

महापौर श्री मुकेश टटवाल ने वर्कशाप विभाग की समीक्षा के दौरान निगम के अपने वाहनों और किराए पर संचालित वाहनों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की। महापौर ने निर्देशित किया कि दो नवीन हाईड्रोलिक वाहन, कचरा कलेक्शन हेतु अपेक्षित नवीन वाहन तथा निगम अधिकारियों के लिये नवीन वाहन क्रय किए जाना प्रस्तावित करें, ताकि निगम को भारी वाहन किराए के खर्च से मुक्ति मिल सके तथा निगम के कार्यो में बेहतरी आ सके।

महापौर श्री मुकेश टटवाल ने गायों की रोटी कलेक्शन हेतु तथा निर्माल्य सामग्री कलेक्शन हेतु दो पृथक-पृथक वाहन अपेक्षित संसाधनों के साथ तैयार कर शहर में संचालित किये जाने के निर्देश दिये। आपने कहा कि इन वाहनों में गाने के बजाय पीतल की बड़ी घंटी लगवाई जाए जिससे कि आम नागरिकों को वाहनों के आगमन की जानकारी मिल सके।

वर्कशाप विभग में जो कर्मचारी पदस्थ हैं उनसे क्या-क्या कार्य लिये जा रहे है ? उनकी आवश्यकता तथा उपयोगीता उल्लेखित करते हुए एक सूचि मुझे उपलब्ध कराएं। वाहनों के संधारण और डीजल इत्यादि प्रदाय कार्य में मितव्ययिता से काम लें। जहां जितना आवश्यक हो उतना ही व्यय किया जाना चाहिए। वाहनों के अनावश्यक संचालन को सीमित किया जाना चाहिए।

महापौर श्री मुकेश टटवाल ने फायर एनओसी पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि सम्पूर्ण शहर में स्थित भवनों, होटलों एवं अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कराया जा कर यह देखा जाए कि किन भवनों, प्रतिष्ठानों में फायर उपकरण अपेक्षित हैं ? सम्बंधित द्वारा एनओसी प्राप्त की है या नहीं ? इन सम्पूर्ण बिन्दुओं पर निरीक्षण करते हुए जनसुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएं।

विभाग प्रभरी श्रीमती दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी से आपने कहा कि जो निर्देश बैठक में मेरे द्वारा दिये गए है आप उस अनुसार पालन सुनिश्चित कराएं।

बैठक में विद्युत यांत्रिकी विभाग प्रभारी श्रीमती दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, अपर आयुक्त श्री आदित्य नागर, उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त श्री तेजकरण गुनावदिया, कार्यपालन यंत्री श्री पी.सी. यादव, जनसंपर्क अधिकारी श्री रईस निज़ामी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ढाबला फंटे पर धरना आंदोलन किया गया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले की घट्टिया तहसील के गांव बोरखेड़ा में पी एच ई द्वारा नल जल योजना को लेकर पिछले 6 महीनों से पूरे गांव की गलियों को जेसीबी से खोदकर खुला छोड़ दिया गया है जिससे पूरे गांव की गलियों में गड्ढे हो गए है इस कारण घर से निकलना दुर्लभ हो गया है इस समस्या को लेकर धरना दिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय आंजना विनायगा ने बताया की क्षेत्रीय विधायक रामलाल मालवीय के नेतृत्व में व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पान बिहार द्वारा ढाबला फंटे पर सेकड़ो जनो द्वारा धरना देकर खूब नारे लगाए गए करीब 3 घंटे तक उन्हेल नागदा रोड़ बंद रहा मुख्य पीएचई अधिकारी मोके पर पहुच चुकी थी किन्तु मोके पर इस समस्या से कब निजात मिले इसे बताने में आना कानी होने की वजह से काफी देर तक लोगो ने जाम बनाये रखा उसके बाद अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों से फोन पर बात की ओर पुष्टि की उसके पश्चात ही विधायक मालवीय संतुष्ट हुवे फिर उसके बाद धरना समाप्त किया गया इस अवसर पर मप्र कांग्रेस के सचिव केसरसिह पटेल शंकर पटेल उन्हेल,गुड्डू कुरेशी,पर्वतसिंह पटेल बड़वई अशोक जाट,विजय परमार,अशोकसिंह विनायगा,शेरू खान, प्रेमसिंह धनढा भल्ला,रामेश्वर सरपंच खोरिया,ईश्वरसिंह सरपंच झिरनिया,सजनसिंह सरपंच धूलमहू,विकास सरपंच गुढा,राहुल बोरखेड़ा,नंदू मालवीय,श्याम बैरागी जनपद सदस्य,जन प्रतिनिधि व आस पास के ग्रामीण जन शामिल थे।

# कोर्ट न कचहरी उत्तर न दक्षिण बस एक ही एक्शन मिले हर घर में बिजली कनेक्शन

पार्श्वनाथ सिटी रहवासी सोसाइटी के आंदोलन में कि राजनेताओं की एंट्री

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पार्श्वनाथ सिटी रेहवास सोसायटी के रहवासी घरेलू बिजली कनेक्शन की मांग को लेकर विगत 9 दिनों से आंदोलनरत हैं ।शुरुआती दौर में सोसाइटी के लोगों ने अपने आंदोलन को गैर राजनीतिक बताया एवं स्थानीय नेताओं से व मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि उनको राज्य विद्युत नियामक आयोग के नियम के अनुसार ?6750 प्रति किलो वाट की दर से राशि ले कर विद्युत कनेक्शन दिया जाए. लगभग 300 परिवार एक झटके में एक से डेढ़ करोड़ का जमा कराने को तैयार है । रहवासियों का नारा है % कोर्ट न कचहरी उत्तरण आरक्षण बस एक ही एक्शन मिले हर घर में बिजली कनेक्शन । , लेकिन एमपीईबी के अड़ियल रुख के कारण इसका निर्णय नहीं हो पा रहा है.



विगत 9 दिनों से सोसाइटी के स्त्री, पुरुष व बच्चे मंच बनाकर क्रमिक भूख हड़ताल कर रहे हैं और मामा शिवराज से व स्थानीय मंत्री डॉ मोहन यादव से अपील कर रहे हैं कि वह राखी के अवसर पर उनसे राखी बंधवाकर बिजली का घरेलू कनेक्शन गिफ्ट में दे । विगत 2 दिन पूर्व स्थानीय मंत्री व महापौर ने धरना स्थल पर जाकर रहवासियो से चर्चा की और कहां की का हल निकालने के लिए मीटिंग बुलाई जाएगी । लेकिन कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया ।इसी बीच आज 3 अगस्त को विपक्षी पार्टी के पूर्व मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा व स्थानीय कई नेताओं ने धरना स्थल पर जाकर रहवासियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि जैसे ही उनकी सरकार आती है 15 दिनों में वे यहां की विद्युत समस्या का हल कर देंगे. जानकारी मिली है कि मंत्री डॉ मोहन यादव भी 4 अगस्त को सुबह 10፡30 बजे स्थानीय रहवासियों , कलेक्टर , विद्युत मंडल और नगर निगम के कमिश्नर साथ इस समस्या का हल निकालने की कोशिश करने के लिए बैठक आयोजित कर रहे हैं. रहवासियों का एक सूत्री कार्यक्रम है वे हर हाल में इस बार घरेलू बिजली कनेक्शन के बिना उठने वाले नही हैं . उनका कहना है कई बार आश्वासन मिले , कई कार्यालयों के चक्कर लगाए किंतु कोई हल नहीं हुआ । कोर्ट कचहरी आदि में भी कुछ फायदा नहीं हुआ ।

पार्श्वनाथ सिटी के रहवासियों

# जगन्नाथपूरी, हरिद्वार, अमृतसर, द्वारकापुरी यात्रा हेतु कर सकते है आवेदन

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अन्तर्गत उज्जैन जिले से माह अगस्त एवं सितम्बर 2023 में प्रस्तावित जगन्नाथपूरी, हरिद्वार, अमृतसर, द्वारकापुरी यात्रा हेतु इच्छुक एवं पात्र नागरिक आवेदन कर सकते है।

महापौर श्री मुकेश टटवाल एवं शहरी गरीबी उपशमन विभाग प्रभारी श्री जितेन्द्र कुवाल ने नागरिकों से अपील की है कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा अन्तर्गत जगन्नाथपूरी, हरिद्वार, अमृतसर, द्वारकापुरी धार्मिक यात्रा के लिए पात्र नागरिक आवेदन करे एवं योजना का लाभ प्राप्त करे।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा अन्तर्गत इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक दम्पत्ति के साथ यात्रा कर सकते है तथा 65 वर्ष से अधिक उम्र के आवेदक दंपत्ति अपने साथ 01 सहायक ले जाने की पात्रता रखते है। 60 प्रतिशत दिव्यांग के लिये उम्र का कोई बंधन नही है। दिव्यांग आवेदक अपने साथ एक सहायक ले जा सकता है। सहायक शारीरिक रूप से सक्षम हों। आवेदक आयकरदाता नही होना चाहिए। आवेदक संबंधित निकाय क्षेत्र का मूल निवासी हो।

जगन्नाथपूरी तीर्थ यात्रा दिनांक 16 अगस्त 2023 को प्रस्थान कर दिनांक 21 अगस्त 2023 को वापसी रहेगी। आवेदन करने की अंतिम दिनांक 04 अगस्त 2023 दोपहर 03.00 बजे तक। हरिद्वार तीर्थ यात्रा दिनांक 24 अगस्त 2023 को प्रस्थान कर दिनांक 27 अगस्त 2023 को वापसी रहेगी। आवेदन करने की अंतिम दिनांक 12 अगस्त 2023 दोपहर 03.00 बजे तक।अमृतसर तीर्थ यात्रा दिनांक 31 अगस्त 2023 को प्रस्थान कर दिनांक 03 सितम्बर 2023 को वापसी रहेगी। आवेदन करने की अंतिम दिनांक 19 अगस्त 2023 दोपहर 03.00 बजे तक। द्वारकापुरी तीर्थ यात्रा दिनांक 14 सितम्बर 2023 को प्रस्थान कर दिनांक 19 सितम्बर 2023 को वापसी रहेगी। आवेदन करने की अंतिम दिनांक 02 सितम्बर 2023 दोपहर 03.00 बजे तक।इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर दो प्रतियों में नगर पालिक निगम उज्जैन के कार्यालय नगर शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ के कक्ष क्रमांक 214 में जमा करा सकते है। प्राप्त आवेदन का लाटरी से चयन किया जाएगा।

आवेदन के साथ आधार कार्ड, समग्र परिवार आई.डी., पासपोर्ट साइज फोटो, स्वास्थ्य का प्रमाण, आवेदक के सभी दस्तावेज समग्र आईडी में ई-केवायसी सहित आवेदन के साथ संलग्न होना चाहिए।

# डीजल खर्च बहुत अधिक है, कम करें: आयुक्त रौशन कुमार सिंह




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वर्कशाप विभाग के कुल व्यय का 88 प्रतिशत डीजल पर खर्च होना आश्चर्यजनक होकर चिंता का विषय है। इस बढ़ते हुए खर्च को कैसे कम किया जाए ? परीक्षण कर प्रस्तावित करें।

यह निर्देश आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने दिये हैं। वर्कशाप विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान निगम आयुक्त ने वर्कशाप के खर्चो का ब्यौरा तलब किया। जो जानकारी प्रस्तुत की गई उस अनुसार वर्कशाप का अब तक का कुल व्यय 8,24,97,695/- बताया गया जिसमें डीजल खर्च 7,27,25,104/- उल्लेखित है। निगम आयुक्त ने कहा कि डीजल खर्च बहुत अधिक हो रहा है इसे नियंत्रित करते हुए कम करें। इस हेतु क्या उपाय किये जा सकते हैं प्रस्तावित करें।

निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि निगम के पास जो पुराने वाहन हैं उनमें से जो दुरूस्त हो कर उपयोग में लाए जा सकते हैं उन्हें दुरूस्त कराएं तथा शेष अनुपयोगी वाहनों को नीलाम किये जाने की कार्यवाही की जाए।

वर्कशाप से सम्बंधित विभिन्न कार्यो की निविदा सम्बंधी कार्यवाही का ब्यौरा सामने आने पर पाया गया कि अनेक प्रकरण अनावश्यक रूप से लम्बित पड़े हैं। निर्देशित किया गया कि निविदा प्रकरणों में कार्यवाही अविलम्ब पूर्ण कराई जाए ताकि अपेक्षित आावश्यक सामग्री क्रय की जा सके।

# इंदौर की धरती पर गरजे अमित शाह, भाजपा के संभागीय सम्मेलन में बूथ कार्यकर्ताओं को जीत का सटीक मंत्र

**इंदौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को इंदौर में आयोजित भाजपा के संभागीय सम्मेलन में बूथ कार्यकर्ताओं को जीत का सटीक मंत्र देते हुए मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव अभियान का आगाज किया। शाह की निगरानी में इंदौर की तर्ज पर प्रदेश के सभी संभागों में बूथ सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर शाह ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

इस दौरान भाजपा के प्रमुख चुनावी रणनीतिकार शाह ने जहाँ कमलनाथ को 'करप्शन नाथ' की उपाधि दी, वहीं दिग्विजय सिंह को 'मिस्टर बंटाधार' की उपाधि देकर विपक्ष पर तंज़ कसते हुए कहा कि, 'कांग्रेस के शासन में ट्रांसफर इंडस्ट्री के अलावा मध्य प्रदेश में कोई भी नया उद्योग नहीं लगा। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार मध्य प्रदेश को देश का नंबर वन राज्य बनाने की ओर अग्रसर है।'

मध्य प्रदेश की जनता ने भी यह देखा है कि सरकार में आते ही कांग्रेस ने भाजपा सरकार के समय की 51 योजनाओं को बंद कर दिया। कमलनाथ की सरकार ने योजनाओं के पैसे से टेंडर देकर सिर्फ कमीशन खाने का काम किया। मध्य प्रदेश में डेढ़ साल सत्ता में रहने पर कांग्रेस ने मोदी सरकार की योजनाओं को ठप्प ही किया। किसान सम्मान निधि योजना को लागू नहीं होने दिया। मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के मार्गदर्शन में शिवराज सरकार ने संबल योजना बनाई थी, लेकिन कमलनाथ सरकार ने उसे भी बंद कर दिया। बच्चों से लैपटॉप छीन लिए। तीर्थ दर्शन योजना बंद कर दी। कांग्रेस के समय दलालों और घूसखोरों का सरकार में बोलबाला था। जनता जानती है कि अगर कांग्रेस आ गई तो न लाडली




रहेगी न बहना। कांग्रेस ने सिर्फ वादाखिलाफी की। किसानों का कर्ज माफ नहीं किया, युवाओं को बेरोजगार भत्ता नहीं दिया, जबकि मोदी-शाह की जोड़ी ने अपना किया हर वादा निभाया है।

मध्य प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। कुछ ही महीने बाद मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। चुनाव से पहले हर वर्ग तक पहुँचने और सियासी घमासान में जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा के दिग्गज नेता अमित शाह मैदान में उतर चुके हैं। हर चुनाव में शाह की तैयारियाँ, उनकी मेहनत और उनकी कर्मठता का अलग ही स्तर देखने को मिलता है। शाह, ना केवल खुद बल्कि बैठकों के जरिए पार्टी कार्यकर्ताओं को भी प्रेरित करते हैं और चुनावी जीत के लिए दिन-रात काम करते हैं। चुनाव में विपक्षी को हराने का सटीक मंत्र यदि किसी नेता के पास है तो वह है अमित शाह। अमित शाह अपने आप में राजनीति की एक ऐसे स्कूल हैं, जिनसे ना केवल पार्टी बल्कि दूसरे दलों के नेता भी बहुत कुछ सीखते हैं।

आजादी के बाद से धारा 370 और राम मंदिर जैसे मुद्दों पर कांग्रेस का रवैया नकारात्मक रहा। लेकिन मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के मार्गदर्शन में धारा 370 को भी रद्द कर दिया गया और राम मंदिर मसले का समाधान भी हो गया। पिछले 9 सालों में मोदी-शाह की जोड़ी ने विश्व भर में देश का झंडा बुलंद किया है। आज देश समृद्ध और ताकतवर देशों की गिनती में आ रहा है। देश की आम जनता बदलाव की इस धारा को देख रही है।

शाह की नीतियों, उनकी मेहनत, उनका हौसला और कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर लगता है कि 2023 में मध्य प्रदेश और 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की जीत सहित मोदी जी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है।

# नेपाली बाबा पहुंचे उज्जैन,महाकाल दर्शन किए

## खाकी अखाड़े में अनुयायियों से मिले, आशीर्वचन दिए

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरुवार को सुबह जगत कल्याण की कामना को लेकर नेपाली बाबा ने महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर महाकालेश्वर का विशेष पूजन-अर्चन और अभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने महाकालेश्वर से सभी के निरोगी और संपन्न रहने की कामना की। इसके बाद वे खाकी अखाड़ा पहुंचे तथा वहां प्रवचन दिए।

जगत कल्याण की कामना को लेकर आत्मानंद नेपाली बाबा गुरुवार को महाकालेश्वर के दरबार में पहुंचे। यहां उन्होंने गर्भगृह में पहुंचकर महादेव का पूजा कर अभिषेक किया। नेपाली बाबा ने महाकालेश्वर से सभी के निरोगी रहने की कामना की। सभी लोग धर्म से जुड़े रहे। भारत विजेता रहे और सभी संपन्नता को प्राप्त करें, ऐसी उन्होंने कामना की।

नेपाली बाबा विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले कोटि तीर्थ स्थित श्री कोटेश्वर महादेव का पूजन अर्चन किया और इसके बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर भगवान महाकालेश्वर का रुद्राभिषेक कर धर्मलाभ अर्जित किया। गर्भगृह में पूजन-अर्चन करने के बाद नेपाली बाबा कुछ देर नंदी हॉल में भी महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। हॉल में बैठकर बाबा ने ओम नमः शिवाय का जाप किया। नेपाली बाबा के साथ इस दौरान नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रवि राय भी मौजूद थे।



### भगवान शिव से जो मांगो, मिल जाता है....

मंदिर में पूजन-अर्चन करने के बाद नेपाली बाबा ने मीडिया से कहा कि एक तो श्रावण मास और ऊपर से अधिक मास इस संयोग में यदि भगवान शिव से सच्चे मन से जो भी मांगा जाता है, महादेव उसे जरूर करते हैं। इसीलिए आज मैं बाबा महाकाल के दरबार में जगत कल्याण की भावना लेकर आया हूं। जहां मैंने भगवान का पूजन-अर्चन किया है। नेपाली बाबा ने कहा कि महाकाल के दर्शन करने के पहले में बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने भी जा चुका हूं। मेरी यही कामना है, कि भारत विजेता रहे के साथ संपन्न हो और भारत का प्रशासक हमेशा विजेता रहे।

### खाकी अखाड़े पहुंचे, प्रवचन दिए...

श्री महाकालेश्वर मंदिर में पूजन-अर्चन करने के बाद नेपाली बाबा अंकपात मार्ग स्थित खाकी अखाड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने अपने अनुयायियों को आशीर्वचन देने के साथ ही आशीर्वाद प्रदान किया। वर्ष भर में एक बार नेपाली बाबा उज्जैन जरूर आते हैं, जहां वे अपने भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। सिंहस्थ के दौरान भी नेपाली बाबा के पंडाल में हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं का तांता लगता था।

## पहले दिन 2 सागर, 6 मंदिर, दूसरे दिन 27 मंदिरों के दर्शन कराए

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्व जगदीश यादव सेवा संस्थान के सेवादार विवेक यादव द्वारा उज्जैन उत्तर विधानसभा की माता बहनों को निशुल्क दर्शन कराने के लिए 84 महादेव दर्शन यात्रा निकाली जा रही है। इस 5 दिवसीय दर्शन यात्रा के दूसरे दिन पंजीयन से डबल लगभग 5000 माता बहनें यात्रा में शामिल हो गई। दूसरे दिन की यात्रा शिप्रा नदी रामघाट से प्रारंभ हुई। मोक्षदायिनी माँ शिप्रा का पूजन अर्चन महामंडलेश्वर स्वामी शेलेशनन्द गिरी महाराज, पार्षद अर्पित दुबे, छोटेलाल मंडलोई, परमानंद मालवीय, संचित शर्मा, गौरव उपाध्याय के आतिथ्य में किया गया। यात्रा समापन राठौर समाज धर्मशाला कार्तिक चोक पर हुआ। पहले दिन 2 सागर व 6 मन्दिर के दर्शन किये गए थे व दूसरे दिन 27 मन्दिरो के दर्शन हुए। संतश्री रामेश्वर दास महाराज, कथावाचक पंडित अखिलेशजी, पूर्व सांसद सत्यनारायण पंवार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रवि भदोरिया, मुकेश भाटी, हेमन्त सिंह चौहान, वंदना मिमरोट, खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष दर्शन ठाकुर ने धर्म ध्वजा विजय उद्घोष के साथ आयोजक विवेक यादव को देकर यात्रा का प्रारम्भ करवाया।

## सार समाचार

### मंडी परिसर में आयोजित हुआ स्वर्ण जयंती महोत्सव

#### अतिथियों के हाथों सम्मानित हुए मंडी कर्मचारी



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरुवार की दोपहर कृषि उपज मंडी प्रांगण में कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय द्वारा स्वर्ण जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें जनप्रतिनिधि और मंडी समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कृषि उपज मंडी समिति से जुड़े अधिकारियों कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया।आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक पारस जैन ने की। इस दौरान जिले की सभी विधानसभाओं के विधायकों को भी आमंत्रित किया गया था। इसके अलावा जिला पंचायत सदस्य और अध्यक्ष समेत मंडी के पूर्व पदाधिकारियों को भी बुलाया गया था। कार्यक्रम में भाजपा नेता अनिल जैन कालूहेड़ा, बहादुरसिंह बोर मुंडला भी मौजूद थे। इस अवसर पर अतिथियों के हाथों मंडी समिति के अधिकारी कर्मचारियों में विष्णु मालवीय का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें अतिथियों ने सम्मान पत्र भी दिया। इसके अलावा अन्य कई लोगों को मंच से सम्मानित किया गया। मंडी बोर्ड के उपसंचालक प्रवीण वर्मा और मंडी समिति के सचिव उमेश शर्मा बसेड़िया भी इस अवसर पर मौजूद रहे। कृषि उपज मंडी के स्वर्ण जयंती महोत्सव के अवसर पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन भी दिया।

### अवैध कनेक्शन वैध करने की मुहिम आरंभ

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा पीएचई विभाग की समीक्षा बैठक में अवैध नल कनेक्शनों को वैध किये जाने की मुहिम आरंभ करने के निर्देशित दिए गए थे इसी क्रम में पीएचई अमले द्वारा अभियान चलाया जाकर अवैध नल कनेक्शन को वैध किया जा रहा है। पीएचई अमले द्वारा वार्ड क्रमांक 01 ग्राम कोलू खेड़ी में अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने का अभियान चलाते हुए बुधवार को 22 एवं गुरूवार को 24 अवैध कनेक्शनों को वैध करने की कार्यवाही करते हुए अवैध कनेक्शन धारी से न्यूनतम राशि एक मुस्त या किस्तों में जमा कर कनेक्शन को वैध किये जाने के लिए डायरी बनाकर दी गई। महापौर द्वारा निर्देशित किया गया है कि अवैध नल कनेक्शन वैध किये जाने हेतु वार्डवार विशेष अभियान चलाया जाकर अवैध नल कनेक्श तलाश किये जाएं और स्थल पर निर्धारित शुल्क वसूल कर कनेक्शन वैध किये जाएं, किन्तु जो एक मुश्त शुल्क ना दे सकें उनकी डायरी तैयार की जाए, उस पर अवैध कनेक्शन की सील लगाई जा कर उपभोक्ता को दी जाए और उन्हें किश्तों में राशि जमा करने हेतु अवसर दिया जाए। जब अवैध कनेक्शनधारी सम्पूर्ण राशि जमा करा दें तब उनका कनेक्शन वैध कर दिया जाए।

### अनुज्ञा के विपरित निर्माण को हटाया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम अमले द्वारा गुरूवार को नक्षत्र होटल के सामने कतिपय व्यक्ति द्वारा अपने भवन निर्माण के दौरान भवन अनुज्ञा के विपरित दुकानों का निर्माण किया गया था जिसे हटाने की कार्यवाही भवन निरीक्षक सुश्री सौम्या चतुर्वेदी द्वारा गैंग के माध्यम से की गई ।

### आयुक्त और लोक निर्माण प्रभारी ने किया दशहरा मैदान का निरीक्षण

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह और लोक निर्माण प्रभारी श्री शिवेन्द्र तिवारी ने दशहरा मैदान स्टेडियम के चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सम्बंधित ठेकेदार और अधिकरियों से चर्चा कर प्रचलित कार्य को 10 अगस्त से पूर्व पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री श्री आर.आर. जारौलिया सहित उपयंत्री आदि उपस्थित रहे।

# निर्यात संवर्धन हेतु बैठक आयोजित



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में आज निर्यात संवर्धन हेतु डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट प्लान हेतु बैठक आयोजित की गई। एक जिला एक उत्पाद के तहत उज्जैन जिले में भैरवगढ़ प्रिंट की बटिक प्रिंट को लिया गया है। बटिक प्रिंट के निर्यात से सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाही हेतु प्लान तैयार करके मप्र इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन एवं राज्य स्थित डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड को भेजने का अनुमोदन किया गया है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अजयदेव शर्मा, महाप्रबंधक उद्योग श्री अतुल वाजपेयी, एलडीएम श्री संदीप अग्रवाल सहित विभिन्न सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्य स्थित डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड कार्यालय के उप महानिदेशक श्री सुविध शाह ने मध्य प्रदेश में एक्सपोर्ट के स्कोप के बारे में जानकारी प्रस्तुत की तथा बताया कि उज्जैन जिले से बटिक प्रिंट के एक्सपोर्ट के लिये प्रयास किये जायेंगे। इसी तरह मध्य प्रदेश में ड्यूरम गेहूं एवं सोयाबीन प्रोडक्ट को लिया जायेगा। एक्सपोर्ट के लिये फॉरेन ट्रेड कार्यालय की ओर से प्रशासनिक हायता, ब्राण्डिंग, क्रेडिट सपोर्ट व कॉमन फेसिलिटी विकसित करने का कार्य किया जायेगा।

# सिंहस्थ क्षेत्र की भूमि से निगम ने हटाए अवैध निर्माण

## कोर्ट का स्टे हटने के बाद दोपहर में शुरू हुई कार्रवाई, दो निर्माण तोड़े

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। बड़नगर रोड़ स्थित सिंहस्थ मेला क्षेत्र में दांडी आश्रम के पास बने अवैध कारखानों और अवैध निर्माणों पर नगर निगम ने बुलडोजर चला दिया। कोर्ट से स्टे खारिज होने के बाद नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की यह कार्यवाही की गई।**



उल्लेखनीय है कि सिंहस्थ 2016 के बाद से मेला क्षेत्र में लगातार अवैध निर्माण और अतिक्रमण होने लगे थे। इसी के तहत बड़नगर रोड स्थित दांडी आश्रम के समीप सिंहस्थ मेला क्षेत्र की जमीन पर हो चुके अवैध कारखाने और अन्य पक्के निर्माण कार्यों को हटाने की कार्रवाई का लंबे समय से नगर निगम के अधिकारियों को इंतजार था। क्योंकि पूर्व में अतिक्रमणकारियों को नगर निगम ने जब अवैध निर्माण हटाने के नोटिस दिए थे तब वह कोर्ट चले गए थे और वहां से स्टे ले आए थे। गुरुवार को कोर्ट ने जैसे ही स्टे खारिज किया तो नगर निगम निगम की टीम ने यहां हो चुके लगभग एक दर्जन अवैध कारखानों और अन्य निर्माणों पर जेसीबी चला दी।

### बड़े गोदाम और कारखाने बना लिए थे सिंहस्थ भूमि पर...

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि बड़नगर रोड़ स्थित दांडी आश्रम के पास 10 से 12 की संख्या में बड़े गोदाम एवं कारखाने सिंहस्थ क्षेत्र की भूमि पर संचालित किए जा रहे थे। उक्त अवैध निर्माणों को पूर्व में भी हटाने के निर्देश देते हुए कुछ दिन की मोहलत दी गई थी। समय अवधि पूर्ण होने के पश्चात नगर निगम द्वारा पूर्व में अवैध कारखाने और निर्माण कार्यों को हटाने की कार्यवाही प्रारंभ की गई थी, जिसमें से कुछ अवैध कारखाने एवं गोदाम को निर्माण करने वाले अतिक्रमणकर्ताओं के द्वारा न्यायालय में स्टे के लिए अपील की गई थी। इसके मामले में न्यायालय द्वारा उक्त अपील को खारिज करते हुए स्टे को भी शून्य कर दिया था।

### शेष दो अतिक्रमण भी हो गए धराशाई...

अधिकारियों के अनुसार गुरुवार को निगम द्वारा जेसीबी के माध्यम से शेष बचे दो अवैध कारखाने जिसमें अजीज भाई, रशीदा बी एवं रईस खान द्वारा अवैध अतिक्रमण कर के पक्के बना लिए गए थे। इन दोनों को हटाने की कार्रवाई की गई।

# सीएमएचओ डॉ.पिप्पल ने तराना में राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा हेतु विकासखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन गत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तराना में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दीपक पिप्पल की अध्यक्षता में किया गया।

समीक्षा बैठक में डॉ.पिप्पल द्वारा विभाग में संचालित समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत ए.एन.सी. पंजीयन एवं उनकी ए.एन.सी. जांच शत-प्रतिशत की जाये, हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर उनका पूर्ण प्रबंधन करें, सेक्टर मेडिकल ऑफिसर सतत् अपने क्षेत्र में भ्रमण कर निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु कर्मचारियां की मॉनीटरिंग करें। समस्त सुपरवाईजर व पुरूष सी.एच.ओ. को परिवार कल्याण कार्यक्रम अन्तर्गत पुरूष नसबंदी करवाने हेतु भी निर्देश दिये गये। आर.बी.एस.के. मोबाईल हेल्थ टीम को भी क्षेत्र मे निर्धारित लक्ष्य अनुसार स्क्रीनिंग कर स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने हेतु निर्देश दिये गये। दस्तक अभियान के अन्तर्गत चिन्हित कुपोषित बच्चे व गंभीर एनीमिक बच्चों को रैफरल तथा उपचार प्रदान करवाये जाने व सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान के अन्तर्गत भी शत-प्रतिशत टीकाकरण हेतु निर्देश दिये गये। साथ ही विभाग के समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य अनुसार शत-प्रतिशत प्रगति पूर्ण करने हेतु भी निर्देश दिये गये।



बैठक में डॉ.एस.के.सिंह जिला स्वास्थ्य अधिकारी-1, डॉ.के.सी.परमार जिला स्वास्थ्य अधिकारी-2, डॉ.एस.के.अखण्ड जिला स्वास्थ्य अधिकारी-3, डॉ.रौनक एल्ची नोडल अधिकारी आरबीएसके, डॉ.प्रमोद अर्गल सी.बी.एम.ओ. तराना, डॉ.अभिषेक बिछोटिया डब्ल्यु.एच.ओ. एस.एम.ओ., सेक्टर मेडिकल ऑफिसर, डॉ.आदित्य माथुर ऐपिडिमियोलॉजिस्ट, सुश्री परविन्दर बग्गा एमएण्डई अधिकारी, श्री अनस कुरेशी जिला कम्युनिटी मोबिलाईजर, सुश्री साक्षी शर्मा एमएण्डई अधिकारी, श्री रामचरण भंवरासिया बी.ई.ई., बी.पी.एम., बी.सी.एम., सी.एच.ओ., सुपरवाईजर, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर सहित विकासखण्ड तराना के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री व मंत्रीजी से एक ही निवेदन जल्द मिले बिजली कनेक्शन

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पार्श्वनाथ सिटी के रहवासियों द्वारा सतत 9 दिनों से घरेलू बिजली कनेक्शन की मांग को लेकर कालोनी के मेन गेट देवास रोड पर क्रमिक भूख हडताल की जा रही है। 3 अगस्त को अनूप हरभजनका, के पालीवाल, जय दिवाकर, अभय निगम, राजेश अग्रवाल क्रमिक भूख हडताल पर बैठे। पार्श्वनाथ सिटी रहवासी सहकारी संस्था के संचालक अनूप हरभजनका ने बताया कि म.प्र शासन के 31 मई 2022 के गजट नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया गया है कि जहां भी विद्युत सप्लाई नहीं है वहां संबंधित से गजट में निर्धारित शुल्क लेकर नागरिक को विधुत् सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।


## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010 सम्पर्क- 0734 2511048, फेक्स- 0734 2511047

### / / जाहिर सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की जवाहर नगर आवासीय योजना में भवन/भूखण्ड क्रमांक- 1/8 जी श्रेणी एमआईजी।। श्रीमती लक्ष्मीदेवी जोशी पति श्री नन्दराम जोशी के नाम पर दर्ज है।

श्रीमती लक्ष्मीदेवी जोशी की मृत्यु दिनांक 02.05.2021 को हो जाने के कारण उक्त सम्पत्ति पर मृतक के वारिसान पुत्र श्री चन्द्रकांत जोशी पिता स्व. श्री नन्दराम जोशी निवासी- 7 टीआईटी, गीता कालोनी, उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपुर्ति लेख, शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण आदि प्रस्तुत कर उपरोक्त सम्पत्ति स्वयं के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अत: आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति रहन/मार्टगेज रखी गई हो या सौदा किया गया हो अथवा उक्त संपत्ति हेतु किसी व्यक्ति के नाम पर वसीयत सम्पादित की गई हो, या मृतक के वारीसों के नाम पर नामांतरण किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से (15 दिवस) में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आपत्ति की पावती प्राप्त करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा उक्तानुसार नामांतरण अनुमति दी जाकर शेष कार्यवाही की जावेगी। नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नही की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन**


# युवा उत्सव 2023 का हुआ आयोजन

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार 2 अगस्त को अमृत काल के पंच प्रण पर आधारित जिला युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन उज्जैन जिले में किया गया। जिसमें जिले से 5 विधाओं में युवाओं ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर अंतर सिंह देवड़ा एवं श्री राजपाल सिंह प्रधानमंत्री सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित रहे। श्री राजपाल सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए देश की विरासत पर गर्व करने हेतु सभी को प्रेरित किया साथ ही में पंच प्रण पर प्रकाश डाला।




श्री दिलीप सिंह परमार, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, केंद्रीय संचार ब्यूरो ने अमृत काल पर प्रकाश डाला। जिला युवा अधिकारी श्री अभिलाष म्हस्के ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रतिभागिता कर रहे प्रतिभागियों को समापन सत्र में प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। युवा उत्सव में सुशासन विभाग एवं खेल विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई जो की सरकार के नवाचार पर आधारित थी। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में श्री राजेंद्र चावड़ा, मनीषा व्यास, डॉ अंजना चौहान, अनिल देवलासे, नीलिमा नगदे, प्रतिभा शर्मा, मनोजजी आदि का सहयोग रहा। अतिथि के रूप में श्री मनु गौराहा, सुश्री युक्ति रिछारिया, सीएम फेलो, विनय श्रीवास्तव खेल विभाग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में श्री जितेन्द्र सैनी एवं राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक लखन आंजना, शिवजीत सिंह, मुकेश जाटव, अर्जुन सोलंकी, तेजकरण डाबी, संजय राज, तृप्ति कुमरावत, शुभम परमार, शुभम जायसवाल, अर्जुन डोडिया आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार लोकेंद्र तंवर द्वारा किया गया।

## जप्तशुदा वाहनों की नीलामी के पूर्व वाहन मालिकों से वाहन सुपुर्दगी हेतु दस्तावेज 4 अगस्त तक मांगे गये

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एसडीएम कोठी महल द्वारा जानकारी दी गई कि थाना माधव नगर के अन्तर्गत धारा-25 पुलिस एक्ट में जप्तशुदा दोपहिया वाहनों में 11 जप्तशुदा वाहन मालिकों के सम्बन्ध में आरटीओ कार्यालय, आरटीओ की वेब साइट, वीडीपी पोर्टल एवं पीओएस मशीन से जानकारी प्राप्त कर वाहन स्वामियों/बीमा कंपनियों को सूचित किया गया है, किन्तु किसी के भी द्वारा 11 जप्तशुदा वाहनों की सुपुर्दगी के सम्बन्ध में कोई आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। जप्तशुदा वाहन थाना परिसर में काफी समय से खड़े होकर अनुपयोगी एवं कंडम हो रहे हैं। अत~ इन वाहनों की नीलामी की कार्यवाही की जाना है। इन 11 वाहनों के वाहन मालिक/स्वामी अपने वाहन के हक/हकूक तथा वाहन सुपुर्दगी हेतु न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी कोठी महल कार्यालय में मय दस्तावेज के निर्धारित पेशी 4 अगस्त 2023 तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात किसी भी प्रकार के आवेदन मान्य नहीं होंगे तथा अज्ञात वाहनों की नीलामी की कार्यवाही की जायेगी।

# सीआरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर के साथ ही अब नीमच पायलट प्रशिक्षण केंद्र बना

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन संभाग का नीमच जिला सीआरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर के रूप में पूरे देश में पहचान रखता है, इसके साथ ही अब नीमच हवाई जहाज उडाने के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में पहचान बनाने में लगा हुआ है। हिंगोरिया स्थित नवीन हवाई पट्टी के विस्तार के साथ ही यहां चाइम्स एवियशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नए पायलटों की ट्रेनिंग का सेंटर स्थापित किया गया है। नीमच में नए पायलेटो की ट्रेनिंग की शुरूआत हो चुकी है।

नीमच का नाम सीआरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर के साथ आने वाले समय में विदेशों में भी जाना पहचाना जाएगा। नीमच सहित प्रदेश एवं देश से आए युवा जो पायलट बनने का ख्वाब संजोए थे उनका सपनानीमच की लाल माटी पर साकार करने में लग गए हैं। हिंगोरिया स्थित नवीन हवाई पट्टी के विस्तार के साथ ही यहां चाइम्स एवियशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नएपायलटों की ट्रेनिंग का सेंटर स्थापित किया गया है। बहुप्रतीक्षित पायलट ट्रेनिंग सेंटर का अनौपचारिक रूप से शुभारंभ पिछले दिनों संपन्न हुआ । इसके साथ ही चाइम्स एवियशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने ग्राम हिंगोरिया स्थित हवाई पट्टी पर कमर्शियल पायलट लाइसेंस और प्राइवेट पायलट लाइसेंस ट्रेनिंग कोर्स शुरू कर चुकी है। इसके शुरू होने से प्राइवेट और कमर्शियल पायलट नीमच की लाल धरा पर तैयार हो सकेंगे। इस ट्रेनिंग सेंटर में नीमच सहित प्रदेश और देश विदेश के युवा हवाई जहाज उड़ाना सीख सकेंगे उनका हवा में उड़ने का सपना पूरा होगा, जो नीमच के लिए एक बहुत बड़ा उपहार साबित होगा। प्रदेश एवं जिले के ऐसे युवा जो हवाई जहाज उड़ाने का सपना देखते थे,लेकिन आर्थिक तंगी और अन्य हालातों की वजह से उनका सपना अधूरा रह जाता था। ऐसे युवाओं को अपने सपने साकार करने को बल मिलेगा। इसके तहत यहां 10 से अधिक हवाई जहाज सतत उड़ान भर रहे हैं। जिनकी संख्या आगामी समय में बढ़ाई जाएगी। इस कड़ी में अभी 100 से अधिक युवक युवतियां यहां स्थित हॉस्टल में रह अपनी पायलट ट्रेनिंग शुरू कर चुके हैं।विधायक दिलीपसिंह परिहार ने इसे नीमच जिले की एक बड़ी सौगात निरूपित करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भारत सरकार के विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मेरे आग्रह को दोनों नेताओं ने स्वीकार कर नीमच को यह महत्वपूर्ण एवं महती सौगात दी है। यहां पायलट ट्रेनिंग सेंटर नीमच एवं क्षेत्र के युवाओं के लिए आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।






मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )